जिद/जिय वि [जित] जीता हुआ,पराभूत करने वाला,जीतने वाला। -**इंदिय** वि [इन्द्रिय] इन्द्रियों को जीतने वाला। (स.३१) तं खुल जिदिंदियं। (स.३१) -**कसाअ** पुं [कषाय] कषाय को

जीतने वाला, जितकषाय। पंचेंदियसंवुडो जिदकसाओ। (प्रव.चा.४०) वावीसपरीसहा जिदकसाया। (बो.४४) **-भव** पुं [भव] संसार को जीतने वाला। णमो जिणाणं जिदभवाणं। (पंचा.१)**-मोह** पुं [मोह]मोह को जीतने वाला। तं जिदमोहं साहुं।(स.३२)

जिप्प सक [जि] जीत जाना। (मो.२२) जो कोडिए ण जिप्पइ। (मो.२२) जिप्पइ (व.प्र.ए.)

जिव अक [जीव्] जीवनधारण करना, जीवित रहना। मरदु व जीवदु व जीवो। (प्रव.चा.१७) जीवदु (वि./आ.प्र.ए.)

जीव पुं न [जीव] चेतना, आत्मा, प्राणी,। (पंचा.१२७, स.१४६, प्रव.ज्ञे.३५, चा.४, शी.१९,लिं.९,भा.८) जो प्राणों से जीवित है, वह जीव है। जीवो त्ति हवदि चेदा। (पंचा.२७) जो रस, रूप, गन्ध रहित है, अव्यक्त, चेतनागुण युक्त, शब्द रहित, जिसका किसी चिह्न अथवा इन्द्रिय से ग्रहण नहीं होता और जिसका आकार कहने में नहीं आता, वह जीव है। अरसमरूवमगंधं, अव्वत्तं चेदणागुणमसद्दं। जाण अलिंगग्गहणं, जीवमणिद्दिट्ठसंठाणं।। (स.४९, निय.४६, भा.६४)मोह से रहित जीव है।जीवो ववगदमोहो।(प्रव.८१)जो चार प्राणों से जीवित है वह जीव है। पाणेहिं चदुहिं जीवदि, जीवस्सदि जो हि जीविदो पुव्वं। (प्रव.५५) जीव ज्ञान स्वभाव और चेतना सहित है। णाणसहाओ य चेदणासहिओ। (भा.६२) पंचास्तिकाय में जीव के अनेक भेद किये गये हैं- चैतन्य गुण से युक्त होने से जीव एक

प्रकार का है। ज्ञानोपयोग और दर्शनोपयोग के भेद से दो प्रकार का है। कर्मचेतना, कर्मफल चेतना और ज्ञान चेतना से युक्त या उत्पाद,व्यय एवं ध्रौव्यरूप होने से तीन प्रकार का है।चार गतियों में परिभ्रमण करने के कारण चार प्रकार का है। चारों दिशाओं एवं ऊपर व नीचे गमन करने वाला होने से छह प्रकार का है। सप्तभङ्ग के कारण सात प्रकार का है।आठकर्मों के कारण आठ प्रकार का है।नव-पदार्थों रूप प्रवृत्ति होने के कारण नव प्रकार का है। पृथिवी, जल,तेज,वायु, साधारण वनस्पति, प्रत्येक वनस्पति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पंचेन्द्रिय इन दश भेदों से युक्त होने से दश प्रकार का है। (पंचा.७१,७२) जीव का विवेचन मुक्त-संसारी, त्रस-स्थावर,गति,भव्य एवं अभव्य की दृष्टि से भी किया गया है। (पंचा.१०९,१२४) जीवस्स चेदणदा। (पंचा.१२४) जीव का गुण चेतनता है। -**काय** पुं [काय] जीव समूह, जीवराशि। (प्रव.४६) -**गुण** पुं न [गुण] जीवगुण। जीवगुणा चेदणा य उवओगो। (पंचा.१६) चेतना और उपयोग के अतिरिक्त औपशमिकादि भाव भी जीव के गुण हैं। (पंचा.५६) -**घाद** पुं [घात] जीवघात, जीवों का विनाश। (लिं.९) किसिकम्मवणिज्जजीवघादं। (लिं.६) -**ट्ठाण/ठाण** न [स्थान] जीवस्थान। (स.५५, निय.७८, बो.३०) पज्जत्तीपाणजीवठाणेहिं। (बो.३०) -**णिकाय** पुं [निकाय] जीव समूह । एदे जीवणिकाया। (पंचा.११२,१२०, प्रव. ज्ञे.९०) -**णिबद्ध** वि [निबद्ध] जीव के साथ बंधे हुए। जीवणिबद्धा एए। (स.७४) -**त्त** वि [त्व] जीवत्व,

जीवपना। जीवत्तं पुग्गलो पत्तो। (स.३५,६४) **-दया** स्त्री [दया]जीवदया, जीवों पर करुणा। (शी.१९) जीवदया दमसच्चं। (शी.१९) **-परिणाम** पुं [परिणाम] जीवस्वभाव। जीवपरिणामहेदुं। (स.८०) **-भाव** पुं [भाव] जीवभाव, जीवस्वभाव। (पंचा.१७,स.१४०) संताणंता य जीवभावादो। (पंचा.५३) **-मय** पुं [मय] जीवमय। (प्रव.ज्ञे.३०) **-राय** पुं [राजन्] जीवरूपी राजा। (स.१८) एवं हि जीवराया। **-रासि** पुं स्त्री [राशि] जीवराशि, जीवसमूह। चेदयदि जीवरासी। (पंचा.३८)**-विमुक्क** वि [विमुक्त] जीव रहित।जीवविमुक्को सवओ। (भा.१४२) **-संसिद** वि [संश्रित] जीवाश्रित, जीवों से सहित। (पंचा.११०) **-सण्णा** स्त्री [संज्ञा] जीवसंज्ञा, जीव के शरीर रूप कारण। एकेन्द्रिय आदि कारण, सूक्ष्म-बादर आदि कारण।(स.६७)**-समास** पुं [समास] जीवसमास,जीवों का संक्षेपीकरण। (भा.९७) **-सरूव** [स्वरूप] जीवस्वरूप, जीव का लक्षण। णाणं जीवसरूवं। (निय.१७०) **-सहाव** पुं [स्वभाव] जीवस्वभाव। (पंचा.३५, भा.६३) जेसिं जीवसहावो। (भा.६३) जीवो (प्र.ए.स.१५०,पंचा.१२८)जीवं(द्वि.ए.पंचा.१२७) जीवा (प्र.ब.पंचा.१०८, स.२२८) जीवे (द्वि.ब.स.१४१) जीवेण (तृ.ए.निय.९०) जीवेहिं (तृ.ब.पंचा.९०) जीवस्स (च./ष.ए.निय.४२) जीवाण/जीवाणं (ष./च.ब.पंचा.१९, स.२६५) जीवादो (पं. ए.स.२८) जीवम्हि (स.ए.स.१०५)

जीव अक [जीव्] जीना। (पंचा.३०, स.२५१, प्रव.ज्ञे.५५)

आऊदएण जीवदि।(स.२५२)जीवदि(व.प्र.ए.स.२५१, पंचा.३०)जीवस्सदि (भवि. प्र.ए.पंचा.३०, प्रव.ज्ञे.५५)

जीव सक [जीव्] जीवित करना। जीवेमि (उ.ए.स.२५०) जीविज्जामि (भवि.उ.ए.स.२५०) जीवावेमि (प्रे.उ.ए.स.२६१)

जीविद/जीविय न [जीवित] जीवन, जिन्दगी। (पंचा.३०, स.२५१, प्रव.चा.४१) कहं णु ते जीवियं कहं तेहिं। (स.२५२)

जुंज सक [युज्] जोड़ना, संयुक्त करना, लगाना। अप्पाणं जुजं मोक्खपहे। (स.४११) जुजं (वि./आ.म.ए.) जो जुंजदि अप्पाणं। (निय.१३९) जुजंदि/जुंजदे (व.प्र.ए.निय.१३७, १३८,१३९)

जुगवं अ [युगपत्] एक ही साथ, एक ही समय में। (प्रव.४७,४९) अक्खाणं ते अक्खा, जुगवं ते णेव गेण्हंति। (प्रव.५६)

जुगुप्पा स्त्री [जुगुप्सा] घृणा, ग्लानि। जो ण करेदि जुगुप्पं। (स.२३१)

जुज्ज सक [युज्] जोड़ना, मिलाना। ण वि जुज्जदि असदि सब्भावे। (पंचा.३७) तं णिच्छए ण जुज्जदि।(स.२९)

जुट्ठ वि [जुष्ट] सेवित, सेवा योग्य। जुट्ठं कदं व दत्तं। (प्रव.चा.५७)

जुत्त वि [युक्त] उचित, योग्य, संयुक्त। (पंचा.१५३, प्रव.७०, निय.१४९) जुत्ता ते जीवगुणा। (पंचा.५६) **-आहार** पुं [आहार] योग्याहार, उचित आहार। जुत्ताहारविहारो। (प्रव.चा.२६)

जुत्ति स्त्री [युक्ति] उपाय, साधन, जुत्ति त्ति उवाअं त्ति य, णिरवयवो होदि णिज्जेत्ति। (निय.१४२)

जुद वि [युक्त] संयुक्त, सम्बद्ध, मिला हुआ। (पंचा.१४४, मो.४६) संवरजोगेहिं जुदो। (पंचा.१४४)

जुद्ध न [युद्ध] लड़ाई, संग्राम। (स.१०६, लिं.१०) जोधेहिं कदे जुद्धे। (स.१०६)

जुवइ स्त्री [युवति] तरुणी, जवान स्त्री। जुवईजणवेड्ढिओ। (भा.५१) **जुवईजण** समास पद है, **जुवइ** की हृस्व इ को ई हो गया है। (हे. दीर्घहृस्वौ मिथौ वृत्तौ १/४)।

जुव्वण न [यौवन] तारुण्य, जवानी, युवावस्था। (शी.१५) जुव्वणलावण्णकंतिकलिदाणं। (शी.१२)

जूगा स्त्री [यूका] जूँ,शिर में रहने वाला कीड़ा विशेष।जूगा-गुंभीमक्कण। (पंचा.११५)

जूव न [यूप] जुआ, द्यूत। (लिं.६) कलहं वादं जूवा। (लिं.६)

जे अ [ये] जो। जे जम्हि गुणो दव्वे। (स.१०३)

जेट्ठ वि [ज्येष्ठ] प्रधान, प्रमुख, श्रेष्ठ। आगमचेट्ठा तदो जेट्ठा। (प्रव.चा.३२)

जेण अ [येन] लक्षण सूचक अव्यय। जेण दु एदे सव्वे। (स.५५, पंचा.१५७, प्रव.८)

जो अ [यत्] जब तक, जो। अवगयराधो जो खलु। (स.३०४) जीवस्सदि जो हु जीविदो पुव्वं। (पंचा.३०)

जो सक [दृश्] देखना, साक्षात्कार करना। जं जाणिऊण जोई, जोअत्थो जोइऊण अणवरयं। (मो.३) जोइऊण (सं.कृ.मो.३)

जोअ पुं [जोग] मन, वचन, और शरीर की प्रवृत्ति। (मो.३) -त्थ

वि [अर्थ] योगार्थ, योग का प्रयोजन।(मो.३०)

जोइ पुं [योगिन्] योगी, मुनि। (निय.१५५, सू.६, चा.४०) जो मिथ्यात्व, अज्ञान, पाप और पुण्य को मन, वचन और कायरूप त्रियोग से छोड़कर मौनव्रत को धारण करता है, वह योगी है। मिच्छत्तं अण्णाणं, पावं पुण्णं चएवि तिविहेण। मोणव्वए जोई, जोयत्थो जोयए अप्पा।। (मो.२८) विस्तार के लिए देखें -मो.३-३६ एवं ४१,४२,५२,६६,८४। जोइणो (प्र.ब.मो.७१)

जोग पुं [योग] योग, चित्तनिरोध, इच्छा का रोकना। (पंचा.१४८, स.१९०, निय.१३७) जो विपरीत भाव को छोड़कर सर्वज्ञकथित तत्त्वों में अपने आपको लगाता है, उसका वह अपना भाव योग है। (निय.१३९) योग मन, वचन, और काय के व्यापार से होता है। जोगो मणवयणकायसंभूदो। (पंचा.१४८) जोगो (प्र.ए.पंचा.१४८, स.१९०) जोगे (द्वि. ब.भा.५८, निय.१००) जोगेहिं (तृ.ब.भा.११७) जोगेसु (स.ब.स.२४६) **-उदअ** पुं [उदय] योग का अभ्युदय। तं जाण जोगउदअं। (स.१३४) **-णिमित्त** न [निमित्त] योग का कारण। जोगणिमित्तं गहणं। (पंचा.१४८) **-परिकम्म** पुं न [परिकर्म] योगों का परिकर्म, योगों का परिणाम।(पंचा.१४६) **-भत्तिजुत्त** वि [भक्तियुक्त] योग की भक्ति से संयुक्त। (निय.१३७) **-वरभत्ति** स्त्री [वरभक्ति] योग की श्रेष्ठ कल्पना, योग की एकाग्र श्रेष्ठवृत्ति। (निय.१४०) **-सुद्धि** स्त्री [शुद्धि] योग की शुद्धि। मुच्छारंभविजुत्तं, जुत्तं उवजोगजोगसुद्धीहिं। (प्रव.चा.६)

जोग्ग वि [योग्य] योग्य, उचित। (प्रव.५५) ओगिण्हत्ता जोग्गं। (प्रव.५५,प्रव.चा.ज.वृ.२५)

जोड सक [योजय्] जोड़ना, मिलाना, संयुक्त करना। जो जोडदि विव्वाहं। (लिं.९)

जोणि स्त्री [योनि] उत्पत्ति स्थान, जीव की उत्पत्ति। (निय.४२,५६) कुलजोणिजीवमग्गण। (निय.५६)

जोण्ह वि [ज्योत्स्न] 1.आलोक युक्त, प्रकाश युक्त। 2. जिनदेव, जिनेन्द्रदेव। उवलद्धं जोण्हमुवदेसं। (प्रव.८८)

जोध पुं [योध] योद्धा, वीर। (स.१०६)

जोय पुं [योग] देखो जोड़, जोग। (स.५३, द.१४, मो.२८) **-ट्ठाण** न [स्थान] योगस्थान। जोयट्ठाणा ण बंधठाणा। (स.५३)

जोय अक [द्युत्] प्रकाशित होना, चमकना, द्युतिमान होना। जोयत्थो जोयए अप्पा। (मो.२८)

जोयण न [योजन] योजन, एक पैमाना, पथ नापने का पैमाना। (मो.२१) **-सय** वि [शत] सौ योजन। (मो.२१) विस्तार के लिए तिलोयपण्णत्ति दृष्टव्य है। जो जाइजोयणसयं। (मो.२१)

जोव्वण न [यौवन] युवावस्था, तारुण्य,जवानी। (द्वा.४) जोव्वणं बलं तेजं । (द्वा.४)

झ

झड अक [शद्] झड़ना, गिरना, क्षय होना। (मो.१) उवलद्धं जेण झडियकम्मेण। (मो.१) झडिय (सं.कृ.मो.१)

झा सक [ध्यै] ध्यान करना, चिंतन करना। (पंचा.१४५, स.१८८,

प्रव. ज्ञे.५९, नियं.८९, भा.१२३, मो.२०) झादि (व.प्र.ए.निय.८९, पंचा.१४५) झाए (व.प्र.ए.प्रव.ज्ञे.६७) झाएइ (व.प्र.ए.निय.१२१,मो.२०)झाएदि (व.प्र.ए.निय.१३३, लिं.५) झायइ (व.प्र.ए.निय.१२०, मो.८४) झायदि।

(व.प्र.ए.स.१८८,निय.८३) झायंति (व.प्र.ब.मो.१९) झायंतो (व.कृ.स.१८९,मो.४३) झायव्वो (वि.कृ.मो.६३,६४) झाहि (वि./आ.म.ए.स.४१२) झायहि (वि./आ.म.ए.भा.१२३) झाइज्जइ (कर्म.व.प्र.ए.मो.४)झाइज्जइ परमप्पा। (मो. ७) झाएवि (अप. सं. कृ. मो. ७७)

झाण पुं न [ध्यान] ध्यान, चिंतन, विचार। (पंचा.१५२, निय.१२९, प्रव. चा. ५६, भा.१२१) आत्मस्वरूप के अवलम्बनमय भाव से जीव समस्त विकल्पों का निराकरण करने में समर्थ होता है इसलिये ध्यान ही सब कुछ है। अप्पसरूवालंवणभावेण दु सव्वभावपरिहारं।सक्कदि काउं जीवो, तम्हा झाणं हवे सव्वं। (निय.११९) ध्यान में शुद्धात्मा का ध्यान श्रेष्ठ है। झाणे झाएइ सुद्धप्पाणं। (मो.२०) जो आत्मध्यान करता है। उसे नियम से निर्वाण प्राप्त होता है। अप्पाणं जो झायदि, तस्स दु णियमं हवे णियमा।(निय.१२०)ध्यान के चार भेद हैं- आर्त्तध्यान,रौद्रध्यान,धर्मध्यान और शुक्लध्यान। इन चार ध्यानों में आर्तध्यान और रौद्रध्यान श्रेयस्कर नहीं हैं मात्र धर्मध्यान और शुक्लध्यान ही रत्नत्रय के कारण हैं।(निय.८९)मोक्षपाहुड ७६ में धर्मध्यान के विषय कहा गया है-भरत क्षेत्र में दुःषम नामक

पञ्चमकाल में मुनि के धर्मध्यान होता है, यह धर्मध्यान आत्मस्वभाव में स्थित साधु के होता है। भरहे दुस्समकाले, धम्मज्झाणं हवेइ साहुस्स। तं अप्पसहावठिदे, ण हु मण्णइ सो वि अण्णाणी। आज भी त्रिरत्न से शुद्ध आत्मा का ध्यान करके मनुष्य इन्द्र और लौकान्तिक देव के पद को प्राप्त होते हैं, वहां से च्युत होकर मनुष्य जन्म पाकर निर्वाण को प्राप्त होते हैं। (मो.७७) **-त्थ** वि [स्थ] ध्यानस्थ,ध्यान में लीन।अप्पा झाएइ झाणत्थो। (मो.२७) **-जुत्त** वि [युक्त] ध्यान में लीन। सज्झायझाणजुत्ता। (बो.४३)-**जोअ** पुं [योग] ध्यान योग,ध्यान की चेष्टा,सग्गं तवेण सव्वो,वि पावए तहि वि झाणजोएण । (मो.२३) **-णिलीण** वि [निलीन] ध्यान में तल्लीन, ध्यानमग्न। झाणणिलीणो साहू। (निय.९३)-**पईव** पुं [प्रदीप]ध्यानरूपी दीपक,ध्यानमय ज्योति। झाणपईवो वि पज्जलइ।(भा. १२२)-**मअ/मय** वि [मय] ध्यानयुक्त, ध्यान स्वरूपी। (पंचा.१४६, निय.१५४) **-रअ/रय** वि [रत] ध्यान में लीन,ध्यान में तत्पर। जो देव और गुरु का भक्त,साधर्मी और संयमी जीवों का अनुरागी तथा सम्यक्त्व को धारण करता है,वह ध्यानरत कहलाता है। देवगुरुम्मि य भत्तो, साहम्मि य संजदेसु अणुरत्तो। सम्मत्तमुव्वहंतो, झाणरओ होइ जोई सो।। (मो.५२,८२) **-विहीण** वि [विहीन] ध्यान रहित, ध्यान से च्युत। झाणविहीणो समणो। (निय.१५१)

झादा वि [ध्याता] ध्यान करने वाला, ध्याता। जो ध्यान में अपने शुद्ध आत्मा का चिंतन करता है वह ध्याता है। इदि जो झायदि

झाणे, सो अप्पाणं हवदि झादा। (प्रव. ज्ञे.९९)

ठ

ठव सक [स्थापय्] स्थापन करना,स्थापित करना।ठवेदि (व.प्र.ए. स. २३४) ठविऊण (सं. कृ. निय.१३६) ठविऊण य कुणदि णिव्वुदीभंत्ती।

ठवण न [स्थापन] स्थापन, संस्थापन, पूजा का एक भेद, निक्षेप का एक भेद। णामे ठवणे हि य। (बो.२७)

ठा अक [स्था] बैठना, स्थिर होना, ठहरना, रहना। ठाइ (व. प्र.ए. निय. १२५, १२६) ठादि (द.१४) ठाही (भू. प्र. ए. स. ४१५) अत्थे ठाही चेया। भूतार्थ के सी,ही,हीअ प्रत्यय हैं, जो तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में समान रूप से प्रयुक्त होते हैं। ये प्रत्यय दीर्घान्त णी,हो, ठा आदि क्रियाओं में लगते हैं। ठाइदूण (सं कृ. स. २३७)

ठाण पुं न [स्थान] स्थान, स्थिति, पद, कारण, जगह, आश्रय। (पंचा.८९,प्रव.४४,स.५२,निय.१५८,भा.११५) **-कारण** न [कारण] स्थिति में कारण, स्थान देने में कारण। आगासं ठाणकारणं तेसिं। (पंचा.९४) **-कारणदा** [कारणत्व] स्थिति हेतुत्व, स्थिति में कारणपना। गुणो पुणो ठाणकारणदा। (प्रव.ज्ञे.४१) ठाणं (प्र.ए.पंचा.८९) ठाणाणि (प्र.ब.स.५२) ठाणे (स.ए.सू.१४) ठाणम्मि (स.ए.स.२३७)

ठावणा स्त्री [स्थापना] प्रतिकृति,चित्र,आकार,न्यास का एक भेद ठावणपंचविहेहिं।(बो.३०)**ठावण** यह स्त्रीलिङ्ग प्रथमा एकवचन

का रूप है। अपभ्रंश में दीर्घ का ह्रस्व हो जाता है।

ठिद/ठिय/ट्ठिद/ट्ठिय वि [स्थित] अवस्थित, स्थित हुआ। (स.२६७, प्रव. ज्ञे.२,निय.९२,भा.४०,बो.१२,सू.१४) दंसणणाणम्हि ठिदो।(स.१८७) जे दु अपरमे ट्ठिदा भावे। (स.१२)

ठिदि स्त्री [स्थिति] स्थिति, स्थान, कारण, नियम, बन्ध का एक भेद। (पंचा.७३, स.२३४, निय.३०, प्रव.१७) **-करण** न [करण] स्थितीकरण, सम्यक्त्व के आठ अङ्गों में से एक अङ्ग। (चा.७)जो जीव उन्मार्ग में जाते हुए अपने आत्मा को रोककर समीचीन मार्ग में स्थापित करता है वह स्थितीकरण युक्त होता है।(स.२३४)-**किरियाजुत्त** वि [क्रियायुक्त] ठहरने की क्रिया से युक्त। (पंचा.८६) **-बंधट्ठाण** न [बन्धस्थान] स्थितिबन्धस्थान। (स.५४, निय.४०) **-भोयणमेगभत्त** पुं न [भोजनमेकभक्त] खड़े-खड़े एक बार भोजन करना, साधुओं का एक मूलगुण। (प्रव. चा.८)

ड

डह सक [दह्] जलाना, दग्ध करना। (भा.१३१, ११९ शी.३४) डहइ (व.प्र.ए.भा.१३१) डहंति (व.प्र.ब.शी.३४) डहिऊण (सं.कृ.भा.११९)

डहण न [दहन] जलना, भस्म होना। (मो.२६)

डहिअ वि [दहित] जला हुआ, भस्म, भस्मीभूत। (भा.४९)

डाह पुं [दाह] 1. जलन, तपन, गर्मी (भा.९३, १२४) 2. पुं [डाह] जलन, ईर्ष्या।

ढ

ढिल्ल वि [दे] ढीला, शिथिल। (सू.२६)

ढुरुढुल्लिअ वि [दे] भ्रमणशील, घूमता हुआ। (भा.३६,४५)

ण

ण अ [न] नहीं, मत, निषेधार्थक, अव्यय। (पंचा.७,स.२८०,निय. ३६, भा.२, द.२, प्रव. चा.६) ण दु एस मज्झभावो। (स.१९९) ण पविट्ठो णाविट्ठो। (प्रव.२९)

णं अ [णं] वास्तव में, निश्चय से। (चा.२०)

णओसय पुं न [नपुंसक] नपुंसक, क्लीब। (निय.४५)

णग्ग वि [नग्न] वस्त्र रहित, अचेलक, निर्ग्रन्थ। (सू.२३, भा.५४) णग्गो विमोक्खमग्गो। (सू.२३) भावेण होइ णग्गो। (भा.५४) **-त्तण** वि [त्व] नग्नत्व, नग्नपना। (भा.५५) णग्गत्तणं अकज्जं। **-रूव** पुं [रूप] नग्न आकृति। (भा.७१)

णच्च अक [नृत्] नृत्य करना, नाचना। णच्चदि गायदि। (लिं.४)

णच्चा सं.कृ. [ज्ञात्वा] जानकर। (निय.९४)

णज्ज सक [ज्ञा] जानना, ज्ञान करना। दुक्खे णज्जइ अप्पा। (मो.६५)

णट्ठ वि [नष्ट] नष्ट, नाश को प्राप्त, रहित। (पंचा.१७, प्रव.३८, निय.७२, बो.५२, भा.१४९) मणुसत्तणेण णट्ठो। (पंचा.१७) **-अट्ठ** त्रि [अष्ट] अष्ट कर्म से रहित। णट्ठट्ठकम्मबंधेण। (बो.२८) **-चारित्त** पुं न [चारित्र] चारित्र रहित, चारित्र से च्युत। हवदि हि

सो णट्ठचारित्तो। (प्रव.चा.६५) **-मिच्छत** पुं न [मिथ्यात्व] मित्थात्व से रहित, विपरीत मान्यता से रहित। पणट्ठकम्मट्ठ णट्ठमिच्छत्तां। (बो.५२)

णड पुं [नट] नर्तक,नट,जाति। **-सवण** पुं [श्रमण] नटश्रमण। जो धर्म से दूर रहता है, जो दोषों से युक्त है, ईख के पुष्प से समान निष्फल एवं निर्गुण, नग्नरूप में रहने वाला नट श्रमण है। (भा.७१)

णत्थि अ [नास्ति] अभावसूचक अव्यय, नहीं। (पंचा.११, स.६१, प्रव.१०, द.३)

णभ न [नभस्] आकाश, गगन। (प्रव. ज्ञे.४५) णभसि (स.ए.प्रव.६८)

णम सक [नम्] नमन करना, प्रणाम करना, झुकना। (निय.१, भा.१, मो.२) णमिऊण (सं. कृ. निय.१,भा.१, मो.२, द्वा.१) णमंति (व.प्र.ब.भा.१५२)

णमंस सक [नमस्य्] नमन करना, नमस्कार करना। णमंसित्ता।(सं कृ. प्रव. चा.७)

णमंसण न [नमस्यन] नमन, वंदन। णमंसणेहिं (तृ. ब. प्रव. चा.४७)

णमि पुं [नमि] इक्कीसवें तीर्थंकर,नमिनाथ। (ती.भ.५)

णमुक्कार पुं [नमस्कार] नमन, प्रणाम। काऊण णमुक्कारं। (द.१)

णमो अ [नमस्] नमन, प्रणाम। (पंचा.१, प्रव.४, भा.१२८)·

णमोकार पुं [नमस्कार] नमन। (लिं.१)

णमोत्थु अ [नमोस्तु] नमन हो। (प्रव. ज्ञे. १०७)

णय पुं [नय] नय, न्याय, नीति, युक्ति, पक्ष। (स.१४२) दोण्ह वि णयाण भणियं।(स.१४३) वस्तु के अनेक धर्मों में से किसी एक मुख्य अंश को ग्रहण करना नय है। आचार्य कुन्दकुन्द ने व्यवहारनय और निश्चयनय इन दो नयों का कथन किया है। प्रत्येक वस्तु को समझाने के लिए दोनों ही नयों को आधार बनाया जाता है। इनके सभी ग्रन्थों में यही शैली है। इसके अतिरिक्त द्रव्यार्थिक एवं पर्यायार्थिक नय द्वारा भी वस्तुतत्त्व को स्पष्ट किया है। (पंचा.५-६) व्यवहारनय से ज्ञानी के चारित्र, दर्शन और ज्ञान है, किन्तु निश्चयनय से ज्ञान, चरित्र और दर्शन नहीं हैं,ज्ञानी ज्ञायक एवं शुद्ध है। (स.७) व्यवहारनय को अभूतार्थ एवं निश्चय नय को भूतार्थ कहा है। ववहारोऽभूयत्थो, भूयत्थो देसिदो दु सुद्धणओ। (स.११) निश्चयनय को शुद्धनय कहा है। जो नय आत्मा को बन्धनरहित, पर के स्पर्शरहित और अन्य पदार्थो के संयोग रहित अवलोकन करता है, वह शुद्धनय है। (स.१४) आचाराङ्ग आदि शास्त्र ज्ञान है,जीवादि का श्रद्धान दर्शन है,छहकाय के जीव चारित्र हैं,यह कथन व्यवहारनय का है और आत्मा ज्ञान है,आत्मा दर्शन है और आत्मा चारित्र है, प्रत्याख्यान,संवर और योग है यह शुद्ध नय का कथन है। (स.२७६,२७७) -**पक्ख** पुं [पक्ष] नयपक्ष,न्यायशास्त्र में प्रसिद्ध एकपक्ष।(स.१४२,१४३,१४४)जीव में कर्मबंधे हुए हैं या नहीं यह नयपक्ष है। इस पक्ष से रहित समयसार है। कम्मं

बद्धमबद्धं,जीवे एवं तु जाण णयपक्खं।पक्खातिक्कंतो पुण भण्णदि जो सो समयसारो।।(स.१४२)-**परिहीण** वि [परिहीण] नय रहित। (स.१८०)

णयण पुं न[नयन]नेत्र,आंख।वीरं विसालणयणं।(शी.१) -**णीर** [नीर] नेत्रों के आंसू। रुण्णाण णयणणीरं।(भा.१९)

णयर न [नगर] शहर, पुर, नगर। णयरम्मि वण्णिदे जह। (स.३० णयरम्मि/णयरे (स.ए.स.३०)

णर पुं [नर] मनुष्य, पुरुष। (पंचा.१६,स.२४२,प्रव.७२,निय.१५ भा.१) णरो (प्र.ए.स.२४२) णरस्स (च./ष.ए.द.३१)

णरय पुं [नरक] नरक, नारकी, जीवों का स्थान, नरक गति विशेष। (भा.४९,लिं.६)

णव त्रि [नव] नौ, संख्या विशेष। णव जय पयत्थाइं। (भा.९७) -**रूणिहि** वि [निधि] नौ निधियाँ। (द्वा.१०) -**णोकसायवग्ग** वि [नोकषायवर्ग] नौ-नोकषायवर्ग, नोकषायों का समूह। (भा.९१) हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, स्त्रीवेद, पुरुषवेद और नपुंसकवेद। -**त्थ** वि [अर्थ] नवार्थ, नौ पदार्थ। (पंचा.७२) जीव, अजीव,आस्रव,बंध,संवर,निर्जरा,मोक्ष,पुण्य और पाप। -**पयत्थ** पुं [पदार्थ] नौ पदार्थ । (द.१९) -**विहबंभ** पुं [विधब्रह्म] नवप्रकार का ब्रह्मचर्य। (भा.९८)

णव वि [नव] नवीन, नूतन, नया। णादियदि णवं कम्मं। (मो.४८)

णव सक [नम] नमन करना, प्रणाम करना। णविएहिं तं णविज्जइ (मो.१०३)णविज्जइ(व.प्र.ए.)कर्म और भाव में ईअ और इज्ज

प्रत्यय होते हैं। (हे. ई-इज्जौक्यस्य। ३/१६०)

णवरं अ [केवल] केवल, किन्तु,सिर्फ। जाणइ णवरं तु समयपडिबद्धो। (स.१४३)

णवरि/णवरि अ [दे] केवल, मात्र, किन्तु। णवरि ववदेसं। (स.१४४) अबंधगो जाणगो णवरिं। (स.१६७)

णवि अ [दि] निषेधवाचक, अव्यय, विपरीतसूचक अव्यय,नहीं। णवि सो जाणदि। (स.५०,२०१)

णस/णस्स अक [नश्] नष्ट होना। लिंगं णसेदि लिंगीणं। (लिं.३) ण णस्सदि ण जायदे अण्णो। (पंचा.१७)

णह न [नख] नाखून। (भा.२०)

णहु अ [न खलु] नहीं। (द.२७)

णा सक [ज्ञा] जानना, समझना। (पंचा.१६२, स.१८, प्रव.२५, निय.१६,चा.४२)णादि(व.प्र.ए.पंचा.१६२,प्रव.२५)णाऊण(सं. कृ.भा.५५,चा.६,शी.३)णादूण/णादूणं (सं.कृ.स.७२,३४) णायव्वो/णादव्वो (वि.कृ.स.१२,२८५,बो. ४०) णाउं/णादुं (हे.कृ.प्रव.४०,स.१४९,चा.४२,भा.८८)

-णाग पुं [नाग] सर्प। (स.ज.वृ.२१९) **-फलि** स्त्री [फलि] लता विशेष, नागफणी। (स.ज.वृ.२१९) णागफलीए मूलं, णाइणि तीएण गब्भणाणेण। (स.ज.वृ.२१९)

णाण न [ज्ञान] ज्ञान, बोध, आत्मा का निज गुण। (पंचा.१६४, स.२,प्रव.२,निय.३,चा.३) **-आवरण** न [आवरण] ज्ञानावरण, ज्ञान को आच्छादन करने वाला कर्म। जे पुग्गलदव्वाणं, परिणामा

होंति णाणआवरणा। (स.१०१) **-गुण** पुं न [गुण] ज्ञानगुण। णाणगुणादो पुणो वि परिणमदि। (स.१७१) णाणगुणेण विहीणा। (स.२०५) **-जुत्त** वि [युक्त] ज्ञान युक्त,ज्ञान सम्पन्न। (बो.६)जं चरइ णाणजुत्तं। (चा.८) **-ट्ठिय** वि [स्थित] ज्ञान में स्थित। अट्ठा णाणट्ठिया सव्वे। (प्रव.३५) **-इ्ढ** वि [आढ्य] ज्ञानयुक्त, ज्ञानसहित। (प्रव. चा.६३, १०६) **-पमाण/प्पमाण** न [प्रमाण] ज्ञान प्रमाण। आदा णाणपमाणं। (प्रव.२३) णाणप्पमाणमादा। (प्रव.२४) **-प्पग/प्पाण** वि [आत्मक] ज्ञानात्मक, ज्ञानस्वरूप। (प्रव. ज्ञे. ६७, १००) **-मग्ग** पुं न [मार्ग] ज्ञानपथ । (चा.१४) **-मअ/मय** वि [मय] ज्ञानमय, ज्ञानयुक्त। (स.१३१, प्रव.२६, मो.१) **-विग्गह** पुं [विग्रह] ज्ञानशरीरी। (मो.१८) **-विजुत्त** वि [वियुक्त] ज्ञान से रहित। (मो.५९) **-सत्थ** न [शस्त्र] ज्ञानरूपी शस्त्र । लुणंति मुणी णाणसत्थेहिं। (भा.१५७)**-सलिल** न [सलिल] ज्ञानरूपी जल। पाऊण णाणसलिलं। (भा.९३) **-सरूव** वि [स्वरूप] ज्ञानस्वरूप, ज्ञानात्मक। णाणं णाणसरूवं। (चा.३९) **-सहाअ/सहाव** पुं [स्वभाव] ज्ञान स्वभाव। (स.१६२, भा.६२) णाणसहाओ चेयणासहिओ। **-सुद्धि** स्त्री [शुद्धि] ज्ञान की शुद्धि, ज्ञान की निर्मलता, ज्ञान की निर्दोषता। (शी.२०) णाणं (प्र. ए. स.७) णाणाणि (प्र.ब.पंचा.४३) णाणं (द्वि. ए. पंचा.४७) णाणेण (तृ.ए.द.३०)णाणे/णाणम्मि (स.ए.द.८, १४)णाणदो (पं. ए. द.१५)

णाणा अ [नाना] अनेक, पृथक्-पृथक्।(निय.९,प्रव.ज्ञे.२७)

-**आवरण** न [आवरण] कई प्रकार के आवरण, ज्ञान के आवरण। (पंचा.२०,स.१६५,प्रव.चा.५७) -**कम्म** पुं न [कर्मन्] नाना कर्म, अनेक प्रकार के कर्म। (निय.१५६) -**गुण** पुं न [गुण] अनेक गुण। णाणागुणपज्जएण संजुत्तं। (निय.१६८) -**जीव** पुं [जीव] अनेक जीव। (निय.१५६) -**भूमि** स्त्री [भूमि] अनेक प्रकार की भूमि। (प्रव. चा. ५५) -**विह** वि [विध] अनेक प्रकार। णाणाविहं हवे लद्धी। (निय.१५६)

णाणी वि [ज्ञानिन्] ज्ञानी, विशेषज्ञानी, केवलज्ञानी। (पंचा.४८, स.१७०, प्रव.२८) णाणी (प्र. ए. प्रव. २९) णाणी णाणसहावो। (प्रव.२९) णाणीहि (तृ. ब. पंचा. ४३) णाणिस्स (च./ष.ए. प्रव.२८, स.१८०, निय.१७३, पंचा.१५०) -**त्त** वि [त्व] ज्ञानीपन। ण जहदि णाणी उ णाणित्तं। (स.१८४)

णाणिण वि [ज्ञानिन्] ज्ञानी। धणिणं जह णाणिणं च दुविधेहिं। (पंचा.४७) **धणिण** का प्रयोग धनी के लिए एवं **णाणिण** का प्रयोग ज्ञानी के लिए हुआ है। यद्यपि नियमानुसार अन्त्य व्यञ्जन का लोप होकर **णाणि** रूप के प्रयोग की बहुलता है, परन्तु यह प्रयोग अन्त्य व्यञ्जन के लोप की प्रक्रिया से परे अन्त्यव्यञ्जन में **अ** का आगम होकर बना है। आत्मन् के अप्पण की तरह ज्ञानिन् का णाणिण शब्द बना है।

णाद सक [ज्ञा/ज्ञात] जानना। (स. ज. वृ. १८९) पस्सिदूण णादेदि।

णाद वि [ज्ञात] विदित, जाना हुआ। (स.६, प्रव.५८)

णाम अ [नाम] 1.संभावना बोधक अव्यय। जह णाम को वि

पुरिसो। (स.३५, २८८) 2. वाक्यालङ्कार,पादपूर्ति।को णाम भणिज्ज बुहो।(स.३००)3. पुं न [नाम] नाम,आख्या,अभिधान, संज्ञा।दीवायणु त्ति णामो।(भा.५०)-**कम्म** पुं न [कर्मन्] नाम कर्म, आठ कर्मों में एक भेद। (प्रव. ज्ञे. २६) नामकर्म के उदय से जीवों को मनुष्य,देव,नरक और तिर्यञ्च, इन चार पर्यायों में जन्म लेना पड़ता है। (प्रव.ज्ञे.६१) -**समक्ख** वि [समाख्य] नाम संज्ञा वाला। कम्मं णामसमक्खं। (प्रव. ज्ञे. २५) -**संजुद** वि [संयुत] नाम से युक्त, नामधारी। णेरइय-तिरिय-मणुआ, देवा इदि णामसंजुदा पयडी। (पंचा.५५)

णाय पुं [न्याय] 1. न्याय, नीति। -**सत्थ** पुं [शास्त्र] न्यायशास्त्र, प्रमाणशास्त्र, नीतिशास्त्र। (शी.१६) 2. वि [ज्ञात] जाना हुआ। (बो.६०, भा.४५) 3.न [ज्ञातृ] ज्ञातृ, वंश का नाम।

णायग वि [ज्ञायक] 1. ज्ञानी, जानकार, प्रबुद्ध। (भा.१२३) 2. पुं [नायक] स्वामी, मुखिया, प्रधान,नेता। (भा.१२३)

णारय वि [नारक] नारकी, नरक में उत्पन्न होने वाला, नरक सम्बन्धी। (पंचा ११७,निय.१५,भा.६७) -**भाव** पुं [भाव] नारकी भाव,नरक में उत्पन्न होने का भाव, नारकी पर्याय। (निय.७७) णाहं णारयभावो।

णारी स्त्री [नारी] नारी, स्त्री। (प्रव. चा. ज. वृ. २४)

णाली स्त्री [नालि] कालपरिमाणविशेष, घड़ी, बीस कला के बीतने का नाम। (पंचा.२५)

णास सक [नाशय्] नष्ट करना, नाश करना। णासइ (व. प्र. ए. भा.

५४) णासेदि (व.प्र.ए.स. १५८-१५९) णासए (व.प्र.ए.द.७) णासदि (व.प्र.ए.सू.३४)

णास पुं [नाश] नाश, ध्वंस, व्यय। भावस्स णत्थि णासो। (पंचा.१५)

णासण वि [नाशन] नाश करने वाला। (भा.१०७)

णाहग पुं [नाशक] स्वामी, प्रधान, शरण्य। (द्वा.२२)

णाहि पुं [नाभि] नाभि, केन्द्र। (सू.२४)

णि अ [नि] निश्चय,ही।मुणिवरवसहा णि इच्छंति। (बो.४३)

णिंद सक [निन्द्] निन्दा करना, दूषित ठहराना। केई णिंदंति सुंदरं मग्गं। (निय.१८५)

णिंद वि [निन्द्य] निन्दनीय, निन्दा योग्य। (प्रव. चा.४१)

णिंदा स्त्री [निन्दा] घृणा, जुगुप्सा। (स.३०६) णिंदाए (स.ए.मो.७२)

णिंदिय वि [निन्दित] निन्दित, बुरा, निन्दनीय। (प्रव. चा. ४७)

णिकाय पुं [णिकाय] समूह, वर्ग, जाति। एदे जीवणिकाया। (पंचा.११२)

णिक्कंख वि [निष्कांक्ष] आकांक्षा रहित, चाह रहित। (स.२३०)

णिक्कंखिय वि [निष्कांक्षित] न चाहने वाला, अभिलाषा रहित। (चा.७)

णिक्कल वि [निष्कल] कला रहित, शरीर रहित। (निय.४३) जइधम्मं णिक्कलं वोच्छे। (चा.२७)

णिक्कलुस वि [निष्कलुष] निर्दोष, पवित्र, मलरहित। (बो.४९)

णिक्कसाय वि [निष्कषाय] कषाय रहित। (निय.१०५)
णिक्काम [निष्काम] अभिलाषा रहित, इच्छारहित, वासनारहित, विषयासक्ति से रहित। (निय. ४४)
णिक्कोह वि [निष्क्रोध] क्रोध रहित, क्षमाशील, क्षमागुणवाला। (निय.४४)
णिक्खेव पुं [निक्षेप] निक्षेप,न्यास।नाम,स्थापना,द्रव्य और भाव के भेद से निक्षेप के चार भेद हैं। (चा.३७)
णिगोद/णिगोय पुं [निगोद] अनन्तजीवों का एक साधारण शरीर विशेष,निगोद पर्याय। (भा.२८) **-वास** न [वास] निगोदवास, निगोद स्थान। इस निगोद पर्याय में जीव ने अन्तर्मुहूर्त में छयासठ हजार तीन सौ छत्तीस बार जन्म-मरण प्राप्त किया है। (भा.२८)
णिग्गंथ पुं [निर्ग्रन्थ] संयत, मुनि,तपस्वी। (प्रव. चा.६९, निय. ४४, बो.५८) जो पांच महाव्रतों से युक्त तीन गुप्तियों से सहित संयमी है, वह निर्ग्रन्थ है तथा वही मोक्षमार्गस्वरूप है। पंचमहव्वय जुत्तो,तिहिं गुत्तिहिं जो य संजदो होई।णिग्गंथमोखमग्गो,सो होदि हु वंदणिज्जो य। (सू.२०) बोधपाहुड में निर्ग्रन्थ शब्द को और अधिक स्पष्ट किया गया है-जो निर्दोष चारित्र का आचरण करता है जीवादिपदार्थों को ठीक-ठीक जानता है और शुद्ध सम्यक्त्वस्वरूप आत्मा को देखता है, वह निर्ग्रन्थ है। (बो.१०)
णिग्गद वि [निर्गत] निःसृत, बाहर निकला हुआ। राया हु णिग्गदो त्ति य। (स.४७)
णिग्गह पुं [निग्रह] निरोध, वश में, अधीन।**-मण** पुं न [मनस्] मन

का निग्रह। णिग्गहमणा परस्स। (स.३८२)

णिग्गहण वि [निग्रहण] निग्रह, दमन, नियन्त्रित। (निय.११४)

णिग्गहिद वि [निगृहीत] रोका गया, निग्रह किया गया, पराभूत, तिरस्कृत। इंदियकसायसण्णा णिग्गहिदा जेहिं सुट्ठुमग्गम्मि। (पंचा.१४१)

णिग्गुण वि [निर्गुण] गुणहीन, गुणरहित। (भा.७१)

णिच्च न [नित्य] 1. नित्य, सदैव, हमेशा, निरंतर। (स.३२३, पंचा.७) णिच्चं कुवंताणं। (स.३२३) 2. वि [नित्य] नित्य शाश्वत, अविनश्वर। णिच्चो णाणवकासो। (पंचा८०) **-काल** पुं [काल] निरन्तर, हमेशा। भत्तीराएण णिच्चकालम्मि। (भा.१०५)

णिच्चय पुं [निश्चय] निश्चयनय, नय विशेष, द्रव्यार्थिकनय। जाणंति णिच्चएण। (स.३२४) **-णय** पुं [नय] निश्चयनय। णिच्चयणएण भणिदो। (पंचा.१६१)

णिच्चयण्हू वि [निश्चयज्ञ] निश्चयस्वरूप को जानने वाले, निश्चय के ज्ञाता। णिच्छंति णिच्च यण्हू। (पंचा.४५)

णिच्चसा अ [नित्यशः] निरन्तर, सदैव, हमेशा। (निय.१२९-१३३)

णिच्चिद वि [निश्चित] निश्चित, निर्णीत, असंदिग्ध। (पंचा.१६२)

णिच्चेल वि [निश्चेल] वस्त्ररहित, निर्ग्रन्थ। णिच्चेलपाणिपत्तं। (सू.१०)

णिच्छ अक [निश्च] मानना, निश्चयकरना, विचारना। (पंचा.४५)

णिच्छअ/णिच्छय पुं [निश्चय] नयविशेष, यथार्थ निर्णय का सूचक पक्ष। (स.२१०, प्रव.९७, निय.२९) **-अट्ठ** वि [अर्थ] निश्चय का विषय, निश्चय का प्रयोजन, निश्चय का विचार। मोत्तूण णिच्छयट्ठं। (स.१५६) **-गद** वि [गत] निश्चय को प्राप्त हुआ, निर्णय को प्राप्त हुआ। (स.३) **-णय** पुं [नय] निश्चयनय। णिच्छयणयस्स एवं। (स.८३) णिच्छयदो (पं.ए.निय.५५, स.२३९) **-दण्हू** वि [तज्ञ] निश्चय को जानने वाले, निश्चय को समझने वाले। (स.६०) **-वाइ** वि [वादिन्] निश्चयवादी, निश्चय का कथन करने वाले। (स.४३) **-विदु** वि [विद्] निश्चय को जानने वाला, निश्चय का ज्ञाता, पण्डित। (स.३३, ९७) भण्णदि सो णिच्छयविदूहिं।

णिच्छिद वि [निश्चित] निर्णीत, निश्चित किया हुआ। (स.४८, प्रव. चा.४) भणंति जे णिच्छिदा साहू। (स.३१)

णिच्छित्ता वि [निश्चितत्व] निश्चितता। णिच्छित्ता आगमदो। (प्रव.चा.३२)

णिज्ज अक [निर्+या] निकलना, ले जाना, चले जाना। (स.२०९) णिज्जदु (वि./आ. प्र. ए. स.२०९) कम्मेहि य मिच्छत्तं, णिज्जइ णिंज्जइ असंजमं चेव। (स.३३३)

णिज्जण न [निर्जन] एकान्तस्थान, मनुष्य से रहित क्षेत्र। **-देस** पुं [देश] निर्जन प्रदेश, एकान्त स्थान। णिज्जणदेसेहि णिच्च अत्थेइ।

(बो.५५)

णिज्जर वि [निर्जर] कर्मक्षय,कर्मपरमाणुओं का आत्मा से पृथक् करना। (पंचा.१०८, स.१३) -**णिमित्त** न [निमित्त] निर्जरा के कारण। (स.१९३) -**हेदु** पुं [हेतु]क्षय का कारण। (पंचा.१५२) ज्ञान एवं दर्शन से युक्त, अन्य द्रव्यों के संयोग से रहित, ध्यान स्वभाव सहित साधु के निर्जरा का कारण होता है। (पंचा.१५२)

णिज्जर सक [निर्+जृ] क्षय करना, नाश करना। णिज्जरमाणो (व.कृ.पंचा.१५३)

णिज्जरण न [निर्जरण] नाश, क्षय। कम्माणं णिज्जरणं। (पंचा.१४४) बंधे हुए कर्मप्रदेशों का गलना, एक देश क्षय होना निर्जरा है। (द्वा. ६६) बंधपदेसग्गलणं णिज्जरणं। निर्जरा दो प्रकार की है-सविपाक (अपना उदयकाल आने पर कर्मों का स्वयं पककर झड़ जाना) और अविपाक निर्जरा (तप आदि के द्वारा की जाने वाली)।

णिज्जावय वि [निर्यापक] गुरु के उपदेश को अङ्गीकार करने वाला, संयम के भङ्ग होने पर गुरु के द्वारा दिया गया प्रायश्चित्त स्वीकार करने वाला, सल्लेखना ग्रहण करने वाला। (प्रव.चा.१०)

णिज्जिय वि [निर्जित] जीता हुआ, पराभूत। (भा.१५५)

णिज्जुत्ति स्त्री [निर्युक्ति] व्याख्या, विवरण। (निय.१४२)

णिट्ठव सक [नि+स्थापय्] पूर्ण करना, नष्ट करना। (भा.१४८)

णिट्ठिद वि [निष्ठित] भरा हुआ, पूर्ण किया हुआ। (प्रव. ज्ञे. ५३) लोगो अट्ठेहिं णिट्ठिदो णिच्चो।

णिट्ठुर वि [निष्ठुर] कठिन, कठोर, परुष। (भा.१०७)

णिण्णेह वि [निःस्नेह] स्नेह रहित, राग रहित। (बो.४९)

णित्थार सक [निर्+तारय्] पार उतारना, तारना। (प्रव. चा.६०) णित्थारयंति लोगं। (प्रव. चा.६०)

णित्थारग वि [निस्तारक] तारने वाला, पार उतारने वाला। पुरिसा णित्थारगा होंति। (प्रव.चा.५८)

णिद्दंड वि [निर्दण्ड] दण्डरहित, अयोग, मन-वचन-काय की प्रवृत्ति से रहित।(निय.४३)

णिद्दंद वि [निर्द्वन्द्व] कलह रहित, द्वैतपने से रहित। (निय.४३,मो.८४)

णिद्दलण न [निर्दलन] चूर करना, विदारण, मर्दन। (निय.७३)

णिद्दा स्त्री [निद्रा] नींद,अठारह दोषों में से एक,निद्रा। (बो.४६, निय.६,१७९)

णिद्दिट्ठ वि [निर्दिष्ट] कथित, प्रतिपादित, निरूपित, दिखलाया गया। (पंचा.५०, स.४३, प्रव.७, निय.६४, भा.१४७, द.११)

णिद्दोस वि [निर्दोष] दोष रहित, शुद्ध। (निय.४३, बो.४८)

णिद्ध वि [स्निग्ध] स्निग्ध युक्त, चिकना, राग सहित। णिद्धो वा लुक्खो वा। (प्रव. ज्ञे.७१, ७३) **-त्तण** वि [त्व] स्नेहपना। णिद्धत्तणं (द्वि. ए. प्रव. ज्ञे. ७२) णिद्धत्तणेण (तृ. ए. प्रव. ज्ञे.७४)

णिप्पण्ण वि [निष्पन्न] निर्मापित, बना हुआ, सिद्ध किया गया। (पंचा.५, ७६)

णिप्पवास वि [निष्प्रवास] प्रवास, दूर रहना। धम्मम्मि णिप्पवासो। (भा.७१)

णिप्फल वि [निष्फल] फल रहित, निरर्थक। (भा.७१, प्रव.ज्ञे.२४)

णिबद्ध वि [निबद्ध] प्रवृत्त, लीन। चरदि णिबद्धो णिच्चं। (प्रव.चा.१४) उवधिम्मि वा णिबद्धे। (प्रव.चा.१५)

णिब्भय वि [निर्भय] भय रहित, निडर। (निय.४३, स.२२८, बो.४९)

णिमज्ज अक [नि+मस्ज्] नहाना, मार्जन करना, डूब जाना। (द्वा.५८) जम्मसमुद्दे णिमज्जदे सिप्पं। णिमज्जदे (व.प्र.ए.)

णिमित्त न [निमित्त] कारण,हेतु,साधन। तिलतुसमत्तणिमित्त। (बो.५४)

णिमिस पुं [निमिष] नेत्र उन्मीलन, नेत्र संकोच। आंख की पलक के खुलने का समय या असंख्यात समय के बीतने प्रमाण काल को निमिष कहते हैं। (पंचा.२५)

णिम्मद वि [निर्मद] मदरहित, अहङ्कार रहित। (निय.४४)

णिम्मम वि [निर्मम] ममता रहित। (पंचा १६९, निय.४३, बो.४८) **-त्त /त्ति** वि [त्व] ममतारहित। (निय.९९) ममत्तिं परिवज्जामि णिम्ममत्तिमुवट्ठिदो। (प्रव.ज्ञे.१०८)

णिम्मय वि [निर्मय] ममता रहित। (भा.१०७)

णिम्मल वि [निर्मल] मल रहित, विशुद्ध, पवित्र। (चा.४१, भा.६०, निय.४८, बो.२६) **-सहाव** पुं [स्वभाव] निर्मल स्वभाव

पवित्रभाव,विशुद्धपरिणाम। (मो.४५, निय.१४६)

णिम्मह पुं [निर्मथ] दुर्दम्य, विनाश। (भा.९३)

णिम्माण वि [निर्मान] मान रहित, मार्दव युक्त। (निय.४४, बो.४८)

णिम्मिविय वि [निर्मापित] निर्मित, रचित, बनाया हुआ। (बो.१२)

णिम्मूढ वि [निर्मूढ] अज्ञानता रहित, ज्ञानयुक्त। (निय.४३)

णिम्मोह वि [निर्मोह] मोह रहित, आसक्ति रहित। (निय.७५, प्रव.९०, चा.१६, बो.१)

णिय वि [निज] स्वकीय, आत्मीय। **-अप्प** पुं [आत्मन्] निजात्मा। (मो.६३) **-कज्ज** न [कार्य] अपना प्रयोजन, अपना कार्य। णियकज्जं साहए णिच्चं।(निय.१५५) **-गुण** पुं न [गुण] निजगुण आत्मा के गुण। [नि+वृत्] दूर रखना, पीछे हटाना, छुड़ाना। (स.३८३, ३८४)

णियत्त न [निवृत्त] निवृत्ति, त्याग, दूर, अलग। (सू.२७) इच्छा जा हु णियत्ता, ताह णियत्ताइं सव्वदुक्खाइं।

णियत्ति स्त्री [निवृत्ति] त्याग। (निय.६७) अलीयादिणियत्तिवयणं वा।

णियद वि [नियत] नियमबद्ध, नियमानुसारी, निश्चित। (पंचा.४) अत्थित्तम्हि य णियदा। (पंचा.१००)

णियदय वि [नियतय] नियत, निश्चित। (प्रव.४४)

णियदिणा वि [नियतिन] नियमपूर्वक। उदयगदा कम्मंसा

जिणवरवसहेहिं णियदिणा भणिया। (प्रव.४३)

णियट्ठ वि [निकृष्ट] नीच, अधम। (लिं.२०)

णियम पुं [नियम] प्रतिज्ञा, व्रत। (पंचा.१५०, स.३४, प्रव.चा.५६ मो.१४) **-सार** पुं [सार] नियमसार, **आत्मा का सार, व्रतों का** सार। (निय.१)

णियल पुं [निगड] बेड़ी, साकल, श्रृंखला। **सोवण्णियम्हि णियलं।** (स.१४६)

णिरंजण वि [निरञ्जन] निर्लेप, अञ्जन रहित, मल रहित। (स.९०, भा.१६२)

णिरंतर वि [निरन्तर] लगातार, हमेशा, सदा। (भा.९०)

णिरअ/णिरय वि [निरत] 1.तत्पर, उद्यत। (लिं.१६) 2.पुं [नरक] नरक, नारकीजीव।

णिरत्थअ/णिरत्थय वि [निरर्थक] व्यर्थ, बेकार। (स.२६६, शी.१५,भा.८९) णिरत्थया सा हु दे मिच्छा। (स.२६६)

णिरद वि [निरत] तल्लीन। (प्रव. ज्ञे.२)

णिरवयव वि [निरवयव] अवयव रहित, पूर्णता, सम्पूर्ण। (निय.१४२)

णिरवसेस वि [निरवशेष] सम्पूर्ण, समस्त। **धम्माइं करेई** णिरवसेसाइं। (सू.१५)

णिरवेक्ख वि [निरपेक्ष] अपेक्षारहित, लालसा रहित। **(निय. ६०,** प्रवं. चा.२०,मो.१२) जो देहे णिरवेक्खो। **(मो.१२)**

णिस्सल्ल वि [निःशल्य] पीड़ा रहित, दुःख रहित। **(निय.८७)**

णिरहंकार वि [निरहंकार] घमण्ड रहित, मृदुता, अहंकार का अभाव। (बो.४८)

णिराउह वि [निरायुध] शस्त्रहीन, शान्तचित्त। (बो.५०)

णिरायार वि [निराकार] आकृति रहित, निर्दोष। (सू.१९) परिगहरहिओ णिरायारो। (चा.२१)

णिरालंब वि [निरालम्ब] आश्रय रहित। (निय.४३)

णिरावेक्ख वि [निरपेक्ष] अपेक्षा रहित, निःस्पृह, इच्छारहित। पांच महाव्रतों से युक्त, पञ्चइन्द्रियों को वश में करने वाला निरपेक्ष, निःस्पृह होता है। (बो.४३, ४७) व्रत एवं सम्यक्त्व से विशुद्ध पञ्चेन्द्रियसंयत इस लोक तथा परलोक सम्बंधी भोग-परिभोग से निःस्पृह होता है। (बो.२५) वयसम्मत्तविसुद्धे, पंचेदियसंजदे णिरावेक्खे। (बो.२५)

णिरास वि [निराश] आशा रहित, तृष्णा रहित, उदासीन। (बो.४६) -**भाव** पुं [भाव] निराशभाव। (बो.४९)

णिरुंभ सक [नि+रुध्] निरोध करना, रोकना। णिरंभित्ता (सं. कृ. प्रव.ज्ञे.१०४)

णिरुच्च सक [निर्+वद्] कहना, बोलना। (द्वा.३९)

णिरुवम वि [निरुपम] उपमा रहित, असाधारण, अनुपमेय। (बो.१२,२८)

णिरुवलेव वि [निरुपलेप] लेप रहित, बन्ध रज से रहित। (प्रव.चा.१८) कमलं व जले णिरुवलेवो।

णिरुवभोज्ज वि [निरुपभोग्य] भोग्य से रहित, आसक्ति रहित,

वासना रहित। (स.१७४, १७५)

णिरोध/णिरोह पुं [निरोध] रुकावट, रोकना, बाधा। (पंचा.१५०, स.१९२, भा.१०)

णिरोहण न [निरोधन] रुकावट। (भा.२५)

णिलअ/णिलय पुं [निलय] घर, स्थान, मकान। (बो.५०, भा.३३)

णिल्लोह वि [निर्लोभ] लोभरहित, शुचितायुक्त, पवित्र। (बो.४९)

णिवदिद वि [निपतित] नीचे गिरता हुआ, दृष्टिगत, गोचर हुआ। अत्थं अक्खणिवदिदं। (प्रव.४०)

णिवत्त [नि+वृत्] छोड़ना, लौटना, हटना। (स.७४, निय.५९) णिवत्तए/णिवत्तदे (व.प्र.ए.)

णिवास पुं [निवास] स्थान, रहना, जगह, निवास। (बो.५०) परकियणिलयणिवासा।

णिवित्ति स्त्री [निवृत्ति], प्रत्यावर्तन, प्रवृत्ति का अभाव। (द्वा.७५)

णिव्वत्त वि [निर्वृत्त] निष्पन्न, रचित, अस्तित्वगुण को प्राप्त, मोक्ष अवस्था को प्राप्त। (स.६६, प्रव.१०) णत्थि किरिया सहावणिव्वत्ता। (प्रव. ज्ञे.२४)

णिव्वा अक [निर्+वा] मुक्त होना। (प्रव. चा.३७)

णिव्वाण न [निर्वाण] मुक्ति, मोक्ष। (स.६४, निय.२, प्रव.६, पंचा.१७०) **-पुर** न [पुर] मुक्तिधाम, मोक्षनगर। (पंचा.७०) **-संपत्ति** स्त्री [सम्पत्ति] मुक्ति की प्राप्ति, मुक्तिरूपी वैभव। (प्रव.५) **-सुह** न [सुख] निर्वाणसुख, मोक्षसुख। (प्रव.११)

णिव्वाद वि [निर्वात] मुक्त, सिद्ध। (पंचा.१०९) णिव्वादा

चेदणप्पगा दुविहा। (पंचा.१०९)

णिव्विअप्प वि [निर्विकल्प] संदेह रहित, संशय रहित। (निय.१२१)

णिव्विदिगिंच्छ/णिव्विगिच्छ वि [निर्विचिकित्सित] आठ अङ्गों में एक, निर्विचिकित्सित, घृणा रहित। जो जीव वस्तु के सभी धर्मों मे ग्लानि नहीं करता, उसे वास्तव में निर्विचिकित्सित अङ्ग वाला कहा जाता है। (स.२३१)

णिव्वियार वि [निर्विकार] विकार रहित, विशुद्ध। (बो.४९)

णिव्विस वि [निर्विष] विष रहित, विषहीन। (भा.१३७) ण पण्णया णिव्विसा हुंति। (स.३१७)

णिव्वुदि स्त्री [निर्वृत्ति] मोक्ष, निर्वाण, मुक्ति। (पंचा.१६९, स.२०४, निय.१३६) **-कम्म** पुं [काम] मोक्ष का अभिलाषी। (पंचा.१६९) **-मग्ग** पुं [मार्ग] मुक्तिपथ। णिव्वुदिमग्गो (निय.१४१) **-सुह** न [सुख] मोक्षसुख। णिव्वुदिसुहमावण्णा। (स.१४०)

णिव्वेद/णिव्वेय पुं [निर्वेद] वैराग्य, मुक्ति की इच्छा, मोक्ष की ओर प्रवृत्ति। णिव्वेयसमावण्णो, णाणी कम्मप्फलं वियाणेइ। (स.३१८) **-परम्परा** स्त्री [परम्परा] वैराग्य की परिपाटी। देवगुरूणं भत्ता, णिव्वेयपरंपरा विचिंतंता। (मो.८२)

णिसा स्त्री [निशा] रात्रि, रात। **-यर** पुं [कर] 1.चन्द्र, शशि। जिणमयगयणे णिसायरमुणिंदो। (भा.१५९) 2. पुं [चर] राक्षस चोर, तस्कर।

णिसेज्जा स्त्री [निषद्या] आसीन होना, बैठना, समवसरण में आसीन होना। (प्रव.४४)

णिस्संक वि [निःशङ्क] शङ्का रहित। (स.२२९)

णिस्संकिय वि [निःशङ्कित] शङ्कारहित, सम्यक्त्व का एक गुण। (चा.७)

णिस्संग वि [निःसङ्ग] 1. सङ्गरहित, बाह्य एवं आभ्यन्तर दोनों प्रकार के परिग्रह या सङ्गति से रहित। मोक्षाभिलाषी निष्परिग्रह और ममत्व रहित होकर परमात्मस्वरूप में लीन होता है। (पंचा.१६९, बो.४८) 2. कषायादि से रहित।तं णिस्संगं साहु। (स.ज.वृ.१२५)

णिस्संसय वि [निःसंशय] निःसंदेह, संशयरहित। (स.३२६)

णिस्सल्ल वि [निःशल्य] शल्यरहित, जन्ममरण से रहित। (निय.४४)

णिस्सेस वि [निःशेष] समस्त, सम्पूर्ण। **-दोसरहिअ** वि [दोषरहित] समस्त दोषों से रहित, सिद्ध,मुक्त। (निय.७)

णिहण सक [नि+हन्] मारना, घात करना। नष्ट करना। (प्रव.८८) णिहणदि (व.प्र.ए.प्रव.८८)।

णिहद वि [निहत] घात करने वाला, मारने वाला। (प्रव.९२) **-घणघादिकम्म** पुं न [घनघातिकर्म] घातियां कर्मों को क्षय करने वाला। (प्रव. ज्ञे. १०५) **-मोह** पुं [मोह] मोह का नाश करने वाला। (पंचा.१०४)

णिहार पुं [निहार] निर्गम, शौच, उच्चार। आहारणिहारवज्जियं।

(बो.३६)

णिहि वि [निधि] भण्डार,खजाना। तह णाणी णाणणिहिं। (निय.१५७)

णिहिल वि [निखिल] सम्पूर्ण, समस्त। (भा.१२०)

णीर न [नीर] जल, पानी। (भा.१९)

णीरय वि [नीरजस्] रज से रहित, कर्मफल से रहित सिद्ध, शुद्ध मुक्त, एगो सिज्झदि णीरयो। (निय.१०१)

णीराग वि [नीराग] राग रहित, वीतराग। (निय.४३,४४)

णीरालंब वि [निरालम्ब] आलम्बन रहित। (स.२१४)

णु अ [नु] किन्तु। (स.१२३) कहं णु परिणामयदि कोहो।

णुय वि [नय] नमस्कृत, नमस्कार करने वाला। (भा.४५)

णे सक [नी] जाना, प्राप्त होना। णेदुं (हे. कृ.स.२२१) णेमि (व.उ.ए.स.७३)

णेअ/णेय वि [ज्ञेय] जानने योग्य। (पंचा.७८, प्रव.ज्ञे.३८, निय.४८) **-अंतगद** वि [अन्तगत] जानने योग्य पदार्थों के अन्त को प्राप्त। (प्रव.ज्ञे.१०५) **-भूद** वि [भूत] ज्ञेयभूत, जानने योग्य होते हुए। (प्रव.१५)

णेय वि [अनेक] अनेक प्रकार, कई। (स.८४) करेदि णेयविहं।

णेरइय/णेरयिय वि [नैरयिक] नारकी, नरक सम्बन्धी, नरक में उत्पन्न। (पंचा.५५, स.२६८, प्रव.१२)

णेव अ [नैव] निषेध सूचक अव्यय, नहीं। (स.५२, प्रव.२८) णेव य अणुभायठाणाणि। (स.५२)

णेह पुं [स्नेह] 1. प्रेम, अनुराग। (स.२४२) णेहे सव्वम्हि अवणिए संते। 2. चिकनाई, तैल। (स.२३७) णेहभत्तो दु रेणुबहुलम्मि।

णो अ [नो] 1. नहीं, निषेध। (पंचा.५२, स.५१) 2. वि [नव] नौ, संख्या विशेष।

ण्हा अक [स्ना] नहाना। ण्हाऊण (सं. कृ. बो. २५)

ण्हाण न [स्नान] नहान, स्नान। (शी.३८, बो.२५)

त

त स [तत्] वह। तं (प्र.ए.) जं जाणइ तं णाणं। (स.१४) तं (द्वि.ए.सू.१६) ते (प्र.ब.प्रव.३१) तेण (तृ.ए.पंचा.१५७) सो तेण परिचत्तो। तेहिं (तृ.ब.पंचा.१६१) तस्स (च./ष.ए.स.१२६, प्रव.१७) ताण/ताणं (च./ष.ब.भा.१२८) तेसिं/तेसिं (च./ष.ब.पंचा.४५, निय.१३५, सू.२४,२५) तम्हा (पं.ए.पंचा.१६९) तासु (स.ए.निय.५९) वांछाभावं णिवत्तए तासु। (निय.५९)

तइय वि [तृतीय] तीन, संख्या विशेष। (द.१८, चा.२६)

तइलुक्कि न [त्रैलोक्य] तीन लोक। णिप्पण्णं जेहिं तइलुक्कं। (पंचा.५) ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक अधोलोक, ये तीन लोक हैं।

तइया अ [तदा] तो, तब, उसी समय। तइया सुक्कत्तणं पजहे। (स.२२२) तइया अप्पेण दंसणं भिण्णं। (निय.१६३)

तं अ [तत्] इसलिए, इस कारण। तं पविसदि कम्मरयं। (प्रव. ज्ञे. ९५) तं णमंसित्ता।(प्रव. चा.७)

तक्क पुं [तर्क] विचार। किं किंचण त्ति तक्कं। (प्रव.चा.२४)

तक्काल क्रि वि [तत्काल] उसी समय। तक्कालं तम्मयत्ति पण्णत्तं। (प्रव.८)

तक्कालिय वि [तात्कालिक] उसी समय सम्बन्धी, वर्तमान, भूत एवं भविष्यत् संबंधी। जं तक्कालियमिदरं। (प्रव.४७)

तच्च न [तत्त्व] सार, तत्त्व परमार्थ, यथार्थस्वरूप। केवलिगुणे थुणदि, जो सो तच्चं केवलिं थुणदि। (स.२९) **-ग्गहण** न [ग्रहण] तत्त्वग्रहण। **-तण्हु** वि [तज्ञ] वस्तु स्वरूप को जानने वाला। (पंचा.४७, प्रव. ज्ञे.१०५) **-रुइ** स्त्री [रुचि] तत्त्वरुचि। तच्चरुई सम्मत्तं। (मो.३८)

तण न [तृण] घास, तृण। (बो.४६)

तणू स्त्री [तनु] शरीर, काया। **-उसग्ग** पुं [उत्सर्ग] शरीर त्याग, कायोत्सर्ग। निरन्तर आत्मा में लीन हो, शरीर सम्बंधी क्रियाओं से रहित होकर, वचन और मन के विकल्पों को रोकना कायोत्सर्ग है।(निय.१२१) **तणू+उसग्ग** में प्राकृत व्याकरण की दृष्टि से स्वर से आगे स्वर होने पर शब्द के स्वर अर्थात् प्रारम्भ के शब्द के स्वर का लोप हो जाता है। (हे. लुक् १/१०) **-उत्सर्ग** का **उस्सग्ग** प्राकृत रूप व्याकरण की दृष्टि से बनना चाहिए, परन्तु छन्द भङ्ग न हो, इसलिए ऐसा प्रयोग हुआ।

तण्हा स्त्री [तृष्णा] प्यास, पिपासा, बावीस परीषहों में एक भेद। तण्हाए (तृ.ए.प्रव.चा.५२) तण्हाहिं (तृ.ब.प्रव.७५)

तत्तो अ [ततः] उससे, उस कारण से। तत्तो अमिओ अलोओ खं। (पंचा.३)

तत्थ अ [तत्र] वहां, उसमें। सिद्धा चिट्ठंति किध तत्थ। (पंचा.९२)

तदा अ [तदा] तब, उस समय। अप्परिणामी तदा होदि। (स.१२१)

तदिय वि [तृतीय] तीसरा। (भा.११४)

तदो अ [ततः] तब, तो, चूंकि। तदो दिवारत्ती। (पंचा.२५)

तध/तधा अ [तथा] तथा, और। तध सोक्खं सयमादा। (प्रव.६७) सिद्धो वि तधा णाणं। (प्रव.६८)

तम्मअ/तम्मय वि [तन्मय] उसी रूप, उसी प्रकार, तत्पर। (स.३४९-३५२, प्रव.८) जम्हा ण तम्मओ तेण। (स.९९) **-त्त** वि [त्व] उसी पर्यायरूप। (प्रव. ज्ञे.२२) तम्मयत्तादो (पं.ए.) पञ्चमी एकवचन में **दो** प्रत्यय होता है और **दो** प्रत्यय होने पर पूर्व को दीर्घ हो जाता है।

तम्हा अ [तस्मात्] इसलिए, इसकारण। (स.२५७, २५८) तम्हा दु मारिदो दे। (स.२५७) तम्हा गुणपज्जया। (प्रव. ज्ञे.१२)

तय न [त्रय] तीन। (चा.२८) **-गुत्ति** स्त्री [गुप्ति] तीन गुप्तियां। मन, वचन, और काय को रोकना गुप्तियां हैं।

तर सक [तृ] पार होना, तैरना। (पंचा.१७२) भवियो भवसायरं तरदि।

तरण न [तरण] तिरना, पार होना। **-हेदु** न [हेतु] पार होने का कारण। संसारतरणहेदू, धम्मोत्ति जिणेहिं णिद्दिट्ठं। (भा.८५)

तरु पुं [तरु] वृक्ष, पेड़। (भा.२१) **-गण** [गण] वृक्षसमूह। (भा.८२, लिं.१६) वज्जं जह तरुगणाण गोसीरं। **-रुहण** न

[रोहण] वृक्ष पर आरोहण, वृक्ष पर चढ़ना। (भा.२६) **-हिट्ठ** स्त्री [अधस्] वृक्ष के नीचे। (बो.४१)

तरुण वि [तरुण] युवक, जवान, तरुण। (स.७९)

तरुणी स्त्री [तरुणी] युवती, जवानस्त्री। (स.१७४)

तल पुं न [तल] तमालवृक्ष, ताड़ का पेड़। (स.२३८)

तव पुं न [तपस्] तप, तपस्या, तपश्चर्या। (पंचा.१७०, स.१५२, प्रव.१४, निय.५५, द.२८) विषय और कषाय के विनिग्रह को करके ध्यान एवं स्वाध्याय द्वारा आत्मा का चिंतन किया जाता है, वह तप है। विसयकसायविणिग्गहभावं, काऊण झाणसज्झाए। जो भावइ अप्पाणं, तस्स तवं होदि णियमेण।। (द्वा.७७) तप से सभी स्वर्ग प्राप्त होते हैं। सग्गं तवेण सव्वो वि । (मो.२३) तप के बाह्य और अभ्यन्तर ये भेद किये गये हैं। इनके भी छह-छह भेद होते हैं। **-गुणजुत्त** वि [गुणयुक्त] तपगुण से युक्त। (शी.८) **-चरण/यरण** न [चरण] तपश्चरण,तपश्चर्या। (निय.५५,११८) तपश्चरण से अनन्तानन्त भवों के द्वारा उपार्जित शुभ-अशुभ कर्मसमूह नष्ट हो जाते हैं। (निय.११८) **-सामण्ण** पुं [श्रामण्य] तपस्वी-श्रमण। वंदमि तवसामण्णा। (द.२८) तवेहिं (तृ. ब. स. १४४) तवसा (तृ.ए.प्रव.चा.२८) तवंहि (स.ए.पंचा.१६०)

तवोकम्म पुं न [तपःकर्म] तपःकर्म, छह आवश्यक कर्मों में एक भेद। (पंचा.१७२) जो कुणदि तवोकम्मं।

तवोधण पुं न [तपोधन] तपरूपी धन। जिणवयणगहिदसारा, विसयविरत्ता तवोधणा धीरा। (शी.३८)

तवोधिग वि [तपोधिक] तपश्चरण में अधिक। समिदकसायो तवोधिगो चावि। (प्रव.चा.६८)

तस पुं [त्रस] द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय एवं पंचेन्द्रिय जीव। (पंचा.३९)

तस्संसग्ग वि [तत्संसर्ग] उसकी संगति। (स.१४९)

तस्सम वि [तत्सम] समान, सादृश्य। तस्सम समओ तदो परो पुव्वो। (प्रव.ज्ञे.४७)

तह/तहवि/तहा अ [तथा] उसी रूप, और,तथा,उसी प्रकार, यद्यपि, तो भी। (स.१८, २२१, २६४, निय.६८, प्रव.४, द.१०) तह कम्माणं वियाणाहि। (पंचा.६६) तह वि य सच्चे दत्ते। (स.३६४) सव्वे भावा तहा होंति। (स.१३१)

ता अ [तत्] उससे,उस कारण से,तब,उस समय। (स.१४०, २६७) या कम्मोदयहेदूहिं। (स.१३८) ता किं करोसि तुमं। (स.२६७)

ताम अ [तावत्] तब तक, वाक्यालङ्कार।

तारय पुं [तारक] तारे, नक्षत्र। जह तारयाण चंदो। (भा.१४३)

तारा स्त्री [तारा] नक्षत्र, तारा। **-आवलि** स्त्री [आवलि] ताराओं की पङ्क्ति,ताराओं का समूह। तारावलिपरियरिओ। (भा.१५९) **-यण** वि [गण] तारागण, ताराओं के समूह। जह तारायणसहियं। (भा.१४५)

तारिय/तारिसअ/तारिसय वि,[तादृशक] वैसे ही, उसी प्रकार, उस तरह का। जीवो वि तारिसओ। (पंचा.६२) जारिसया तारिसया।

(पंचा.११३)

ताली स्त्री [ताली] ताड़ का वृक्ष, वृक्ष विशेष। (स.२३८,२४३)

तावं/तावं अ [तावत्] तब तक, उतने समय तक। (स.१९, २८५, निय.३६, भा.१३१, लिं.४) कुव्वइ आद तावं। (स.२८५)

तावदि वि [तावत्] उतना। (प्रव.७०) भूदो तावदि कालं।

तावदिअ वि [तावत्] उनमें, उतना। तावदिओ जीवाणं। (पंचा.१९)

तावुद अ [तावत्] तब तक। अण्णाणी तावुद। (स.६९)

त्ति अ [इति] इस प्रकार, ऐसा। दुक्खिदसुहिदे करेमि सत्ते त्ति। (स.२५३)

त्ति त्रि [त्रि] तीन, संख्या विशेष। (पंचा.१११) **-गुत्त** वि [गुप्त] तीन गुप्तिवाला। (प्रव.चा.४०, निय. १२५) **-गुणिद** वि [गुणित] तीन गुणा, तीन से गुणित। (प्रव. ज्ञे.७४) **-जगवंद** वि [जगवंद] तीनों लोकों में पूजित। सर्वज्ञ, सर्वदर्शी, वीतरागी, अरहन्त तीनों लोकों में पूजित होते हैं। तिजगवंदा अरहंता। (चा.१) **-पयार** पुं [प्रकार] तीन प्रकार। तिपियारो सो अप्पा। (मो.४) **-वग्ग** पुं [वर्ग] तीन वर्ग,तीन समूह धर्म,अर्थ और काम। **-वियप्प** पुं [विकल्प] तीन विकल्प, तीन प्रकार। अप्पाणं तिवियप्पं। (निय.१२) **-विहसुद्धि** स्त्री [विधशुद्धि] तीन प्रकार की शुद्धि। मन, वचन और काय की शुद्धि। (भा.१३५) परंपरा तिविहसुद्धीए। (भा.१३५)

तिण्हा स्त्री [तृष्णा] प्यास, पिपासा, इच्छा। (निय.१७९, भा.२३)

तित्ति स्त्री [तृप्ति] तृप्ति, इच्छापूर्ति। (भा.२२)

तित्तिय वि [त्रि-त्रि] तीन-तीन का समूह।

तित्थ पुं न [तीर्थ] 1. तीर्थ, तीर्थप्रवर्तक, सर्वज्ञवचन। (प्रव.१, बो.२५) निर्मल, साम्यधर्म, सम्यक्त्व,संयम, तप और ज्ञान को जिन शासन में तीर्थ कहा गया है। (बो.२६) **-कर/यर** पुं न [कर] तीर्थङ्कर, सर्वज्ञ। (भा.७९) तीर्थङ्कर नामकर्म के उदय से जिसे समवसरणादि विभूति प्राप्त हो वह तीर्थङ्कर है। 2. न [तीर्थ] तट, घाट, नाव।

तिदिय वि [तृतीय] तीसरा। (निय.५८) **-वद** पुं न [व्रत] तृतीयव्रत, तीसराव्रत, अचौर्यव्रत। जो ग्राम, नगर एवं वन में परकीय वस्तु को देखकर उसके ग्रहण के भाव को छोड़ता है, उसी के तीसरा अचौर्यव्रत होता है। (निय.५८) गामे वा णयरे वारण्णे वा, पेच्छिऊण परमत्थं। जो मुचदि गहणभावं, तदियवदं होदि तस्सेव।। (निय.५८)

तिधा वि [त्रिधा] तीन प्रकार का। (प्रव.३६)

तिमिर न [तिमिर] अन्धकार, अंधेरा। (प्रव. ६७) **-हर** वि [हर] अज्ञान को हरण करने वाला! तिमिरहरा जइ दिट्ठी। (प्रव.६७)

तिय न [त्रिक] तीन का समुदाय। तियेह साहूण मोक्खमग्गम्मि। (स.२३५) सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र इत्यादि जैसे कोई भी तीन का समूह। **-रण** न [करण] तीन करण। मन-वचन और काय ये तीन करण हैं। तियरणसुद्धो अप्पं। (भा.११४) **-लोय** पुं [लोक] तीन लोक। ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक

और अधोलोक ये तीन लोक हैं। (भा.३३) तियलोयपमाणिओ सव्वो।

तिरिक्ख/तिरिय पुं [तिर्यञ्च्] पशु-पक्षी आदि,तिर्यञ्च योनि। (पंचा.१६, भा.८)

तिरिच्छ पुं [तिर्यञ्च्] पशु-पक्षी। तेण णरा तिरिच्छा। (प्रव.ज.वृ.९२)

तिरिय वि [तिर्यक्] वक्र, कुटिल, तिरछा, तिर्यक्। (स.३३४)

तिलतुसमित्त वि [तिलतुषमात्र] किंचित् भी,कुछ भी। (सू.१८)

तिव्व वि [दे] तीव्र, कठिन। (स.२८८, भा.१२)

तिसा स्त्री [तृषा] प्यास, पिपासा। (भा.९३)

तिसट्ठि वि [त्रिषष्ठि] त्रेसठ, संख्याविशेष। (भा.१४१)

तिसिद वि [तृषित] प्यासा, प्यासवाला। (पंचा.१३७) तिसिदं बुभुक्खिदं वा।(प्रव.चा.ज.वृ.२७)

तिहुअण/तिहुयण/तिहुवण न [त्रिभुवन] तीन लोक। (पंचा.१, प्रव.४८, चा.४१, भा.२३) **-चूडामणि** पुं स्त्री [चूड़ामणि] तीनों लोकों में सिरमौर, तीनों लोकों में श्रेष्ठ। तिहुवणचूडामणी सिद्धा। (चा.४१,भा.९३) **-भवणपदीव** पुं [भवनप्रदीप] तीनों लोकों के घर (स्थान) के दीपक (प्रकाशस्तम्भ)। **-मज्झ** न [मध्य] तीनों लोकों के बीच। (भा.२१) **-सलिल** न [सलिल] तीन लोक का जल। तिहुयणसलिलं सयलं पीयं। (भा.२३) **-सार** पुं न [सार] त्रिलोक श्रेष्ठ, तीन लोक में उत्तम। (भा.७८) पावइ तिहुवणसारं।

तीद पुं [अतीत] अतीत, भूतकाल। (निय.३१)

तु अ [तु] किन्तु,तो,उतना,और,ऐसा,कि,तथा,अथवा,या फिर ही पाद पूर्तिक अव्यय। (पंचा. २६, ८६, स.९, ३२, निय.३१) अणण्णभूदं तु सत्तादो। (पंचा.९) सामाइयं तु तिविहं । (निय.१०३)

तुम्ह स [युष्मद्] युष्मद्, तुम। युष्मद् शब्द को तुम्ह आदेश हो जाता है। तुम्हं एयं मुणंतस्स। (स.३४१) तुम्हं (च./ष.ए.) तुमं (प्र.ए.स.३७४, भा.४१, मो.३५) तुहं (च/ष.ए.स.२५२,२५५,२५६) तुमे (प्र.ए.भा.२३,२४) पीयं तिण्हाए पीडिएण तुमे।**तुमे** यह रूप वैसे द्वितीया एकवचन में बनता है, परन्तु यहां प्रथमा एकवचन में भी इसका प्रयोग हुआ है।(हे.तं तुं तुमं तुवं तुह तुमे तुए अमा।३/९२)तुज्झ (च./ष.ए.स.१२१) तुह (स.ए.भा.१९) दे. (च./ष.ए.स.२५९) ते (च./ष.ए.भा.६,६९) ते (तृ.ए. स. २४८, २४९, २५२, २५४) तए (तृ.ए.स.२५१)

तुरिय वि [तुर्य] चतुर्थ,चौथा।तुरियं अबंभविरई। (चा.३०) **-वद**- पुं न [व्रत] चतुर्थव्रत,चौथा नियम,ब्रम्हचर्यव्रत।जो स्त्रियों के रूप को देखकर उनमें वाञ्छाभाव नहीं रखता एवं मैथुन संज्ञा के परिणाम से रहित होकर परिणमन करता है, उसी को ब्रह्मचर्यव्रत होता है। (निय.५९)

तुस पुं [तुष] धान्य का छिलका, भूसी। (शी.२४) **-धम्मंत** वि [धमत्] तुष को उड़ा देने वाला,सूप। तुसधम्मंतबलेण। **-मास** पुं

[माष] छिलका सहित उड़द दाल। तुममासं घोसंतो। (भा.५३)

तूस अक [तुष्] संतुष्ट होना, खुश होना, प्रसन्न होना। (स.३७३) तूसदि (व.प्र.ए.स.३७३)

ते त्रि [त्रि] तीन। **-इंदिय** न [इन्द्रिय] त्रीन्द्रिय, तीन इन्द्रिय। (पंचा.११५) **-काल** पुं [काल] तीन काल। भूत, भविष्यत् एवं वर्तमान। तेकालणिच्चविसमं। (प्रव.५१) **-कालिक** वि [कालिक] तीन काल संबंधी। (प्रव.४८) ते चेव अत्थिकाया, तेकालियाभावपरिणदा णिच्चा। (पंचा.६) **-याला** स्त्री न [चत्वारिंशत्] तेतालीस। (भा.३६) **-रस/रह** स्त्री न [दश] तेरह, त्रयोदश। (स.११०, बो.३१) तेरसकिरियाउ भावतिविहेण। (भा.८०) **-लोक्क** पुं [लोक्य] तीन लोक। (पंचा.७६) यहाँ पर लोक शब्द का लोक्क नहीं बना, अपितु जनप्रचलित लोक को लोक्य, जो बोलने में आता है, वही है।

तेउ पुं [तेजस्] आग, अग्नि, तेज,अग्निकाय विशेष। (प्रव.ज्ञे.७५)

तेज पुं [तेजस्] तेज, ताप, प्रकाश। सयमेव जधादिच्चो, तेजो उण्हो य देवदा णभसि। (प्रव.६८)

तेजयिअ वि [तेजयिक] तैजस शरीर विशेष। शरीर के भेदों में तैजस भी एक भेद है। (प्रव.ज्ञे.७९)

तेल न [तैल] तेल।मूंगफली, विनोला, सोयाबीन या तिल से निकाला गया तरल पदार्थ। (निय.२२)

तो अ [तदा] तब,तो,फिर भी, क्योंकि। (स.१७, २२४, भा.२२, द.२६) तो सत्तो वत्तुं जे। (स.२५)

तोय न [तोय] जल, पानी। (शी.२८)

त्ति अ [इति] इस प्रकार, ऐसा। (पंचा.५७, स.१७०, प्रव.७)

थ

थण पुं [स्तन] स्तन, कुच, पयोधर। (भा.१८) **-अंतर** वि [अन्तर] स्तनों के मध्य। (सू.२४, प्रव. चा.ज.वृ.२४) **-च्छीर** न [क्षीर] स्तन दुग्ध। पीयो सि थणच्छीरं। (भा.१८)

थल न [स्थल] भूमि, जमीन। (भा.२१) **-चर** वि [चर] थलचर, भूमिपर चलने वाला। (पंचा.११७)

थावर पुं [स्थावर] एकेन्द्रिय प्राणी, पृथिवी, जल,अग्नि, वायु और वनस्पति। (प्रव.ज्ञे.९०,द.३५) आचार्य कुन्दकुन्द ने चलनात्मक विवक्षा को आधार कर अग्नि और वायु को त्रस भी कहा है। (पंचा.१११) दर्शन पाहुड में एक हजार आठलक्षणों और चौतीस अतिशयों सहित जिनेन्द्र (अरहन्त) जब तक बिहार करते हैं, तब तक उन्हें स्थावर प्रतिमा कहा है। (द.३५) **-काय** पुं [काय] स्थावर काय, एकेन्द्रिय जीव, स्थावर जीव। ये पांच हैं-पृथिवी, जल,तेज, वायु और वनस्पति। थावरकाया तसा हि कज्जजुदं। (पंचा.३९)-**तणु** स्त्री [तनु] स्थावर शरीर। (पंचा.१११)

थिर वि [स्थिर] स्थिर, निश्चल, दृढ़। (स.२०३, बो.२२) **-भाव** पुं [भाव] स्थिर भाव,दृढ़भाव। (निय.८५,८६) जिणमग्गे जो दु कुणदि थिरभावं।

थी स्त्री [स्त्री] महिला, नारी, स्त्री। (निय.४५,६७)

थुण सक [स्तु] स्तुति करना, पूजना, गुणगान करना। केवलिगुणे

थुणदि जो, सो तच्चं केवलिं थुणदि। (स.२९) थुणदि (व.प्र.ए.) थुणित्तु (सं.कृ.स.२८) थुणिज्जइ (व. कृ. प्र. ए.मो.१०३) थोस्सामि (भवि. उ.ए.ती.भ.१)

थुद वि [स्तुत] पूजित, प्रशंसित, जिसका गुणगान किया गया हो। केवलिगुणा थुदा होंति। (स.३०)

थुव्व सक [स्तु] स्तुति करना, अर्चना करना। थुव्वंते (व.कृ.स.ए.स.३०) थुव्वंतेहिं (व.कृ.तृ.मो.१०३)

थूल वि [स्थूल] मोटा, तगड़ा। (चा.२३,२४, निय.२१)अइथूल-थूल-थूलं। (निय.२१) पर्वत, पत्थर,लकड़ी आदि अतिस्थूल है। घी, तेल, जल आदि स्थूल हैं। धूप, प्रकाश आदि स्थूलसूक्ष्म हैं।शब्द और गन्ध आदि सूक्ष्मस्थूल हैं।इन्द्रिय अग्राह्य स्कन्ध सूक्ष्म हैं तथा परमाणु अतिसूक्ष्म है। इस तरह पुद्गल के छह भेद किये गये हैं।(निय.२२)

थेय वि [स्तेय] चोरी, अपहरण। थेयाई अवराहे कुव्वदि। (स.३०१)

थोव वि [स्तोक] अल्प, थोड़ा, स्तोक। थोवो वि महाफलो होइ। (शी.६)

द

दंडअ पुं [दण्डक] दण्डक नामविशेष। **-णयर** न [नगर] दण्डक नगर। (भा.४९) दंडअणयरं सयलं, डहिओ अब्भंतरेण दोसेण। (भा.४९)

दंत वि [दान्त] वश में किया हुआ, दमन करने वाला।

(नियं.१०५) णिक्कसायस्स दंतस्स, सूरस्स ववसायिणो। (नियं.१०५)

दंति पुं [दन्तिन्] हस्ति,हाथी।(निय.७३)पंचिंदियदंतिप्पणि-दृलणा।

दंस सक [दर्शय्] दिखलाना, बतलाना। दंसेइ मोक्खमग्गं। (बो.१३)

दंसण पुं न [दर्शन] 1. तत्त्व श्रद्धा, तत्त्वावलोकन, तत्त्वरुचि। 2. देखना, पहिचाना, पदार्थ का सामान्यावलोक। 3. जिनलिङ्ग, जिनमुद्रा। 4. रत्नत्रय।आचार्य कुन्दकुन्द ने दंसण शब्द का प्रयोग अपने सभी ग्रन्थों में किया है, किन्तु दर्शनपाहुड और बोधपाहुड में यह विशेष पारिभाषिक शब्द के रूप में प्रयुक्त हुआ है- जो सम्यक्त्वरूप, संयमरूप, उत्तमधर्मरूप, निर्ग्रन्थरूप एवं ज्ञानमय मोक्षमार्ग को दिखलाता है, वह दर्शन है। दंसेइ मोक्खमग्गं, सम्मत्तं संजमं सुधम्मं च। णिग्गंथं णाणमयं, जिणमग्गे दंसणं भणियं।(बो.१३)जो अन्तरङ्ग और बहिरङ्ग---दोनों प्रकार के परिग्रह को छोड़,मन-वचन-काय से संयम में स्थित हो,ज्ञान से एवं कृत-कारित-अनुमोदना से शुद्ध रहता है तथा खड़े होकर भोजन करता है वह दर्शन है। दुविहंपि गंथचायं,तीसुवि जोगेसु संजमं ठादि। णाणम्मि करणसुद्धे,उब्भसणे दंसणं होई।। (द.१४) दर्शनपाहुड में ऐसा दर्शन ही धर्म का मूल,प्रधान कहा गया है।दंसणमूलो धम्मो। (द.२) जिस प्रकार वृक्ष,जड़ से शाखा आदि परिवार से युक्त कई गुणा स्कन्ध

उत्पन्न होता है, उसीप्रकार मोक्षमार्ग की वृद्धि दर्शन से होती है। (द.११) दर्शन से रहित की वंदना नहीं करना चाहिए। दंसणहीणो ण वंदिव्वो। (द.२) -**उवओग** पुं [उपयोग] दर्शनोपयोग, पदार्थ का सामान्यावलोकन,निर्विकल्प ज्ञान।इसके दो भेद किये गये हैं। स्वभाव दर्शनोपयोग और विभावदर्शनोपयोग। जो इन्द्रियादि साधनों तथा पर पदार्थों की सहायता से निरपेक्ष मात्र दर्शन है, वह स्वभाव दर्शन है। (निय.१४) और चक्षुर्दर्शन,अचक्षुर्दर्शन तथा अवधिदर्शन विभावदर्शन हैं।(निय.१५)-**धर** पुं [धर] दर्शन को धारण करने वाला,सम्यग्दृष्टि।(द.१२)-**भट्ट** वि [भ्रष्ट] दर्शन से भ्रष्ट, दर्शन से च्युत।(द.३)दंसणभट्टा भट्टा।यहां दर्शन का अर्थ सम्यग्दर्शन न कर ऊपर कहे विशेष पारिभाषिक शब्द के रूप में ग्रहण करना युक्ति संगत प्रतीत होता है। -**भूद** वि [भूत] दर्शनरूप। (प्रव.ज्ञे.१००) -**मूल** पुं न [मूल]दर्शन का प्रधान, दर्शन का मुख्य,दर्शन का आधार। (द.२)-**मग्ग** पुं [मार्ग]दर्शनमार्ग। (द.१) -**मुक्क** वि [मुक्त] दर्शन से मुक्त, दर्शन से रहित। दंसणमुक्को य होइ चलसवओ। (भा.४२) -**मुह** न [मुख] दर्शन सहित।(प्रव.चा.१४)-**मोह** पुं [मोह] दर्शनमोह,मोहनीय कर्म का अवान्तर भेद। (निय.५३) सम्यग्दर्शन की उत्पत्ति में अन्तरङ्गबाधक कारण दर्शनमोह है। -**रयण** पुं न [रत्न] दर्शन रूपी रत्न।(द.२१,भा.१४६)-**विसुद्ध** वि[विशुद्ध] दर्शन से विशुद्ध, षोडशकारण भावनाओं में प्रथम भावना। (भा.१४

-**विहूण** वि [विहीन] दर्शन से रहित।(शी.५) -**सुद्ध** वि[शुद्ध] दर्शन से शुद्ध, निर्मल दर्शन वाला।(शी.१२) -**सुद्धि** वि [शुद्धि] दर्शन की शुद्धि, निर्दोष दर्शन, दर्शनविशुद्धि, सोलह कारण भावनाओं में प्रथम। दंसणसुद्धी य णाणसुद्धीय। (शी.२०) -**हीण** विं [हीन] दर्शन हीन, दर्शन से रहित। दंसणहीणो ण वंदिव्वो। (द.२) जिस प्रकार स्वच्छ आकाश मण्डल में ताराओं के समूह सहित चन्द्रमा का बिम्ब सुशोभित होता है, उसी प्रकार तप और व्रत से पवित्र दर्शन मय विशुद्ध जिनाकृति शोभित होती है। (भा.१४५) दर्शन गुणरूपी रत्नों में श्रेष्ठ तथा मोक्ष की पहली सीढ़ी है। (द.२१)

दट्ठ वि [द्रृष्ट] देखता हुआ, देखा हुआ। (भा.१५)

दट्ठ सक [दृश] देखना, अवलोकन करना। दट्ठं (हे.कृ.द.२४) दट्ठूण (सं.कृ.पंचा.१३०, नियं.५९, द.२५)

दड्ढ वि [दग्ध] जला हुआ। (भा.१२५)

दढ वि [दृढ] मजबूत, कठोर। -**करणणिमित्त** न [करणनिमित्त] मजबूत करने में कारण। (निय.८२) -**संजम** पुं [संजम] दृढ़संयम। (बो.१८)

दत्त वि [दत्त] 1. दिया हुआ। (प्रव.चा.५७) 2. न [दत्त] अचौर्य (स.२६४)

दप्प पुं [दर्प] अहङ्कार, अभिमान, घमण्ड, गर्व। (निय.७३, भा.१०२)

दम पुं [दम] दमन, निग्रह, इन्द्रियजय। (शी.१९) -**जुत्त** वि

[युक्त] दमनयुक्त, इन्द्रियनिग्रह से युक्त। (बो.५१)

दया स्त्री [दया] करुणा, दया, अनुकम्पा। (बो.२४, भा.१३२) कुरु दयपरिहरमुणिवर। यहां **दय** शब्द द्वितीया एकवचन में है। **-विसुद्ध** वि [विशुद्ध] दया से विशुद्ध, दया से निर्मल। धम्मो दया विसुद्धो। (बो.२४)

दव सक [द्रव] प्राप्त होना। (पंचा.९) दवियदि (व.प्र.ए.)

दविण पुं न [द्रविण] धन, पैसा, वैभव, सम्पत्ति। (प्रव.ज्ञे.१०१) देहा वा दविणा वा।

दविय न [द्रव्य] द्रव्य। जो भाव वस्तु के अपने-अपने गुण-पर्यायरूप स्वभाव को प्राप्त होता है तथा एक रूप में ही व्याप्त होता है, वह द्रव्य है। (पंचा.९) द्रव्य के तीन लक्षण दिये गये हैं-दव्वं सल्लक्खणियं (सत्लक्षण)। उप्पादव्वयधुवत्तसंजुत्तं (उत्पाद, व्यय और ध्रौव्ययुक्त)। गुणपज्जायसयं (गुण और पर्यायस्वरूप)। (पंचा.१०) समयसार में कहा है-जैसे सोना अपने कंगन आदि पर्याय से अभिन्न/एक रूप है वैसे ही द्रव्य अपने गुणों से तथा पर्यायों से अभिन्न है। (स. ३०८) **-भाव** पुं [भाव] द्रव्यभाव। (पंचा.६)

दव्व न [द्रव्य] द्रव्य। (पंचा.८५, स.१०८, प्रव.३६, निय.२६, बो.२७, भा.३३, चा.१८) **-उवभोग** पुं [उपभोग] द्रव्य कर्म के उपभोग। (स.१९६) **-कालसंभूद** वि [कालसंभूत] द्रव्यकाल से उत्पन्न। (पंचा.१००) **-जादि** स्त्री [जाति] द्रव्यसमूह। (प्रव.३७) **-ट्ठिअ** वि [आर्थिक] द्रव्यार्थिकनय विशेष।

(प्रव.ज्ञे.२२) -**णिग्गंथ** वि [निर्ग्रन्थ] बाह्य परिग्रह का त्यागी। (भा.७२) -**त्त** वि [त्व] द्रव्यत्व, द्रव्यपना। (प्रव.८९) -**त्थिअ** वि [आर्थिक] द्रव्यार्थिक, नयविशेष। (निय.१९) -**भाव** पुं [भाव] द्रव्य भाव, द्रव्य स्वभाव, द्रव्य की प्रकृति। (स.२०३) -**मअ** वि [मय] द्रव्यात्मक, द्रव्यमय, द्रव्यस्वरूप। (प्रव.ज्ञे.१) -**मित्त** न [मात्र] द्रव्यमात्र, द्रव्यकर्म की सम्पूर्णता। (भा.४८) ण हु लिंगी होइ दव्वमित्तेण। -**लिंग** न [लिङ्ग] द्रव्यलिङ्ग, बाह्य चिह्न। (भा.४८) -**लिंगि** वि [लिङ्गिन्] द्रव्यलिङ्गी, बाह्यवेष धारण करने वाला मुनि। (भा.१३)-**विजुत्त** वि [वियुक्त] द्रव्य से रहित।(पंचा.१२)-**सण्णा** स्त्री [संज्ञा] द्रव्यसंज्ञा, द्रव्यनाम। (पंचा.१०२)-**सवण** पुं [श्रमण]द्रव्यश्रमण,द्रव्यमुनि, बाह्यवेषधारी मुनि।(भा.३३,१२१)द्रव्य के छह भेद हैं-जीव, पुद्गल,धर्म,अधर्म,आकाश और काल।इन छह द्रव्यों के आधार पर ही विश्व की रचना संभव है। छह द्रव्यों के समूह का नाम विश्व है। विस्तार के लिए पंचास्तिकाय देखे।

दरि स्त्री [दरि] गुफा, कन्दरा, घाटी।(भा.२१)

दरिसण न [दर्शन] मत, विचारधारा। (स.३५३)

दरीसण न [दर्शन] मत,दर्शन।(स.४६)ववहारस्स दरीसण-मुवएसो।

दस त्रि [दशन्] दश, संख्या विशेष। (पंचा.७२, भा.३९, बो.३७) दस पाणा। (बो.३७) **ट्ठाणग** वि [स्थानक] दश प्रकार दशभेद। (पंचा.७२) पृथ्वी,जल,तेज,वायु,प्रत्येक वनस्पति, साधारण

वनस्पति, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रय और पञ्चेन्द्रिय ये दश स्थान हैं। **-पुव्वि** क्रि.वि.[पूर्वम्] दशपूर्व। दसपुव्वीओ वि किं गदो णरयं। (शी.३०) **वियप्प** पुं [विकल्प] दश प्रकार,दशभेद। (भा.१०५) विज्जवच्चं दसवियप्पं। **-विह** वि [विध] दश प्रकार का।अबभं दसविहं पमोत्तूण। (भा.९८)

दह त्रि [दश] दश संख्या विशेष। (बो०३४) **-प्राण** पुं [पाण] दश प्राण। पाँच इन्द्रिय, तीन बल, आयु और श्वासोच्छवास।

दा सक [दर्शय्] दिखलाना, दर्शन कराना। (स.५) जदि दाएज्ज पमाणं। दाए (वि./आ.प्र.ए.) दाएज्ज (वि./आ.उ.ए.)

दाण पुं न [दान] दान, त्याग। (प्रव.६९,द्वा.३१) **-रद** वि [रत] दान में तत्पर, दान में संलग्न। (प्रव.चा.६९)

दारा स्त्री [दारा] स्त्री,औरत। (मो.१०)

दारिद्द न [दारिद्र] निर्धनता, दीनता। (बो.४७)

दारुण वि [दारुण] विषम, भयंकर, भीषण। (भा.९)

दि सक [दा] देना। (पंचा.६७,स.२५२,२५५) दिंति (व.प्र.ए.द. ९) दिंता (व.कृ.पंचा.७) दिंतु (वि./आ.प्र.ब.भा.१६२)

दिक्खा स्त्री [दीक्षा] प्रव्रज्या, दीक्षा,संन्यास। (बो.१५,१७,२५, भा.११०) जं देइ दिक्खसिक्खा। (बो.१५)

दिट्ठ वि [दृष्ट] देखा हुआ,अवलोकित। (द.३०)

दिट्ठा सं.कृ. [दृष्ट्वा] देखकर। (प्रव.चा.५२,६१)

दिट्ठि स्त्री [दृष्टि] 1.नजर, दृष्टि। लोगालोगेसु वित्थडा दिट्ठी। (प्रव.६१,६७)2.सम्यग्दृष्टि, सम्यग्दर्शन। दिट्ठी अप्पप्पासया चेव

(निय.१६१)

दिढ वि [दृढ] मजबूत, स्थिर। (मो.४९,७०)

दिण पुं न [दिन] दिवस। **-यर** पुं [कर] सूर्य। (निय.१६०) दिणयरपयासतावं।

दिण्ण वि [दत्त] दिया हुआ। (सू.१७) दिण्णां परेण भत्त। (निय.६३)

दिय पुं [द्विज] दन्त, दांत। (भा.४०) दियसंगट्ठियमसणं।

दियह पुं न [दिवस] दिन, दिवस। (मो.२१)

दिव न [दिव्] स्वर्ग, देवलोक। (भा.६५) पहीणदेवो दिवो जाओ।

दिवा अ [दिवा] दिन,दिवस। (प्रव.ज्ञे.२९,निय.६१) **-रत्ति** [रात्रि] दिनरात। तीस मुहूर्त के बीतने का नाम। (पंचा.२५)

दिविज पुं [दिविज] देव, देवता। (द्वा.४२)

दिव्व अक/सक [दिव्] क्रीड़ा करना। जंत्तेण दिव्वमाणो। (लिं.१०)

दिव्व वि [दिव्य] स्वर्ग सम्बन्धी, स्वर्गिक। (भा.७४)

दिसि स्त्री [दिश्] दिशा।पूर्व, उत्तर, पश्चिम और दक्षिण। (चा.२५)

दिस्स सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना। (मो.२९) दिस्सदे (व.प्र.ए.)

दीव पुं [दीप] 1. प्रदीप, दीपक, दिआ। (प्रव.६७, भा.१२२) 2.पुं [द्वीप] द्वीप, जिसके चारों ओर पानी भरा हो ऐसा भूभाग। (द्वा.४०) **-अंबुरासि** वि [अम्बुराशि] द्वीप का जल समूह, द्वीप समुद्र। (द्वा.४०)

दीवायण पुं [द्वीपायन] द्वीपायन नामक मुनि। (भा.५०)

दीस सक [दृश्] देखा जाना, अवलोकित किया जाना। (स.३११, ३२२) दीसइ/दीसए (कर्म.व.प्र.ए.) कर्मणि प्रयोग में दृश् का **दीस** आदेश हो जाता है।

दीह वि [दीर्घ] लम्बा,अधिक,विस्तार। (भा.९९) **-काल** पुं [काल] दीर्घसमय, अधिकसमय। (भा.९५) **-संसार** पुं [संसार], दीर्घसंसार, जन्मजन्मांतर। (भा.९९) जो जीव, यह मेरा पुत्र है, यह मेरी स्त्री है, यह मेरा धन-धान्य है, ऐसी तीव्र आकांक्षा करता है, वह दीर्घ संसार में परिभ्रमण करता है। (द्व.२४-३८)

दु अ [तु] और, तथा, किन्तु,परन्तु, लेकिन, ऐसा, तो, इसलिए, कि, फिर भी । (पंचा.८९, स.२५३,२१०,भा.१८, मो.४) कालो दु पडुच्चभवो। (पंचा.२६) सो तेण दु अण्णाणी। (मो.५६)

दु अ [दुर्] खराब, बुरा, दुष्ट, अशुभ। (प्रव.ज्ञे.६६,निय.१०३, बो.३६,मो.१६)

दुइय वि [द्वितीय] द्वितीय, दूसरा। (सू.२१)

दुक्ख पुं न [दुःख] पीड़ा, क्षोभ, व्यथा। (पंचा.१२२, स.७४, प्रव.२०, निय.१७८) जीव के साथ बंधे हुए आस्रव अनित्य, अशरण और दुःख। (स.७४) आस्रवों की अशुचिता, और विपरीतता ही दुःख का कारण है।(स.७२)**-क्खय** वि [क्षय] दुःखक्षय, दुख का नाश, दुःख रहित।(चा.२०) **-परिमोक्ख** पुं [परिमोक्ष] दुःखों से पूर्ण मुक्ति, दुःखों से अत्यन्त छुटकारा। (पंचा.१०३, प्रव .चा.१) **-फल** पुं न [फल] दुःखफल दुःख का

परिणाम,दुःख का प्रयोजन।दुक्खा दुक्खाफलाणि य।(स.७४) **-मोक्ख** पुं [मोक्ष] दुःख से मुक्ति। (पंचा.१६५) **-रहिय** वि [रहित] दुःख से रहित, दुःख से परे। (बो.३६) **-संतत्त** वि [संतप्त] दुःख से संतप्त,दुःख से पीड़ित । (प्रव.७५) आमरणं दुक्खसंतत्ता। **-सहिस्स** वि [सहस्र] हजारों दुःख। (प्रव.१२) दुक्खसहिस्सेहिं सदा।दुक्खा (प्र.ब.स.७४) दुक्खाइं (द्वि.ब.भा.११) दुक्खेण (तृ.ए.भा.१९) दुक्खस्स (च./ष.ए.स.७२) दुक्खादो (पं.ए.पंचा.१२२)

दुक्ख सक [दुःखय्] दुःख होना, दर्द होना। दुक्खाविज्जइ तहेव कम्मेहिं। (स.३३३) दुक्खाविज्जइ (प्रे.व.प्र.ए.)

दुक्खिद वि [दुःखित] दुःखयुक्त, दुःखी, पीड़ित, व्यथित। (स.२५३-२५९) दुक्खिदसुहिदा हवंति जदि जीवे। (स.२५४)

दुग न [द्विक] दो, युग्म, युगल। (प्रव.ज्ञे.४९)

दुगइ स्त्री [दुर्गति] खोटी पर्याय, अशुभ पर्याय। (मो.१६)

दुगंछा/दुगुंछा स्त्री [जुगुप्सा] घृणा, निंदा। जो दुगंछा भयं वेद। (निय.१३२) णत्थि दुगुंछा य दोसो य। (बो.३६)

दुगुण पुं न [द्विगुण] दुगुना, स्निग्धता के दो अंशों को धारण करने वाला। (प्रव.ज्ञे.७४)

दुग्ग पुं न [दुर्ग] किला, गढ़,कोट। (द्वा.९)

दुग्गंध पुं [दुर्गन्ध] दुर्गन्ध, खराब गन्ध, बदबू। (भा.४२)

दुच्चरित्त न [दुश्चरित्र] दुराचरण, दुष्ट प्रवर्तन, खराब आचरण। (निय.१०३)

दुच्चित्त न [दुश्चित्त] अशुभमन, आर्तरौद्र ध्यानरूप मन। (प्रव.ज्ञे.६६)

दुज्जण पुं [दुर्जन] दुष्ट, खल। (भा.१०७)

दुज्जय वि [दुर्जय] कठिनता से जीता जाने वाला, दुर्जेय। (भा.१५५)

दुट्ठ वि [द्विष्ट] द्वेष युक्त, कुत्सित, दूषित, दुष्ट। (प्रव.ज्ञे.६६)

दुद्ध न [दुग्ध] दूध,क्षीर। (स.३१७) **-ज्झसिय** वि [अध्युषित] दूध में डुबाया हुआ। (प्रव.३०) दुद्धज्झसियं जहा सभासाए।

दुद्धी स्त्री [दुर्+धी] दुष्ट बुद्धि, दुर्बुद्धि। (भा.१३८)

दुपदेस वि [द्विप्रदेश] दो प्रदेश वाला, दो अवयव वाला। जो परमाणु द्वितीयादि प्रदेशों से रहित, एक प्रदेश मात्र है, स्वयं शब्द से रहित स्निग्ध और रूक्ष गुण धारक द्विप्रदेशादिपने का अनुभव करता है। (प्रव.ज्ञे.७१)

दुप्पउत्त वि [दुष्प्रयुक्त] दुरुपयोग वाला, असत् क्रियाओं में आसक्ति रखने वाला,असत् क्रियाओं में लीन। (पंचा.१४०)

दुब्भाव पुं [दुर्भाव] असत्भाव, खोटे परिणाम। (द्वा.८०)

दुम पुं [द्रुम]वृक्ष,पेड़।(द.१०)जह मूलम्मि विणट्ठे,दुमस्स परिवार णत्थि परिवड्ढी।

दुम्मअ वि [दुर्मत] मिथ्यामत, आगम या आप्त से विपरीत मान्यता। दुम्मएहिं दोसेहिं। (भा.१३८)

दुम्मेह वि [दुर्मेधस्] दुर्बुद्धि, दुर्मति, मिथ्यामति वाला। (स.४३) परमप्पाणं वदंति दुम्मेहा।

दुराधिग/दुराधिय वि [द्वि+अधिक] दो से अधिक, दो अधिक। (प्रव.ज्ञे.७३) समदो दुराधिगा जदि बज्झंति हि आदि परिहीणा।

दुल्लह वि [दुर्लभ] कठिनाई से प्राप्त होने वाला, दुःख से प्राप्त होने वाला। (द.१२) बोही पुण दुल्लहा तेसिं।

दुविध वि [द्विविध] दो प्रकार का। (पंचा.४७)

दुवियप्प पुं [द्विविकल्प] दो भेद, दो प्रकार। (निय.१४,१६,२०, पंचा.७१)

दुविह वि [द्विविध] दो प्रकार का, दो रूप वाला। (पंचा.४०, स.८७, द.१४) उवओगो खलु दुविहो। (पंचा.४०) **-धम्म** पुं न [धर्म] दो प्रकार का धर्म दो प्रकार का स्वभाव। (भा.१४३) **-पयार** पुं [प्रकार] दो प्रकार। दुविहपयारं बंधइ। (भा.११८) **-पि** अ [अपि] दोनों ही। दुविहं पि गंथचायं। (द.१४) **-सुत्त** न [सूत्र] दो प्रकार के सूत्र, दो प्रकार के श्रुत, दो प्रकार के आगम। अर्थ और शब्द की अपेक्षा **सूत्र**, आगम या श्रुत दो प्रकार का है। (सू.३)

दुस्स सक [द्विष्] द्वेष करना। (प्रव.चा.४३) दुस्सदि (व.प्र.ए.)

दुस्सुदि स्त्री [दुःश्रुति] मिथ्याश्रुति, मिथ्याशास्त्र का श्रवण, आप्त कथित अर्थयुक्त शास्त्र को न सुनना। (प्रव.ज्ञे.६६)

दुस्सील वि [दुश्शील] दुःशील, शील से रहित। (द.१६,१७)

दुह पुं न [दुःख] कष्ट, पीड़ा,क्लेश। (भा.१४,१२६,मो ६२) दुहाइं (द्वि.ब.भा.१२६) दुहे जादे विणस्सदि। (मो.६२)

दुह सक [दुःखय्] दुःखी करना, पीड़ित करना। (स.२५७,२५८)

तम्हा दु मारिदो दे दुहाविदो।

दुहि वि [दुःखिन्] दुःखी, पीड़ित। (स.३५५)

दुहिद वि [दुःखित] दुःखी, पीड़ित। (पंचा.१३७, स.३८९, प्रव.७५)

दूर न [दूर] अनिकट, असमीप। **-तर** वि [तर]अत्यन्त दूर, बहुत दूर। दूरतरं णिव्वाणं। (पंचा.१७०)

दूस सक [दूषय्] दोष लगाना, दूषित करना। (लिं.१७) महिलावग्गं परं च दूसेदि। दूसेदि (व.प्र.ए.)

दूसिय वि [दूषित] दूषणयुक्त, कलङ्कयुक्त। (भा.१०१)

दे सक [दा] देना, प्रदान करना। (स.२२५, बो.१५) देऊ (वि./आ.प्र.ए.भा.१५१) देऊ मम उत्तमं बोहिं। देदुं (हे.कृ.प्रव. ज्ञे.४८) देदि (व.प्र.ए.पंचा.६३, स.२२४) देंति (व.प्र.ब.पंचा. ११०)

देव पुं न [दिव], अमर, सुर। (पंचा.११८,स.२६८,प्रव.६,मो.१, भा.१३) 2.देवपर्याय,देवगति। (पंचा.१८,१९)

देवद न [दैवत] देव, देवता। (प्रव.६९,७४) देवदजदिगुरुपूजासु

देवदा स्त्री [दिवता] देवता, देव। तेजो उण्हो य देवदा णभसि। (प्रव.६८)

देस पुं [देश] 1.देश, जनपद। (प्रव.चा.४३) 2.प्रदेश, स्थान, क्षेत्र। (निय.३६) अणंतयं हवे देसा।

देसय वि [देशक] उपदेशक, प्ररुपक। (निय.७४) जिणकहियपयत्थदेसया सूरा।

देशविरद वि [देशविरत] श्रावक, उपासक, पञ्चमगुणस्थानवर्ती। देशविरत श्रावक के ग्यारह भेद हैं- दर्शन, व्रत, सामायिक, प्रोषध, सचित्तत्याग, रात्रिभुक्तित्याग, ब्रह्मचर्य, आरम्भत्याग, परिग्रहत्याग, अनुमतित्याग और उद्दिष्टत्याग। (चा.२२)

देसिद वि [दर्शित] बताए गए, दिखलाए गये। (स.३०९) जे परिणामा दु देसिदा सुत्ते।

देसिय वि [देशित] उपदिष्ट, उपदेशित, कथित, प्रतिपादित। सव्वं बुद्धेहि देसियं धम्मं। (लिं.२२)

देह पुं न [दिह] शरीर, काय। (पंचा.१२९,स.२६,प्रव.७१, मो.१२) **-अंतरसंकम** वि [अन्तरसंक्रम] अन्यपर्याय का सम्बन्ध। (प्रव.ज्ञे.७८) **-उब्भव** वि [उद्भव] शरीर से उत्पन्न। (प्रव.७८) **-उड** पुं न [पुट] शरीर रूपी पात्र। चिंतेहि देहउडं। (भा.४२) **-उडी** स्त्री [कुटि] शरीररूपी कुटिया। (भा.१३१) रोयग्गी जा ण डहइ देहउडिं। **-गद** वि [गत] शरीरगत, शरीर को प्राप्त। (प्रव.२०) **-गुण** पुं न [गुण]शरीर गुण, शरीर के गुण। देहगुणे थुव्वंते। (स.३०) **-णिम्मम** वि [निर्मम] शरीर के प्रति ममत्व न होना , शरीर के प्रति अनुराग न होना, देह प्रेम न होना। देहणिम्ममा अरिहा। (स.४०९) **-त्थ** वि [स्थ] शरीरस्थ, शरीर में रहता हुआ। देहत्थं किं पि तं मुणह। (मो.१०३) तह देही देहत्थो। **-दविण** न [द्रविण] शरीर और धन। (प्रव.ज्ञे.९८) **-पधाण** वि [प्रधान] शरीर की मुख्यता, जिसमें शरीर की प्रधानता है। (प्रव.ज्ञे.५८) देहपधाणेसु विसयेसु। **-प्पवियारमस्सिद** वि

[प्रवीचारमाश्रित] शरीर के परिवर्तन को प्राप्त, एक के बाद एक शरीर को प्राप्त। (पंचा.१२०) देहप्पविचारमस्सिदा भणिदा। **-मत्त** न [मात्र] शरीर मात्र, शरीर प्रमाण, स्वदेह प्रमाण। (पंचा.२७) **-विहूण** वि [विहीन] शरीर रहित। देहविहूणा सिद्धा। (पंचा.१२०)

देहि पुं [देहिन्] आत्मा, जीव। (पंचा.१७,३३,प्रव.६६) तह देहि देहत्थो। (पंचा.३३)

दो त्रि [द्वि] दो, संख्या विशेष। (पंचा.८१, स.१८७) दो किरियावादिणो होइ। (स.८६) दोण्णि (द्वि.ब.स.६५) दोण्हं (च./ष.ब.स.८१, पंचा.१२) **-वि** अ [अपि]दोनों ही (पंचा.८७, १३७,१३९) दो वि य मया विभत्ता। (पंचा.८७)

दोस पुं [दोष] 1.दोष, दूषण, दुर्गुण। पुग्गलदव्वस्स जे इमे दोसा। (स.२८६) 2.पुं [द्वेष] द्वेष, कलह। रायम्हि य दोसम्हि य। (स.२८१) **-आवास** पुं [आवास] दोषों का घर। (भा.७१) दोसावासो य इच्छुफुल्लसमो। **-कम्म** पुं न [कर्मन्] दोषकर्म, राग द्वेष, मोहकर्म। (बो.२९) हंतूण दोसकम्मे। **-विरहिय** वि [विरहित] दोषों से रहित,पूर्वापर दोष से रहित।पुव्वापरदोस-विरिहियं सुद्धं। (निय.८)

दोहग्ग न [दौर्भाग्य] दुष्ट भाग्य, मन्दभाग्य, दुर्भाग्य। (शी.२३)

ध

धण न [धन] सम्पत्ति, धन, वैभव। (पंचा.४७, बो.४५, द्वा.३१) धणधण्णवत्थदाणं।

धणुह पुं न [धनुष्] धनुष, चाप। (बो.२२)

धण्ण न [धान्य] 1. धान, अनाज। (बो.४५, द्वा.३१) 2. वि [धन्य] भाग्यशाली, भाग्यवान्, प्रशंसनीय। ते धण्णा ताण णमो। (भा.१२८)

धम्म पुं न [धर्म] 1.धर्म, शुभाचरण, शुभप्रवृत्ति। आत्मा की निर्मल परिणति का नाम धर्म है। धर्म समता है, जो राग, द्वेष और मोह से रहित है। (प्रव. ६,७) धर्मरूप परिणत आत्मा धर्म है। धम्मपरिणदो आदा धम्मो। (प्रव.८) दर्शनपाहुड में दर्शन धर्म का मूल कहा गया है। (द.२) बोधपाहुड में **धम्मो दयाविसुद्धो** कहा गया है। इसका अभिप्राय यह है कि, प्राणीमात्र के प्रति समभाव, प्राणीमात्र को आत्मवत् समझना, करुणाधर्म है। (बो.२४) मोक्षपाहुड में प्रवचनसार की तरह चारित्र को धर्म कहा गया है, वह धर्म आत्मा का समभाव है और यह समभाव जीव का अभिन्न परिणाम है। (मो.५०) **-उवदेस** पुं [उपदेश] धर्म उपदेश, सिद्धान्तबोध, आत्मज्ञान। (प्रव.४४)**-उवदेसि** वि [उपदेशिक] धर्मोपदेशिक। (चा.भ.१) **-कहा** स्त्री [कथा] धर्मकथा। (श्रु.भ.अं.) **-ज्झाण** न [ध्यान] धर्मध्यान। (निय.१२३, मो.७६) **-णिम्ममत्त** वि [निर्ममत्व] धर्म से निर्ममत्व। (स.३७) **-परिणद** वि [परिणत] धर्म परिणत। (प्रव.८) **-संग** पुं न [सङ्ग] धर्मसम्बन्ध। (स.ज.वृ.१२५) **-संपत्ति** स्त्री [सम्पत्ति] धर्मरूपी सम्पत्ति, धर्मवैभव। **-सील** न [शील] धर्मशील, धार्मिक।(द.९)2.पुं न [धर्म] एक अरूपीपदार्थ, जो जीव एवं

पुद्गल को गति करते हुए में सहायक है। रस, वर्ण, गन्ध, शब्द एवं स्पर्शरहित, समस्त लोक में व्याप्त,अखण्डप्रदेशी, परस्पर व्यवधान रहित, विस्तृत और असंख्यातप्रदेशी है। स्वयं गति क्रिया से युक्त जीव एवं पुद्गलों को गति करने में जो सहकारी होता है, किन्तु स्वयं निष्क्रिय ही है। जिस प्रकार लोक में जल मछलियों के गमन करने में अनुग्रह करता है उसी तरह धर्मद्रव्य जीव और पुद्गल द्रव्य के गमन में अनुग्रह करता है। (पंचा.८४, ८५) **-अत्थिकाय** पुं [अस्तिकाय] धर्मास्तिकाय। (पंचा.८३, प्रव.ज्ञे २६, निय.१८३) **-च्छि** पुं [अस्ति] धर्मास्तिकाय। (स.ज.वृ.२११) **-दव्व** पुं न [द्रव्य] धर्मद्रव्य। (प्रव.ज्ञे.४१) 3.पुं [धर्म] धर्मनाथ, पंद्रहवें तीर्थङ्कर का नाम। (ती.भ.४)

धम्मिग वि [धार्मिक] धर्मतत्पर, धर्मपरायण धर्मवत्सल। (प्रव.चा.५९) समभावो धम्मिगेसु सव्वेसु।

धर सक [धृ] धारण करना। धरइ (व.प्र.ए.निय.११६) धरहि (वि./आ.म.ए.भा.८०) धरवि (अप.सं.कृ.मो.४४) तिहि तिण्णि धरवि णिच्चं। धरेह (वि./आ.म.ए.भा.१४६, द.२१) धरु (वि./आ.म.ए.निय.१४०) धरिदुं (हे.कृ.पंचा.१६८, निय.१०६, द्वा.८०) धरिदुं जस्स ण सक्कं। (पंचा.१६८)

धर वि [धर] धारण करने वाला। (भा.१४४)

धरा स्त्री [धरा] पृथिवी, भूमि। (निय.२१)

धरिय वि [धरित] धारण किए हुए, पकड़े हुए। (पं.भ.१)

धवल वि [धवल] सफेद, श्वेत, सित। गोखीरसंखधवलं। (बो.३७)

धाउ पुं [धातु] धातु। पृथ्वी,जल, तेज, और वायु ये चार धातु/महाभूत हैं।धाउचउक्कस्स पुणो। (निय.२५)

धादा वि [ध्याता] ध्यान करने वाला। मोहजन्य कलुषता से रहित, पञ्चेन्द्रिय विषयों से विरत, मन को स्थिर कर निज स्वभाव में सम्यक् प्रकार से स्थित व्यक्ति ध्याता कहलाता है। (प्रव.ज्ञे.१०४) जो खविदमोहकलुसो, विसयविरत्तो मणो णिरुंभित्ता। समवट्ठिदो सहावे, सो अप्पाणं हवइ धादा।।

धादु पुं [धातु] देखो धाउ। (पंचा.७८, द्वा.३५)

धार सक [धारय्] धारण करना, रखना। (स.१५३, प्रव.ज्ञे.५८, लिं.१४) धारदि (व.प्र.ए.प्रव.ज्ञे.५८) (व.प्र.ए.स.१५२) धारंता (व.कृ.स.१५३) धारंतो (व.कृ.लिं.१५)

धारण न [धारण] ग्रहण, अवलम्बन, प्रयोग। (स.३०६, भा.२६)

धारणा स्त्री [धारणा] धारणा,मति ज्ञान का एक भेद। (आ.भ.९)

धाव सक [धाव्] दौड़ना। उप्पडदि पडदि धावदि। (लिं.१५)

धीर वि [धीर] धीर, धैर्यवान्, सहिष्णु, ज्ञानी। (पंचा.७०, निय.७३, भा.२४, चा.२०) ते धीर-वीरपुरिसा, खमदमखग्गेण विप्फुरंतेण। (भा.१५५)

धुद वि [धुत] त्यक्त, परित्यक्त, त्याज्य। (नि.भ.२) **-किलेस** पुं [क्लेश] दुःख रहित, बाधा रहित। (नि.भ.२)

धुव वि [ध्रुव] निश्चल, स्थिर, नित्य, शाश्वत्, स्थायी। (प्रव.२४, मो.६०,बो.१२)ध्रुवमचलमणोवमं पत्ते।(स.१)**-त्त** वि [त्व]

ध्रुवत्व, नित्यपना। (प्रव.ज्ञे.४)

धूव पुं [धूप] धूप, सुगन्धित पदार्थ, देवपूजा के योग्य सुगन्धित पदार्थ। (नि.भ.अं.,नं.भ.अं.)

धोद वि [धौत] धो देने वाला, नष्ट करने वाला। (प्रव.१)

धोव्व वि [ध्रुव] नित्य, शाश्वत्। (प्रव.८)

प

पइट्ठा स्त्री [प्रतिष्ठा] धारणा, स्थापना, प्रतिष्ठा मान,गरिमा, एक समिति का नाम । (निय.६५)

पइण्ण न [प्रकीर्ण] प्रकीर्णक, आगम ग्रन्थ। (श्रु.भ.अं.)

पईव पुं [प्रदीप] दीपक, दिया। (भा.१२२)

पउम न [पद्म] कमल, अरविन्द। (पंचा.३३) **-रायरयण** पुं न [रागरत्न] पद्मरागमणि। (पंचा.३३) **-प्पह** पुं [प्रभ] पद्मप्रभ, छटवें तीर्थङ्कर का नाम। (ती.भ.३)

पउर वि [प्रचुर] बहुत, अधिक, प्रचुर। (मो.९५)

पएस पुं [प्रदेश] प्रदेश, स्थान। (भा.३६, ४७)

पंच त्रि [पञ्चन्] पांच, संख्या विशेष। **-आचार** पुं [आचार] पंचाचार। दर्शनाचार, ज्ञानाचार, चारित्राचार, तप आचार और वीर्याचार।(निय.७३)**-इंदिय/एंदिय** न [इन्द्रिय] पांच इन्द्रियां। स्पर्शन,रस,घ्राण,चक्षु और कर्ण। (बो.४३,२५,निय.७३, भा.२९) **-चेल** न [चेल] पांच वस्त्र, पांच प्रकार के वस्त्र। जे

पंचचेलसत्ता। (मो.७९) कोशा, सूती, ऊनी, सन या जूट से निर्मित तथा चमड़े से बने। **-त्थी** अ [अस्ति] पञ्चास्ति, पंचास्तिकाय। (द.१९) **-पयार** वि [प्रकार] पांच भेद। (भा.१०४) **परमेट्ठी** वि [परमेष्ठिन्] परमेष्ठी, अरहन्त, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु। (पं.भ.७) **-महव्वयजुत्त** वि [महाव्रतयुक्त] पांच महाव्रतों से युक्त। **(सू.२०, बो.४३)** **-महव्वयधारि** वि [महाव्रतधारिन्] पांच महाव्रत को धारण करने वाला, मुनि। (बो.५) **-महव्वयसुद्ध** वि [महाव्रतशुद्ध] पांच महाव्रतों से शुद्ध। (बो.७) **-वय** पुं न [व्रत] पांचव्रत। (चा.२८) **विंसकिरिया** स्त्री [विंशत्क्रिया] पच्चीस क्रियायें। (चा.२८) **-विह** वि [विध] पांच प्रकार। (भा.८१, बो.३०) **-समिदि** स्त्री [समिति] पांच समितियां। (चा.२८) ईर्या, भाषा, एषणा, आदान-निक्षेपण और प्रतिष्ठापन। (चा.३७)

पंचम वि [पञ्चम] पांचवा। **-य** वि [क] पञ्चमक, पांचवा। (चा.३०) **-वद** पुं न [व्रत] पांचवाव्रत, परिग्रहत्यागव्रत। निरपेक्ष भावना पूर्वक मान-सम्मान की इच्छा न रखते हुए समस्त परिग्रहों का त्याग करना परिग्रहत्यागमहाव्रत है। (निय.६०)

पंचाणण पुं [पञ्चानन] सिंह, शेर। (पं.भ.४)

पंचिंदिय/पंचेंदिय वि [पञ्चेन्द्रिय] पांच इन्द्रियों से युक्त जीव, जाति नाम कर्म का एक भेद। **-संवर** पुं [संवर] पंचेन्द्रिय सम्बंधी कर्म निरोध। (चा.२९) **-संवरण** न [संवरण] पञ्चेन्द्रिय निरोध।

(चा.२८) -**संजद** वि [संयत] पंचेन्द्रिय विजयी, पांच इन्द्रियों पर विजय प्राप्त करने वाला। (बो.२५) -**संवुड** वि [संवृत] पांच इन्द्रियों को रोकने वाला। (प्रव.चा.४०)

पंडु पुं [पाण्डु] पाण्डु, पाण्डव। -**सुअ** पुं [सुत] पाण्डुसुत, पाण्डवपुत्र–युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन। (नि.भ.७)

पंथ पुं [पन्थन्] मार्ग, पथ, रास्ता। पंथे मुस्संतं। (स.५८)

पंथिय पुं [पन्थिक] पथिक, राहगीर। (भा.६)

पुंवेद पुं [पुंवेद] पुंलिङ्ग। (सि.भ.६)

पकुव्व सक [प्र+कृ] करना। उप्पादवए पकुव्वंति। (पंचा.१५, ४४)

पक्क वि [पक्व] पका हुआ, परिपक्व। (स.१६८) पक्के फलम्हि पडिए।

पक्ख पुं [पक्ष] 1. तर्कशास्त्र में प्रसिद्ध अनुमान प्रमाण का एक अवयव, नय पक्ष। (स.१४२) **अतिक्कंत** वि [अतिक्रान्त] पक्ष से अतिक्रान्त, पक्ष से दूरवर्ती। (स.१४२) पक्खातिक्कंतो पुण। 2. पंख। 3. पक्ष, पन्द्रह दिन का एक पक्ष होता है। (पंचा.२५)

-**खवण** न [क्षपण] पक्षोपवास, व्रत विशेष। (यो.भ.अं.)

पक्ख सक [प्र+वद्] कहना। (निय.५४)

पक्खीण वि [प्रक्षीण] अत्यन्त क्षीण, सर्वथा नष्ट, अतीन्द्रिय घातियां कर्मों से रहित। पक्खीणघादिकम्मो। (प्रव.१९)

पगद वि [प्रकृत] प्रस्तुत, अधिकृत, उत्तमवस्तु। (प्रव.चा.६१) दिट्ठा पगदं वत्थुं।

पगरण न [प्रकरण] अधिकार, प्रासंगिक, प्रासंगिक कार्य।

(स.१९७) परगणचेट्ठा कस्सवि।

पगासग वि [प्रकाशक] प्रकाश करने वाला, प्रकाशक। (पंचा.५१)

पचोदिद वि [प्रचोदित] प्रेरित,प्रेरणा को प्राप्त।पवयण-भत्तिप्पचोदिदेण मया। (पंचा.१७३)

पच्चक्ख न [प्रत्यक्ष] इन्द्रिय आदि की सहायता के बिना उत्पन्न होने वाला ज्ञान, विशद, निर्मल। (प्रव.२१, ३८, सू.४) मूर्त, अमूर्त, चेतन, अचेतन, स्व एवं पर द्रव्य को देखने वाला ज्ञान प्रत्यक्ष है, अतीन्द्रिय है। मुत्तममुत्तं दव्वं, चेदणमियरं सगं च सव्वं च। पेच्छंतस्स दु णाणं,पच्चक्खमणिंदियं होइ।।(निय.१६७)

पच्चक्खा सक [प्रत्या+ख्या] त्यागना, छोड़ना, निराकरण करना। (स.३४) पच्चक्खाई परे त्ति णादूणं। पच्चक्खाइ (व.प्र.ए.)

पच्चक्खाण न [प्रत्याख्यान] 1.प्रत्याख्यान, त्याग करने की प्रतिज्ञा। (स.३४,निय.१००,भा.५८)2.आगम ग्रन्थ, नवम पूर्व। (श्रु.भ.६)

पच्चय पुं [प्रत्यय] 1. प्रत्यय, कारण, प्रतीति, ज्ञान, बोध, निर्णय (स.११५)पच्चयणोकम्मकम्माणं।(स.११४) 2.व्याकरण प्रसिद्ध प्रकृति में लगने वाला शब्द विशेष।(स.११२) 3.बन्ध का कारण, हेतु,निमित्त। (स.१०९)

पच्चूस पुं [प्रत्यूष] प्रातःकाल, प्रभात। (नि.भ.अं.)

पच्छण्ण वि [प्रच्छन्न] गुप्त, अप्रकट, आच्छादित, ढंका हुआ। (प्रव.५४)

पच्छा अ [पश्चात्] पीछे, अनन्तर। (भा.७३)

पजंपिय वि [प्रजम्पित] कथित। (मो.३८)

पजह सक [प्र+हा] त्याग करना,छोड़ना। (प्रव. ज्ञे.२०) पजहे (वि./आ.प्र.ए.स.२२२) पजहिदूण (सं.कृ.स.२२३)

पज्जअ/पज्जय पुं [पर्यय] पर्यय, क्रम, परिपाटी। (पंचा.५, १६, स.३०८, प्रव.४१) देव, मनुष्य, नारकी और तिर्यञ्च ये जीव की पर्यायें हैं। (पंचा.१६) **-ट्ठिअ** वि [आर्थिक] पर्यायार्थिक, नय विशेष। पर्यायार्थिकनय से वस्तु या द्रव्य अन्य-अन्य रूप होता है। (प्रव.ज्ञे.२२) **-त्त** वि [त्व] पर्यायत्व। (प्रव.८०) **-त्थ** वि [अर्थ] पर्यायार्थिक। (प्रव.ज्ञे.१९) **-मूढ** वि [मूढ] पर्यायमूढ, पर्याय में मुग्ध। **-विजुद** वि [वियुक्त] पर्याय रहित। (पंचा.१२) पज्जयविजुदं दव्वं।

पज्जत्त न [पर्याप्त] कर्म विशेष, नाम कर्म का एक भेद, जिसके उदय से जीव छहों पर्याप्तियों से युक्त होता है। (स.६७)

पज्जत्ति स्त्री [पर्याप्ति] पर्याप्ति, कर्मविशेष। (बो.३३,३६) आहार, शरीर, इन्द्रिय, श्वासोच्छवास, भाषा और मन, ये छह पर्याप्तियां हैं।

पज्जल अक [प्र+ज्वल्] जलना, दग्ध होना। (भा.१२२)

पज्जाअ/पज्जाय पुं [पर्याय] पर्याय, परिणमन, पदार्थस्वभाव। (पंचा.११)देव की उत्पत्ति एवं मनुष्य का मरण होना, यही पर्याय-परिणमन है। (पंचा.१८) प्रवचनसार में इसी बात को इस तरह कहा गया है---उप्पादो य विणासो, विज्जदि सव्वस्स अत्थजादस्स। पज्जाएण दु केण वि, अत्थो खलु होदि सब्भूदो।

(प्रव.१८)

पज्जालण वि [प्रज्वालन] जलाने वाला, जलाने योग्य। (पं.भ.६)

पज्जुण्ण पुं [प्रद्युम्न] प्रद्युम्न,एक मुनि विशेष। (नि.भ.५)

पढमाणुओग पुं [प्रथमानुयोग] ग्रन्थ विशेष, प्रथमानुयोग। (श्रु.भ.४,श्रु.भ.अं.)

पड पुं [पट] वस्त्र, कपड़ा। (स.९८, १००) जीवो ण करेदि घडं, णेव पडं।

पड अक [पत्] पड़ना, गिरना। जे वि पडंति च तेसिं। (द.१३)

पडि अ [प्रति] 1. निषेध, उपसर्ग विशेष। पडिवज्जदु (प्रव.चा.५२) 2. निकटता, समीपता। पडिसरणं (स.३०६)

पडिअ वि [पतित] गिरा हुआ, च्युत।(भा.४९)पक्के फलम्हि पडिए। (स.१६८)

पडिकमण/पडिक्कमण न [प्रतिक्रमण] प्रमाद से किये हुए पाप का पश्चात्ताप, छह आवश्यकों में एक भेद, जैन मुनि एवं गृहस्थों द्वारा सुबह एवं शाम को किया जाने वाला धार्मिक अनुष्ठान। (निय.९४) जो उन्मार्ग को छोड़कर जिनमार्ग में स्थिर भाव करता है, उसे प्रतिक्रमण होता है। (निय.८६)

पडिक्कम अक [प्रति+क्रम्] पीछे की ओर चलना, प्रतिक्रमण करना, पापों का पश्चात्ताप करना। (स.३८६) णिच्चं य पडिक्कमदि जो।

पडिच्छ सक [प्रति+इष्] ग्रहण करना, मानना, चाहना। (प्रव.६२) भव्वा वा तं पडिच्छंति। पडिच्छंति (व.प्र.ब.) पडिच्छ

(वि./आ.म.ए.प्रव.चा.३) पडिच्छ मं चेदि अणुगहिदो।

पडिच्छग वि [प्रत्येषक] वाञ्छक, चाहनेवाला, इच्छुक। (प्रव.चा.२७) तं पि तवो पडिच्छगो समणो।

पडिणिबद्ध वि [प्रतिनिबद्ध] रोकनेवाला, रुका हुआ। (स.१६२)

पडिदेस पुं [प्रतिदेश] प्रत्येक देश, प्रत्येक क्षेत्र। (भा.३५)

पडिपुण्ण वि [परिपूर्ण] परिपूर्ण, सम्पूर्ण। (प्रव.चा.१४)

पडिबद्ध वि [प्रतिबद्ध] व्याप्त, नियत, बंधा हुआ। (स.२८८)

पडिमट्ठायी स्त्री [प्रतिमास्थायी] प्रतिमा योगों में स्थित। (यो.भ.११)

पडिमा स्त्री [प्रतिमा] मूर्ति, प्रतिमा, प्रतिबिम्ब, आकार। (बो.३, द.३५) दर्शन और ज्ञान से पवित्र चारित्रवाले, निष्परिग्रह, वीतराग मुनियों का अपना तथा दूसरों का चलता-फिरता शरीर, जिनमार्ग में प्रतिमा कहा गया है। (बो.९) बोधपाहुड में प्रतिमा के निम्न भेद किये हैं-जंगमप्रतिमा, स्थावर प्रतिमा, जिनबिम्ब, अर्हन्मुद्रा, जिनमुद्रा। (बो.१०-१९)

पडिवज्ज सक [प्रति+पद्] स्वीकार करना, अङ्गीकार करना, प्राप्त करना। पडिवज्जदि तं किवया। (पंचा.१३७) पडिवज्जदि (व.प्र.ए.) पडिवज्जदु (वि./आ.प्र.ए.प्रव.चा.१,५२)

पडिवण्ण वि [प्रतिपन्न] स्वीकृत, अङ्गीकृत, प्राप्त। (प्रव.ज्ञे.९८) पडिवण्णो होदि उम्मग्गं।

पडिवत्ति स्त्री [प्रतिपत्ति] प्रवृत्ति, प्राप्ति, जानकारी। (प्रव.चा.४७)

पडिसरण न [प्रतिसरण] प्रतिसरण, उल्टा चलना। (स.३०६, स.ज.वृ.३०७)

पडिसिद्ध वि [प्रतिषिद्ध] निषिद्ध, निवारित। (स.२७२)

पडिहार पुं [प्रतिहार] 1. प्रतिहार, पर्दा। (स.३०६) 2. दरवाजा, फाटक।

पाडिहार पुं [प्रातिहार/प्रतिहार्य] 1. दरबान, द्वारपाल। 2. प्रातिहार्य, अष्ट प्रातिहार्य। (बो.३१)

पडुच्च अ [प्रतीत्य] आश्रय करके, अवलम्बन करके, अपेक्षा करके। (पंचा.२६, स.२६५, प्रव.५०) कम्मं पडुच्च कत्ता। (स.३११)

पढ सक [पठ्] पढ़ना,अभ्यास करना।(स.४१५)जो समयपाहुडमिणं पढिदूणं अत्थ तच्चदो णाउं। पढइ (व.प्र.ए.मो.१०६)

पढम वि [प्रथमा] पहला, आद्य। (भा-११४, चा.८) पढमं सम्मतचरणचारित्तं (चा ८)

पढिअ/पढिद वि [पठित] पढ़ा गया,कहा गया,कथित, प्रतिपादित। (पंचा.५७, भा.५२)

पण त्रि [पञ्चन्] पांच, संख्या विशेष। ववगदपणवण्णरसो। (पंचा.२४)

पणट्ठ वि [प्रनष्ट] नष्ट हुआ। (बो.५२, भा.१२८, प्रव. ज्ञे.११)

पणद वि [प्रणत] नमस्कार करता हुआ।(प्रव.चा.३)समणेहि तं पि पणदो।

पणम सक [प्र+नम्] नमन करना, नमस्कार, प्रणाम करना।

पणमामि वड्ढमाणं। (प्रव.१) पणमिय (सं. कृ.पंचा.२, प्रव.चा.१)

पणिवद सक [प्रणि+पत्] नमन करना, वन्दन करना। (प्रव.चा.६३) पणिवदणीया हि समणेहिं। **पणिवदणीया** में अणीय प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

पण्णत्त वि [प्रज्ञप्त] कथित, उपदिष्ट, निरूपित। (पंचा.१२१, स.२४८, प्रव.८) कालो णियमेण पण्णत्तो। (पंचा.२३)

पण्णय पुं [पन्नग] सर्प, सांप। (स.३१७) ण पण्णया णिव्विसा हुंति।

पण्णसवण न [प्रज्ञश्रवण] प्रज्ञाश्रवण, एक ऋद्धि विशेष। (यो.भ.२०)

पण्हवायरण न [प्रश्नव्याकरण] प्रश्नव्याकरण, ग्यारहवाँ अङ्ग आगम। (श्रु.भ.३)

पण्णा स्त्री [प्रज्ञा] बुद्धि, ज्ञान, मति। (स.२९४) पण्णाए सो घिप्पए अप्पा। पण्णाए (तृ.ए.स.२९७) पण्णाइ (तृ.ए.स.२९६)

पतंग पुं [पतङ्ग] पतङ्ग, चार इन्द्रिय जीव की संज्ञा। (पंचा.११६)

पत्त वि [प्राप्त] 1. प्राप्त हुआ। (स.१, ६४) 2. न [पात्र] पात्र, भाजन। (सू.२१) 3. न [पत्र] पत्ती, पत्ता। (भा.१०३)

पत्त सक [प्रति+इ] प्रतीति करना, विश्वास करना। (स.२७५) पत्तेदि (व.प्र.ए.)

पत्तेग न [प्रति+एक] प्रत्येक, हर एक। (प्रव.३)

पत्तेगं/पत्तेयं अ [प्रत्येकम्] एक-एक करके, एक बार में एक,

अलग-अलग। समगं पत्तेगमेव पत्तेयं। (प्रव.३)

पत्थर पुं [प्रस्तर] पाषाण, पत्थर। (भा.९५)

पद पुं न [पद] 1. शब्द समूह, वाक्य। तं होदि एक्कमेव पदं। (स.२०४) 2. स्थान, आस्पद, उपाधि।

पदत्थ पुं [पदार्थ] वस्तु, तत्त्व, पदार्थ। (प्रव.१४) सुविदिदपयत्थसुत्तो। पदार्थ के नौ भेद हैं-जीव, अजीव, पुण्य, पाप, आस्रव, संवर, निर्जरा, बन्ध और मोक्ष। (पंचा.१०८)

पदाणुसारी स्त्री [पदानुसारी] पदानुसारी, एक ऋद्धि विशेष। (यो.भ.१८)

पदुस्स सक [प्र+द्विष्] द्वेष करना, बैर करना। (प्रव.ज्ञे.८२) पदुस्सेदि (व.प्र.ए.)

पदेस पुं [प्रदेश] 1. जिसका विभाग न हो सके ऐसा अवयव। (स.२९०) 2. परिमाण विशेष, निरंश। (प्रव.ज्ञे.४३) 3. आधे का आधा। खंधपदेसा य होंति परमाणू। (पंचा.७४) **-त्त** वि [त्व] प्रदेशत्व, प्रदेशपना। (प्रव.ज्ञे.१४) **-बंध** पुं [बन्ध] प्रदेश बन्ध, बन्ध का एक भेद। (पंचा.७३) **-मेत्त** न [मात्र] प्रदेशमात्र। पदेसमेत्तस्स दव्वजादस्स। (प्रव.ज्ञे.४६)

पदोस पुं [प्रद्वेष] प्रद्वेष, द्वेषभाव, प्रकृष्ट द्वेष। (प्रव.चा.६५) पदोसदो (पं.ए.)

पद्धंस पुं [प्रध्वन्स] ध्वंस, नाश। (प्रव.ज्ञे.५०)

पप्प सक [प्र+आप्] प्राप्त करना। (प्रव.चा.७५) पप्पोदि सुहमणंतं। (पंचा.२९) पप्पा (सं.कृ.प्रव.६५, ८३)

पप्प वि [प्राप्त] मिला हुआ, पाया हुआ,प्राप्त। (शी.२५)

पप्फोडिय वि [प्रस्फोटित] गिराया हुआ, उड़ाया हुआ, निर्झाटित। (शी.३९) प्पफोडिय कम्मरया।

पबल वि [प्रबल] बलिष्ट, प्रचण्ड, शक्तिशाली। (भा.१५५)

पब्भट्ठ वि [प्रभ्रष्ट] परिभ्रष्ट, अत्यन्तच्युत। (प्रव.चा.६७)

पब्भस्स अक [प्र+भ्रश्] अलग होना, छूटना,टूटना। (पंचा.१५५)

पभास सक [प्र+भास्] प्रकाशित करना, चमकना। पभासदि (पंचा.३३)

पभुत्त सक [प्र+भुंज्] भोग करना, ग्रहण करना। पभुत्तूण (सं.कृ.भा.१०२)

पभेद पुं न [प्रभेद] प्रकार, विधान, भेद। (प्रव.ज्ञे.६०)

पमत्त वि [पमत्त] प्रमादी, प्रमादयुक्त। (स.६, प्रव.चा.९)

पमदा स्त्री [प्रमदा] नारी, महिला। पमदापमादबहुलो त्ति णिद्दिट्ठो। (प्रव.चा.ज.वृ.२४)

पमाण न [प्रमाण] 1.यथार्थज्ञान, जिससे वस्तुतत्त्व की सत्य जानकारी हो।(निय.३१,स.५,भा.३३) जदि दाएज्ज पमाणं। 2. सीमा, मर्यादा, प्रमाण। णाणं णेयप्पमाणमुद्दिट्ठं। (प्रव.२३)

पमाद पुं [प्रमाद] आलस्य, प्रमाद, आस्रवों के कारणों में एक भेद। (पंचा.१३९)

पमुत्त/पमोत्त सक [प्र+मुञ्च्] छोड़ना, त्याग करना। (भा.९४) संजमघादं पमुत्तूण। अब्बंभं दसविहं पमोत्तूण। (भा.९८) पमुत्तूण/पमोत्तूण (सं.कृ.)

पय पुं न [पद] स्थान, अधिकार, पदवी। (स.२०५)
पयट्ट वि [प्रवृत्त] संयुक्त, लगा हुआ, तल्लीन, तत्पर। (चा.१६) पयट्ट सुतवे संजमे भावे।
पयड सक [प्र+कटय्] प्रकट करना, व्यक्त करना। (भा.७३) पयडदि (व.प्र.ए.) पयडमि (व.उ.ए.भा.११९) पयडहि (वि./आ.म.ए.भा.९८)
पयड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला हुआ, स्पष्ट। (शी.३९) - **त्थ** वि [अर्थ] प्रकटार्थ, स्पष्ट प्रयोजन। (भा.१६)
पयडि स्त्री [प्रकृति] 1. स्वभाव, शील। ण मुयइ पयडि अभव्वो। (भा.१३७) 2. कर्मप्रकृत्ति। (पंचा.५५, स.३१२,३१३) देवा इदि णामसंजुदा पयडी। 3. पुद्गल प्रकृति। पयडीहिं पुग्गलमइहिं। (स.६६) 4. बन्ध का एक भेद, कर्मभेद। (निय.९८, पंचा.७३) **यट्ठ** वि [अर्थ] प्रकृति के निमित्त। (स.३१३) -**सहावट्ठिअ** वि [स्वभावस्थित] प्रकृति के स्वभाव में ठहरा हुआ। (स.३१६) पयडीए (च./ष.ए.स.३१६) पयडीओ (प्र.ब.स.६५)
पयत वि [प्रयत] प्रयत्नशील, सतत् प्रयत्न करने वाला। (निय.६४) -**परिणाम** पुं [परिणाम] प्रयत्न, प्रमाद रहित (निय.६४)
पयत्त पुं [प्रयत्न] चेष्टा, उद्यम, उद्योग। (स.१७, भा.८७, मो.९, सू.१६)
पयत्थ पुं न [पदार्थ] अर्थ, पदार्थ, वस्तु। (निय.७४,भा.९७,द.१५) णव य पयत्थाइं (भा.९७) पयत्थाइं (द्वि. ब.) -**देसय** वि [देशक]

पदार्थो का उपदेश करने वाले। (नियः७४) **-भंग** पुं [भङ्ग] पदार्थ भेद। तेसिं पयत्थभंगा। (पंचा.१०५)

पयद वि [प्रयत] प्रयत्नशील, उद्यमी। पयदो मूलगुणेसु। (प्रव.चा.१४) पयदम्हि समारद्धे। (प्रव.चा.११)

पयलिय वि [प्रगलित] नष्ट हुआ, क्षय हुआ, गला हुआ। (भा.७८) पयलियमाणकसाओ।

पयास सक [प्र+काशय्] चमकना, प्रकाशित करना। (भा.१४९) लोयालोयं पयासेदि। पयासेदि (व.प्र.ए.)

पयासत्त वि [प्रकाशत्व] प्रकाशमान, प्रकाशत्व, प्रकाशशील। (ती.भ.८)

पर वि [पर] 1. भिन्न, अन्य, इतर, दूसरा।(पंचा.१३९, स.९९, प्रव.८७, चा.४३) 2.उत्कृष्ट, उत्तम, प्रधान। (प्रव.ज्ञे.१०२) 3. तत्पर, उद्यत। (भा.१०५) **-किय** वि [कृत] परकृत, दूसरे के द्वारा किया गया। (बो.५०) **-चरिय** न [चरित] पराचरण, अन्यरूप आचरण। (पंचा.१५६) **-णिंदा** स्त्री [निंदा] दूसरे की निंदा। (निय.६२, लिं.१४) **-तति** स्त्री [तति] अन्य समूह। (निय.१५७) **-दव्व** पुं न [द्रव्य] अन्य द्रव्य। (पंचा.१५९, स.२०, प्रव.५७,निय.१६२)**-दो** वि [तस्] अन्य से। (निय.१८३) **-पयास/प्पयास** पुं [प्रकाश] पर प्रकाश, परदीप्ति। (निय.१६१) **-प्पवादि** पुं [प्रवादिन्] अन्य दार्शनिक। (स.३९) **-भाव** पुं [भाव] परभाव,अन्य परिणाम,अन्य स्वभाव। (निय.९७, स.३५) **-भिंतर** वि [अभ्यन्तर] दूसरे के भीतर, भीतरी भाग। (मो.४)

-**लोअ** पुं [लोक] परलोक। (मो.२३) परलोयसुहंकरो। (सू.१४) -**वड्ढि** स्त्री [वृद्धि] परवृद्धि, दूसरे की वृद्धि। (द.१०) -**विग्गह** पुं न [विग्रह] परशरीर। (मो.९) —**विभवजुद** वि [विभवयुक्त] अन्य वैभव से युक्त, उत्कृष्ट वैभव से युक्त। (निय.७) -**वस** वि [वश] दूसरे के अधीन। (भा.३८) -**समय** पुं [समय] अन्य समय, अन्यमत, मिथ्याविचार। (स.२, प्रव.ज्ञे.६) -**समयिग** पुं [सामयिक] पर समय में अनुरक्त। (प्रव.ज्ञे.२) -**सहाव** पुं [स्वभाव] पर स्वभाव, अन्यरूपभाव, अन्य परिणाम। (निय.५०)

परंपर/परंपरय पुं न [परम्पर] परम्परा, अविच्छिन्न धारा। (भा.१२७, द.३३)

परंपरा स्त्री[परम्परा]अविच्छिन्न धारा।(भा.१३५)परंपराभाव-रहिएण। (भा.३४)

परंमुह वि [पराङ्मुख] विमुख, विपरीत। (भा.११७)

परम वि [परम] उत्कृष्ट, सर्वोत्तम। (प्रव.६२, निय.४, सू.१०) -**गुणसहिअ** वि [गुणसहित] परमगुणों से सहित। (निय.७१) -**जिण** पुं [जिन] परम जिन, परमात्मा। (मो.६) -**जिणिंद** पुं [जिनेन्द्र]परमजिनेन्द्र।(निय.१०९)-**जिणवरिंद** पुं [जिनवरेन्द्र] जिनश्रेष्ठ, प्रधानगणधर। (सू.१०)-**जोइ** पुं [योगिन्] परमयोगी, वीतरागी। (मो.२) -**ट्ठ** वि [अर्थ] परमार्थ, आत्मस्वरूप, आत्मज्ञानस्वरूप। (स.१५१, १५४, निय.३२) परमट्ठवियाणया विंति(स.ज.वृ.१२५)-**ट्ठबाहिर** वि [अर्थबाह्य] परमार्थ से बाह्य , परमार्थ से रहित।(स.१५३)**णाणग** वि [ज्ञायक] परम ज्ञायक,

श्रेष्ठ ज्ञाता। (नि.भ.४) -**णिव्वाण** न [निर्वाण] परमनिर्वाण, परमुक्ति,परमशक्ति।(निय.४)-**त्थवि** [अर्थ] परमार्थ। (निय.५८,सू.५७,स.८,भा.२,बो.२२)-**प्य** पुं [पद] परमपद, मोक्षपद।(मो.२)**प्पा** पुं [आत्मन्] परमात्मा। (निय.७, भा.१५०) -**प्पअ/प्पय** वि [आत्मक] परमात्मा। (मो.२४,४८) -**प्पाण** पुं[आत्मन्] परमात्मा।(मो.२)-**भत्ति** स्त्री [भक्ति] उत्कृष्ट सेवा,उत्तम विनय।(भा.१५२,निय.१३५)-**भाग** पुं [भाग] सर्वोत्तम स्थान,दूसरा स्थान।(मो.९)-**भाव** पुं [भाव] उत्कृष्ट भाव,उत्तम भाव।(स.१२,निय.१४६)-**सद्धा** स्त्री [श्रद्धा] परमश्रद्धा,उत्तमश्रद्धान।(चा.४२)-**समाहि** पुं स्त्री [समाधि] उत्तम समाधि,श्रेष्ठ समताभाव। (निय.१२२,१२३)

परमाणु पुं [परमाणु] 1. सर्वसूक्ष्म, अणु, समस्त स्कन्धों का अन्तिम भेद। जो नित्य, शब्द रहित, एक अविभागी, मूर्त स्कन्ध से उत्पन्न होता है। जो पृथिवी, जल, वायु, तेज, और वायु का समान कारण है, परिणमनशील है। (पंचा.७७,७८) सव्वेसिं खधाणं, जो अंतो तं वियाण परमाणू। परमाणु एक प्रदेशी है अपदेसो परमाणू। (प्रव.ज्ञे.४५) यद्यपि परमाणु एक प्रदेशी है, फिर भी वह स्निग्ध और रूक्ष गुणों के कारण एक दूसरे परमाणुओं के साथ मिलकर स्कन्ध बन जाता है। (प्रव.ज्ञे.७१) 2.अल्प, लघु, अणु। (स.३८) -**पमाण** पुं [प्रमाण] परमाणु प्रमाण। (प्रव.चा.३९)**मित्त** न [मात्र] परमाणु मात्र, थोड़ा भी। (स.३८) अण्णं परमाणुमित्तं पि। -**मित्तय** वि[मात्रक]परमाणुमात्र,लेशमात्र,कुछ

भी।(स.२०१) परमाणुमित्तयं पि हु।-**संगसंघाद** वि [सङ्गसङ्घात] परमाणुओं का समूह। (पंचा.७९)

परमेट्ठि पुं [परमेष्ठिन्] परमेष्ठी, जो परमपद में स्थित हैं। अर्हन्त, सिद्ध आचार्य, उपाध्याय और साधु। (चा.१, भा.१५०, मो.६ प्रव.४ निय.७१-७५)

पराइ पुं [परकीय] पर, अन्य।

परायत्त वि [परायत्त] पराधीन, दूसरे के अधीन, परतन्त्र। (पंचा.२५)

परावेक्ख वि [परापेक्ष] दूसरे की अपेक्षा रखने वाला। (प्रव.चा.६)

परिकम्म पुं न [परिकर्म] क्रिया, गुण विशेष (प्रव.चा.२८)

परिकहिद/परिकहिय वि [परिकथित] प्ररूपित, आख्यात, विशेष व्याख्यान। (स.९७) जिणवरेहिं परिकहियं । (स.१६१)

परिकित्तिद वि [परिकीर्त्तित] वर्णित। (द्वा.४७)

परिगह/परिग्गह पुं [परिग्रह] आसक्ति, ममत्व, मूर्छा, संग्रह। अप्पाणमप्पणो परिगहं। (स.२०७) मज्झं परिग्गहो जइ। (स.२०८)

परिचत्त वि [परित्यक्त] परित्यक्त, छोड़ा हुआ, अलग किया गया। (निय.१४६, बो.२४)

परिचाग पुं [परित्याग] छोड़ना।(निय.९३)

परिचिद वि [परिचित] ज्ञात, जाना हुआ, परखा हुआ। (स.४) सुदपरिचिदाणुभूदा।

परिच्चय सक [परि+त्यज्] परित्याग करना, छोड़ना,अलग

करना। (स.१८४) कणयसहावं ण तं परिच्चयइ।

परिट्ठिअ/परिट्ठिय वि [परिस्थित] सम्पूर्ण रूप से स्थित। (भा.९५, १६३)

परिणइ स्त्री [परिणति] परिणाम, स्थिति, स्वभाव। (प्रव.ज्ञे.७७)

परिणद/परिणय वि [परिणत] परिणमन करने वाला, परिणमन करता हुआ, एक रूप से दूसरे रूप को प्राप्त होता हुआ। (पंचा.८४, स.२२३, ३७४, प्रव.११) दोसेण व परिणदस्स जीवस्स। (प्रव.८४)

परिणम/परिणाम सक [परि+नम्] परिणमन करना, प्राप्त होना। (प्रव.ज्ञे. २६, स.११६) परिणममाणा (व.कृ.) ण सयं परिणमइ रायमाईहिं। परिणमदे (व.प्र.ए.स.९१) परिणमंतो (व.कृ.स.२८२) परिणमंति (व.प्र.ब.स.८०) णवि परिणमदि (स.७७) परिणामयादि (स.१२३) परिणामए (स.१०२)

परिणम न [परिणम] परिणाम। तं सोक्खं परिणमं च सो चेव। (प्रव.६०)

परिणमिद वि [परिणमित] परिणमन कराये जाते हुए। (प्रव.ज्ञे.७७)

परिणाम पुं [परिणाम] 1. स्वभाव। (पंचा.१२८, स.१०१, १३८) कम्मस्स य परिणामो। (स.१४०) **-गुण** पुं **न** [गुण] परिणामस्वभाव। (पंचा.७८) **-भव** वि [भव] परिणाम से उत्पन्न। (पंचा.१००) 2.परिणमन। (प्रव.७, १०, ३६) णत्थि विणा परिणामं। **-संबद्ध** वि [सम्बद्ध] परिणमन से बंधे हुए। (प्रव.३६)

परिणिव्वाणभत्ति स्त्री [परिनिर्वाणभक्ति] परिनिर्वाणभक्ति, मुक्ति भक्ति। (नि.भ.अं.)

परिपड अक [परि+पत्] गिरना, झड़ना। (द्वा.३१)

परिफुड अक [परि+स्फुट्] चलना। (स.ज.वृ.१७०)

परिभम सक [परि+भ्रम्] घूमना, चक्कर काटना, पर्यटन करना, भटकना। (द्वा.२४)

परिभाव सक [परि+भावय्] पर्यालोचन करना, उन्नतकरना, विचार करना। परिभाविऊण (सं.कृ.मो.९६)

परिमंडिअ वि [परिमंडित] सुशोभित। (भा.१०८)

परिमाण न [परिमाण] नाप, माप, प्रमाण। (भा.३६)

परियंत पुं [पर्यन्त] अन्त, सीमा, प्रान्त। (प्रव.ज्ञे. ४०)

परियट्टण न [परिवर्तन] आवर्त, आवृत्ति, परिणमन। (पंचा.६,२३) परियट्टणसंभूदो।

परियत्थण वि [प्रार्थित] प्रार्थना करने वाला। (सि.भ.११)

परियम्म पुं न [परिकर्म] संस्कार, सहायक साधन, दृष्टिवाद आगम का एक भेद। (मो.६१,श्रु.भ.४)

परियरिअ वि [परिकरित] सहित, युक्त। (भा.१२३)

परिवज्ज सक [परिवर्जय्] परिहार करना, परित्याग करना, छोड़ना। (प्रव.ज्ञे. १०८, भा.५७) परिवज्जामि (व.उ.ए.भा.५७,निय.९९)

परिवट्टण न [परिवर्तन] आवर्तन, आवृत्ति। (निय.३३)

परिवार पुं [परिवार] कुटुम्ब, घर के लोग। (द.१०)

परिस न [स्पर्श] स्पर्श, छूना। (चा.३६)

परिसह/परीसह पुं [परिषह] उपसर्ग, बाधा, व्यवधान। (भा.९४) परिसहेहिंतो (पं.ब.भा.९५)

परिहर सक [परि+हृ] त्याग करना, छोड़ना। परिहरंति (व.प्र.ब.) परिहरदि (व.प्र.ए.मो.३६) परिहरत्तु (सं.कृ.निय.१२१) परिहर/परिहरि (वि./आ.म.ए.भा.१३२,चा.१६)

परिहार पुं [परिहार] त्याग, विरक्त। (निय.६६, चा.२४, मो.४२) **-विसुद्धि** वि [विशुद्धि] परिहारविशुद्धि, चारित्र का एक भेद (चा.भ.३)

परिहीण [परिहीन] कम, हीन, रहित, निम्न। (निय.१४९, शी.१८) सव्वे वि परिहीणा। (शी.१८)

परीक्ख सक [परि+ईक्ष्] परीक्षा करना। परीक्खऊण (सं.कृ.निय.१५५)

परूव सक [प्र+रूपय्] निरूपण करना, कथन करना, कहना। (पंचा.१२, स.३९) परूवंति (व.प्र.ब.पंचा.१२१, १५७) परूविंति (व.प्र.ब. पंचा.१२, स.३९) परूवेंति (व.प्र.ब.निय.२४, प्रव.३९)

परूवण न [प्ररूपण] निरूपण, कथन। (निय.४)

परूविद वि [प्ररूपित] प्रतिपादित, कथित, निरूपित। (पंचा.५१,प्रव.ज्ञे.९६)

परोक्ख न [परोक्ष] 1. अप्रत्यक्ष, इन्द्रियादि साधनों के द्वारा होने वाले ज्ञान को परोक्ष कहा जाता है। (निय.१६८) **-भूद** वि [भूत]

परोक्षभूत, जो जीव इन्द्रियगोचर पदार्थ को ईहा, अवाय, धारणादि पूर्वक जानते हैं, वे पदार्थ उनके लिए परोक्षभूत हैं। (प्रव.४०) तेसिं परोक्खभूदं। 2. अतीत, सामने न होना। **-दूसण** न [दूषण] परोक्षदूषण। (लिं.१४)

परोध पुं [परोध] परोपरोधकरण, अचौर्य व्रत की भावना। (चा.३४, निय.६५)

परोवेक्खा स्त्री [परापेक्षा] दूसरे की अपेक्षा, दूसरे की परवाह, पराधीन। (मो.९१)

पलपिह वि [प्रलयित] अतीतपर्याय, युगान्त लोप को प्राप्त। (प्रव.३९)

पलविद वि [प्रलवित] प्रलापित, कथित, प्रतिपादित। (द्वा.९०)

पलग्ग पुं न [दे] फाटक, दरवाजा, द्वार।

पलियंक न [पल्यङ्क] पल्याङ्कासन। (सि.भ.५)

पवक्ख सक [प्र+वच्] बोलना, कहना। (निय.७६) पडिक्कमणादी पवक्खामि। (निय.८२) पवक्खामि (भवि.उ.ए.)

पवट्ट अक [प्र+वृत्] प्रवृत्ति करना, प्रवाहित होना। (मो.६६,द.७) ववहारेण विदुसा पवट्टंति। (स.१५६)

पवड्ढ अक [प्र+वृध्] बढ़ना, वृद्धि को प्राप्त होना। (पंचा.११३) पवड्ढंता (व.कृ.)

पवण पुं [पवन] हवा, वायु। (भा.२१) **-पह** [पथिन्] वायुमार्ग, आकाशमार्ग। (भा.१५९) पुण्णिमइंदुव्व पवणपहे। **-सहिद** वि [सहित] हवा सहित। (शी.३४)

पवयण न [प्रवचन] जिनसिद्धान्त, जिनागम। (पंचा. १६६, नियं.१८४, भा.९१) जिणभत्ती पवयणे जीवो। (भा.१४४) **-अभिजुत्त** वि [अभियुक्त] प्रवचन में प्रवीण,परमागम में कुशल। (प्रव.चा.४६) **-भत्ति** स्त्री [भक्ति] प्रवचनभक्ति, परमागम की विनय, सोलह कारण भावनाओं में एक भेद। (पंचा.१७३) **-सार** पुं न [सार] प्रवचनसार,परमागमसार,सिद्धान्त रहस्य, द्वादशाङ्ग वाणी का रहस्य। (पंचा.१०३,प्रव.चा.७५) जो पुरुष गृहस्थ या मुनिचर्या से युक्त होता हुआ सर्वज्ञ के इस शासन को समझता है, वह अल्पकाल में प्रवचनसार को/परमागम के रहस्य को प्राप्त हो जाता है। (प्रव.७५)

पवर वि [प्रवर] श्रेष्ठ, उत्तम। (भा.८२) **-वर** वि [वर] श्रेष्ठतम। (श्रु.भ.४)

पवाद पुं [प्रवाद] मत,अभिव्यक्ति,परम्परा। (श्रु.भ.५)

पविट्ठ वि [प्रविष्ट] घुसा हुआ, प्रवेशित, समाहित। (प्रव.२९)

पविभत्त वि [प्रविभक्त] अत्यन्त भिन्न, पृथक्-पृथक्, विभाग युक्त। (प्रव.ज्ञे.१४)

पविस सक [प्र+विश्] प्रवेश करना, घुसना। (पंचा.७, प्रव.ज्ञे. ८६) पविसदि (व.प्र.ए.प्रव.ज्ञे.९५)पविसंति (व.प्र.ब.प्रव.ज्ञे.८६) पविसंता (व.कृ.पंचा.७)

पविहत्त वि [प्रविभक्त] भेद युक्त , विभाजित । (पंचा.८०) पविहत्ता कालखंधाणं।

पवेस सक [प्र+वेशय्] प्रवेश कराना,घुसाना। (स.१४५) कह तं

होदि सुसीलं जं संसारं पवेसेदि।

पव्वइद वि [प्रव्रजित] दीक्षित। (प्रव.चा.६७)

पव्वज्ज सक [प्र+ब्रज्] दीक्षा लेना, संन्यास लेना। (चा.१६) पव्वज्जा (वि./आ.म.ए.)

पव्वज्जा स्त्री [प्रव्रज्या]दीक्षा लेना,संन्यास लेना। (सू.२४,स.४०४) तासिं कह होइ पव्वज्जा। **-दायग** वि [दायक] दीक्षऽ देने वाला, दीक्षित करने वाला, दीक्षा गुरु। (प्रव.चा.१०) गुरु त्ति पव्वज्जदायगो होदि। **-हीण** वि [हीन] प्रव्रज्या से रहित, दीक्षा से हीन। (लिं.१८) पव्वज्जहीणगहिणं। सभी परिग्रहों को छोड़ना प्रव्रज्या है। पव्वज्जा सव्वसंगपरिचत्ता। (बो.२४)

पव्वद/पव्वय पुं न [पर्वत] गिरि, पहाड़, पर्वत। (निय.२२, भा.२६)

पव्वया स्त्री [प्रव्रज्या] दीक्षा। इत्थीसु ण पव्वया भणिया। (सू.२५)

पसंग पुं न [प्रसङ्ग] संसर्ग, सम्बन्ध, सन्दर्भ, प्रकरण। (प्रव.८५,भा.२६) विसएसु य प्पसंगो। (प्रव.८५)

पसंत वि [प्रशान्त] प्रकृष्ट शान्त, समता युक्त, मोह-राग-द्वेष रहित। (प्रव.चा.७२)

पसंसा स्त्री [प्रशंसा] प्रशंसा, स्तुति, प्रशस्ति, गुणगान। (प्रव.चा.४१, बो.४६)समसुहदुक्खो पसंसणिंदसमो। (प्रव.चा.४१) पसंसाए (स.ए.मो.७२)

पसंसणीअ वि [प्रशंसनीय] प्रशंसा योग्य, स्तुतियोग्य। (भा.१०८)

पसज/पसज्ज अक [प्र+सज्] ठहरना, स्थित रहना, प्राप्त होना,

रुकना। (पंचा.४८, स ८५,११७) पसजदि अलोगहाणी। (पंचा.९४)

पसत्थ वि [प्रशस्त] शुभरूप, श्रेष्ठ,उत्तम। (पंचा.१३५, प्रव.चा.६०) **-भूद** वि [भूत] शुभ रूप वाला। (प्रव.चा.५४) एसा पसत्थभूदा। (प्रव.चा.५४) **-राग** पुं [राग] प्रशस्तराग, शुभराग। (पंचा.१३६) अरहन्त, सिद्ध और साधुओं में भक्ति होना, शुभराग रूप धर्म में प्रवृत्ति होना तथा गुरुओं के अनुकूल चलना प्रशस्तराग है। (पंचा.१३६)

पसमिय वि [प्रशमित] शमन करने वाला, नष्ट करने वाला। (पंचा.१०४) पसमियरागद्दोसो। (पंचा१०४)

पसर पुं [प्रसर] प्रवर्तन, विस्तार, फैलाव, आगे जाना, प्रगमन। (पंचा.८८) हवदि गदी सप्पसरो।

पसाध सक [प्र+साध्] 1.अलङ्कृत करना,उज्ज्वल करना, सुशोभित करना। (प्रव.चा.२१) कधमप्पाणं पसाधयदि। (प्रव.चा.२१) 2. वश में करना, सिद्ध करना। (प्रव.चा.२१)

पसाधग वि [प्रसाधक] साधक, सिद्ध करने वाला, पवित्र करने वाला। (पंचा.४९)वयणं एगत्तप्पसाधगं होदि।

पसारण न [प्रसारण] फैलाव, विस्तार। (निय.६८)

पसु पुं [पशु] पशु, जानवर। (बो.५६)

पस्स सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना, दृष्टिगोचर होना। (पंचा.१२२, स.१५, प्रव.२९, निय.१०९ चा.१८) पस्सइ/पस्सदि (व.प्र.ए.स.३६२,` पंचा.११२) पस्सिदूण

(सं.कृ.स.५८) पस्सिदुं (हे.कृ.स.५९) पस्संतो (व.कृ.निय.१७ भा.१३०)

पहणायक वि [पथनायक] पथदर्शक, पथनायक, मार्ग दिखलाने वाले। (यो.भ.४)

पहदेसिय वि [पथदेशित] मार्गोपदेशक,पथप्रदर्शक। (पं.भ.४)

पहाण वि [प्रधान] मुख्य, प्रमुख, श्रेष्ठ, उत्तम। (प्रव.५,६) दंसणणाणप्पहाणादो। (प्रव.६)

पहावणा स्त्री [प्रभावना] प्रभावना, सम्यग्दर्शन का एक अङ्ग, सोलहकारण भावनाओं का एक भेद। (चा.७) जो विद्या रूपी रथ पर आरूढ होता हुआ, मनरुपी रथ के मार्ग में भ्रमण करता है वह जिन ज्ञान की प्रभावना करने वाला सम्यग्दृष्टि है। (स.२३६)

पहीण वि [प्रहीन] नीच, हीन। (भा.१३) पहीणदेवो दिवे जाओ।

पहु पुं[प्रभु] समर्थता युक्त, सम्पन्नता युक्त। (पंचा.२७)

पहुदि वि [प्रभृति] इत्यादि, बगैरह। (निय. ११४, १२४) अपमत्तपहुदिठाणं। (निय.१५८)

पा सक [पा] पीना, पान करना। (चा.४१, भा.९३) पाऊण भवियभावेण। (भा.१२४) पाऊण (सं.कृ.)

पाअ/पाय पुं न [पाप] 1.पाप अशुभ कर्म, बुराकर्म। (स.२२९, लिं.६)जो चत्तारि वि पाए। (स.२२९) पाए (द्वि.ब.) वच्चदि णारयं पाओ। (लिं.९) 2.पुं [पाद] चरण, पैर, पाँव। पाए पाडंति दंसणधराणं। (द.१२)

पाउगिअ वि [प्रायोगिक] प्रायोगिक, पर के निमित्त से उत्पन्न हुआ

(स.४०६) पाउगिओ विस्ससो वावि।

पाओग्ग वि [प्रायोग्य] योग्य, उचित, लायक, उपयुक्त, सक्षम। (प्रव.ज्ञे.७७) पाओग्गा कम्मवग्गणस्स पुणो। (निय.२४)

पाठ पुं [पाठ] अध्ययन, वाचन, पठन, आवृत्ति। (स.२७४) पाठो ण करेदि गुणं।

पाड सक [पातय्] गिराना, डालना, फेंकना। (द.१२) पाए पाडंति दंसणधराणं।

पाडिहेर न [प्रातिहार्य]देवताकृत प्रतिहारकर्म,देवकृत पूजा विशेष, अष्ट प्रातिहार्य।

पाडुब्भव अक [प्रादुर्+भू] उत्पन्न होना। (प्रव.ज्ञे.११)

पाडुब्भाव पुं [प्रादुर्भाव] उत्पाद, उत्पत्ति। (प्रव.ज्ञे.१९)

पाण पुं न [प्राण], जीवन के आधारभूत तत्त्व,जीवन शक्ति। (पंचा.३०, प्रव.ज्ञे.५८, बो.३०) जीवों के प्राणों की संख्या क्रमशः- एकेन्द्रिय के चार (स्पर्शन, काय बल, आयु और श्वासोच्छवास), द्वीन्द्रिय के छह (स्पर्शन, रसना, काय बल, वचनबल,आयु और श्वासोच्छ्वास) त्रीन्द्रिय के सात, (स्पर्शन, रसना,घ्राण,वचनबल, कायबल, आयु और श्वासोच्छ्वास) चुतरिन्द्रिय के आठ(स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु, वचनबल, कायबल, आयु, और श्वासोच्छवास), पञ्चेन्द्रिय असंज्ञी के नौ (स्पर्शन, रसना, घ्राण, चक्षु, कर्ण, वचनबल, कायबल, आयु और श्वासोच्छ्वास) तथा संज्ञी पञ्चेन्द्रिय के दश (स्पर्शन, रसना,घ्राण,चक्षु,कर्ण,मनबल,वचनबल,कायबल,आयु,और

श्वासोच्छ्वास) (बो.३५)जीव प्राणों से युक्त होकर मोहादि परिणामों से कर्मों के फल भोगता है तथा अन्य नवीन कर्मों को बांधता है। (प्रव.ज्ञे.५६) **-णिबद्ध** वि [निबद्ध] प्राणों से युक्त, प्राणों से संबद्ध। (प्रव.ज्ञे.५६) **-बाध** पुं [बाध] प्राणों की बाधा, प्राणों का घात। (प्रव.ज्ञे.५६) पाणाबाधं जीवो।

पाण न [पान] पान, पीने की क्रिया। (स.२१३)

पाणि पुं [प्राणिन्] 1. प्राणी, जीव, आत्मा, चेतन। (भा.१३४) **-त्त** वि [त्व] प्राणों से युक्त, प्राणों वाला। (पंचा.३९) **-वह** पुं स्त्री [वध] जीव हत्या, जीवघात। (भा.१३४) 2. पुं [पाणि] हाथ, कर, भुजा। **-पत्त/प्पत्त** न [पात्र] हाथरूपी पात्र, कर-पात्र। (सू.७) पाणिपत्तं सचेलस्स। (सू.७)

पापुण्ण सक [प्र+आप्] प्राप्त होना। (पंचा.११९) पापुण्णंति य अण्णं। (पंचा.११९)

पायछित्त/पायच्छित्त पुं न [प्रायश्चित्त] पाप नाशक कर्म, परिशोध, पापनिष्कृति, दण्ड,तप का एक भेद। (निय.११३) व्रत, समिति, शील और संजम रूप परिणाम तथा इन्द्रिय निग्रह भाव प्रायश्चित्त है। (निय.११३) क्रोधादि स्वकीय भावों का क्षमादि भावना से निग्रह करना एवं निज गुणों का चिंतन करना प्रायश्चित्त है।(निय.११४)आत्मा का उत्कृष्ट बोध,ज्ञान,एवं चित्त जो मुनि नित्य धारण करता है,वह प्रायश्चित्त है। (निय.११६)अनेक कर्मो के क्षय का हेतु जो तपश्चरण है, वह प्रायश्चित्त है। (निय.११७)

पायड वि [प्रकट] व्यक्त, स्पष्ट। (भा.१४९)

पायरण वि [प्राकरण] कार्य करने का अधिकारी, कार्यकर्त्ता। (स.१९७)

पारमपार पुं न [पारमपार] जिसका अन्त नहीं,अनन्त। (पंचा.६९)

पाल सक [पालय्] पालन करना, रक्षण करना। (भा.१०४) पालहि/पालेहिं (वि./आ.म.ए.भा.१०४,लिं.११३)'

पाव सक [प्र+आप्] प्राप्त करना, ग्रहण करना। (पंचा.१५१, स.२८९,प्रव.११,निय.१३६,सू.१५,भा.११५) पावइ/पावदि (व.प्र.ए.मो.१०६, निय.१३६, पंचा.१५१) पावए (व.प्र.ए.मो.२३) पावंति (व.प्र.ब.पंचा.१३२, स.१५१)

पाव पुं न [पाप] अशुभकर्म, पाप। (पंचा.१४३, प्रव.७९, स.२६८, द.६) **-आरंभ** पुं [आरम्भ] पापकर्म। (प्रव.७९) पावारंभविमुक्का। (बो.४४) **-आसव** पुं [आस्रव] पापास्रव, पापकर्मों का प्रवेश द्वार। (पंचा.१४१) प्रमाद सहित क्रिया, चित्त की मलिनता, इन्द्रियविषयों में आसक्ति, दुःख देना, निन्दा करना, बुरा बोलना इत्यादि आचरण से पाप कर्मों का आस्रव होता है। (पंचा.१३९) **-प्पद** पुं न [प्रद] पाप के कारण, पापरूप कर्म के कारण, अशुभकर्मों के कारण। (पंचा.१४०) चार संज्ञा (आहार, भय, मैथुन, परिग्रह) तीन लेश्या (कृष्ण, नील, कापोत), इन्द्रियों की अधीनता, आर्त-रौद्र परिणाम एवं मोहकर्म के भाव पापप्रद हैं। (पंचा.१४०) **-मलिण** वि [मलिन] पाप से मैला। (भा.६९) **-मोहिदमदी** वि [मोहितमति] पाप से मुग्ध

बुद्धिवाला, पाप के वशीभूत, पापासक्तबुद्धि। (लिं.५) **-रहिद** वि [रहित] पाप रहित। (द.६) **-हर** वि [हर] पाप को हरण करने वाला। (मो.८४) **-हेतु** पुं [हितु] पाप के कारण। (निय.६७)

पास पुं [पार्श्व] पार्श्वनाथ, तेइसवें तीर्थङ्कर का नाम। (ती.भ.५)

पासंडि वि [पाखण्डिन्] पाखण्डी, ढोंगी, लोकप्रतिष्ठा के लिए धर्माचरण करने वाला। (स.४०८, ४१०, भा.१४१)

पासअ वि [दर्शक] देखने वाला, दृष्टा, दर्शक। (स.३१५)

पासत्थ वि [पार्श्वस्थ] छल-कपट करने वाला, अपने वेश के अनुकूल न चलने वाला, शिथिलाचारी। (भा.१४, लिं.२०)

सजोइ/सजोगि पुं न [संयोगिन्] अर्हन्त, सयोगी, तेरहवां गुणस्थान वालों की संज्ञा विशेष। **-केवलि** वि [केवलिन्] सयोगकेवली। (बो.३१) सजोइकेवलि य होइ अरहंतो। (बो.३१) चौंतीस अतिशय रूप गुण एवं आठ प्रातिहार्य तेरहवें गुणस्थान में रहने वाले सयोगकेवली के होते हैं।

सजोग्ग वि [स्वयोग्य] अपने योग्य, अपने लायक। चरियं चरउ सजोग्गं। (प्रव.चा.३०)

सज्झाय पुं [स्वाध्याय] शस्त्र पठन, आवर्तन। (निय.१५३, बो.४३) वचनमय प्रतिक्रमण वचनमयप्रत्याख्यान, वचनमय नियम और वचनमय आलोचना स्वाध्याय है। (निय.१५३) स्वाध्याय के

वाचना, पृच्छना, आम्नाय, अनुप्रेक्षा और धर्मोपदेश ये पाँच भेद भी कहे गये हैं।

सट्ठि स्त्री [षष्ठि] साठ, संख्या विशेष। सट्ठी चालीसमेव जाणेह। (भा.२९)

सड वि [षट्] छह, संख्या विशेष । छज्जीव सडायदणं णिच्चं। (भा.१३२)

सडण वि [शटन] सड़ना, गिरना, विशरण। (द्वा.४४, भा.२६) सडणप्पडणसहावं। (भा.२६)

सणिघण न [सनिधन] अनादिसान्त। अणादिणिघणो सणिघणो वा (पंचा.१३०)

सण्णा स्त्री [सञ्ज्ञा] चेतना, होश, आसक्ति। (पंचा.१४१, प्रव.ज्ञे.४८, निय.६६, भा.११२) सण्णाओ य तिलेस्सा। (पंचा.१४०) आहारसञ्ज्ञा, भयसञ्ज्ञा और परिग्रह सञ्ज्ञा ये चार सञ्ज्ञाएँ हैं।

सण्णाण न [सद्ज्ञान] सम्यग्ज्ञान। (निय.१२, चा.४२, भा.३१, मो.३८)तत्त्वज्ञान का ग्रहण करना सम्यग्ज्ञान है। तच्चग्गहणं हवइ सण्णाणं।(चा.३८)जीव और अजीव के भेद को जानना सम्यग्ज्ञान है। (चा.४१)संशय,विपर्यय और अनध्यवसाय से रहित ज्ञान सम्यग्ज्ञान है।(निय.५१)हेयोपादेय तत्त्वों का ज्ञान प्राप्त होना सम्यग्ज्ञान है।(निय.५२)सम्यग्ज्ञान के चार भेद हैं-- मति, श्रुत, अवधि और मनःपर्यय। (निय.१२)

सण्णाणी वि [सद्ज्ञानी] सम्यग्ज्ञानी। (चा.३९) जो मनुष्य जीवादि

का विभाग जानता है, वह सम्यग्ज्ञान है। जो जाणइ सो हवेइ सण्णाणी। (चा.३९)

सण्णि वि [सञ्ज्ञिन्] सञ्ज्ञायुक्त, संज्ञी। (बो.३२) भवियासम्मत्तसण्णिआहारे। (बो.३२)

सण्णिद वि [सञ्ज्ञित] स्वरूपयुक्त, सम्वेत, युक्त। संभवठिदिणाससण्णिदट्ठेहिं। (प्रव.ज्ञे.१०)

सण्णिहित वि [सन्निहित] उद्यत, तत्पर, लगा हुआ, समीपस्थ। (निय.१२७) जस्स सण्णिहिदो अप्पा। (निय.१२७)

सत्त पुं न [सत्त्व] 1.प्राणी, जीव, चेतन। (स.२४७,२५३,२५९,२६०,२६१,भा.१३५) णाणी सत्तो दु विवरीदो। (स.२५३) 2. वि [सप्तन्] सात, संख्या विशेष। (स.१७५, निय.१६, भा.९) सत्तसु णरयावासे। (भा.९) **-भंग** पुं [भङ्ग] सात विकल्प, स्याद्वाद से कथन करने में प्रयुक्त पद्धति के भेद। (पंचा.७२) **-विह** वि [विध] सात प्रकार। सत्तविहा णेरइया। (निय.१६) 3. वि [दि] गत, गया हुआ, झरता हुआ। पित्तंतसत्तकुणिमदुग्गंधं। (भा.४२)

सत्ता स्त्री [सत्ता] सद्भाव, अस्तित्व, विद्यमानता। (पंचा.८,प्रव.ज्ञे.१३) सत्ता सव्वपयत्था। (पंचा.८)

सत्ति स्त्री [शक्ति] सामर्थ्य, बल, विद्याविशेष। (प्रव.चा.५३, सू.१२) सत्तीसएहिं संजुत्ता। (सू.१२) **-विहीण** वि [विहीन] शक्तिहीन। (निय.१५४)

सत्तु पुं [शत्रु] रिपु, दुश्मन, वैरी। (बो.४६, मो.७२, प्रव.ज्ञे.१०१)

सत्तुमित्ते य समा। (बो.४६)

सत्थ पुं न [शास्त्र] 1. ग्रन्थ, आगमग्रन्थ, सिद्धांत ग्रन्थ। (स.३१७, ३९०, प्रव.८६) सत्थं णाणं ण हवइ । (स.३९०) 2. न [शस्त्र] हथियार, आयुध। (स.२३७,२४२,भा.२५) करेदि सत्थेहिं वायामं । (स.२४२) **-गहण** न [ग्रहण] शस्त्रग्रहण। (भा.२५)

सद वि [सद्] 1.विद्यमान, अस्तित्व। (पंचा.५४, प्रव.३७,स.३२३) कुव्वदि सदो विणासं। (पंचा.५५) 2.वि [सत्] अच्छा, सुन्दर। 3. वि [सत्] स्वाभाविक भाव। 4. पुं न [शत्] सौ संख्या विशेष। इंदसदवंदियाणं। (पंचा.१)

सदा अ [सदा] हमेशा, निरन्तर, सदैव। (पंचा.४८,स.८,प्रव.८) अक्खातीदस्स सदा। (प्रव.२२)

सदेहमत्त न [स्वदेहमात्र] अपने शरीर प्रमाण, शरीर के बराबर। सदेहमत्तं पभासयदि। (पंचा.३३)

सद्द पुं न [शब्द] ध्वनि, आवाज। (पंचा.७९,स.३७१,प्रव.५६) सद्दो खंधप्पभवो। (पंचा.७९) **-कारण** न [कारण]शब्द का कारण सद्दकारणमसद्दं। (पंचा.८१) **-ण्हु** वि [ज्ञ] शब्द का ज्ञाता। (पंचा.११७) **-त्त** वि [त्व] शब्दत्व, ध्वनिपना। पोग्गलदव्वं सद्दत्तपरिणयं। (स.३७४) **-वियार** पुं [विकार] शब्द विकार। (बो.६०)

सद्दव्व वि [स्वद्रव्य] निजद्रव्य, उत्तम द्रव्य। (प्रव.ज्ञे.३,१५,मो.१६) सद्दव्वरओ सवणो।(मो.१४)

सद्दह सक [श्रद्+धा] श्रद्धान करना, विश्वास करना।

(पंचा.१६३,प्रव.६२, स.२७५,भा.८४,चा.१८) सद्दहदि ण सो समणो। (प्रव.९१) सद्दहदि (व.प्र.ए.स.१७) सद्दहमाणो (व.कृ.प्रव.चा.३७) सद्दहेह (वि./आ.म.ब.भा.८७,सू.१६) सद्दहेदव्व (वि.कृ.स.१८)

सद्दहण न [श्रद्धान] श्रद्धा, विश्वास। (पंचा.१०७, प्रव.चा.३७, निय.५१, मो.९१) सद्दहणादो हवेइ सम्मत्तं। (निय.५)

सद्दिट्ठि स्त्री [सद्दृष्टि] सम्यग्दृष्टि। (स.२३२, सू.५) जो मनुष्य जिनेन्द्र द्वारा कथित सूत्र के अर्थ को जीव,अजीव आदि बहुत प्रकार के पदार्थों को तथा हेय-उपादेय तत्त्व को जानता है, वह वास्तव में सम्यग्दृष्टि है। (सू.५)

सद्धा स्त्री [श्रद्धा] आदर, सम्मान। सुदंसणे सद्धा। (चा.१४)

सपज्जय वि [सपर्याय] पर्याय सहित। सपज्जयं दव्वमेकं वा। (प्रव.४८)

सपदेसत्त वि [सप्रदेशत्व] प्रदेशपने से सहित। अत्थित्तं सपदेसत्तं। (निय.१८१)

सपयत्थ वि [सपदार्थ] पदार्थ सहित। (पंचा.१७०)

सपर पुं [स्व-पर] 1.अपना और दूसरा। (निय.१७१, बो.९) 2.पुं [सपर] पराधीन। सपरं बाधासहिदं।(प्रव.७६)

सपरावेक्ख [सपरापेक्ष] दूसरे की अपेक्षा से सहित । (निय.१५, मो.९३)

सप्पडिवक्ख वि [सप्रतिपक्ष] प्रतिपक्ष से युक्त, विरुद्ध सहित। सप्पडिवक्खा हवदि एक्का। (पंचा.८)

सप्पि न [सर्पिस्] घृत, घी। (निय.२२)

सप्पुरिस पुं [सत्पुरुष] सज्जन मनुष्य। णिट्ठुरं कडुयं सहंति सप्पुरिसा। (भा.१०७)

सब्भाव/सभाव पुं[स्वभाव]1.प्रकृति,निसर्ग,स्वभाव, यथार्थदशा। (पंचा.५२, ६५,प्रव.ज्ञे.५०) दव्वस्स य णत्थि अत्थि सब्भावो। (पंचा.११) **-समवट्ठिद** वि [समवस्थित] स्वभाव में स्थित। (प्रव.ज्ञे.५०) सभावसमवट्ठिदो हवदि। (प्रव.ज्ञे.५०) 2.पुं [सद्भाव] अस्तित्व भाव, सत्तास्वरूप। (पंचा.५३, प्रव.२) सब्भावपरूवगो हवदि णिच्चं। (पंचा.१०१)

सभावणा स्त्री [सभावना] भावना सहित, चिन्तन सहित। (मो.७१)

सब्भूद वि [सद्भूत] सत्तास्वरूप, अस्तित्वमय। अत्थो खलु होदि सब्भूदो। (प्रव.१८)

सम पुं [शम] 1.समता, समभाव। (प्रव.७,पंचा.१०७, निय.१०९ बो.४६, मो.७२) परिणामो अप्पणो हु समो। (प्रव.७) राग,द्वेष और मोह से रहित आत्मा का परिणाम ही सम है। (प्रव.७) **-भाव** पुं [भाव] समताभाव, शान्तभाव।•चारित्तं समभावो। (पंचा.१०७) 2.पुं [श्रम] परिश्रम, खेद, थकावट। तण्हया वा समेण वा रूढं ।(प्रव.चा.३१)3.वि [सम] समान,तुल्य,सदृश्य, उदासीन। (प्रव.ज्ञे.१०४, निय.११०, शी.१) साहीणो समभावो। (निय.११०) **-लोट्ठकांचण** पुं न [लोष्ट-काञ्चन] पत्थर और स्वर्ण में समानता।(प्रव.चा.४१)**-सुहदुक्ख** पुं न [सुखःदुख]

सुख-दुःख में समानता। (पंचा.१४२, प्रव.१४)

समअ पुं [समय] 1.समय, काल, अवसर, काल विशेष। (स.२१६, प्रव.ज्ञे.४७, पंचा.२५) सभए समए विणस्सदे उहयं। (स.२१६) समय अप्रदेश है । जब एक प्रदेशात्मक पुद्गलजातिरूप परमाणु मन्द गति से आकाश द्रव्य के एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश के प्रति गमन करता है तब समय होता है। (प्रव.ज्ञे.४६)2.लोक,विश्व। समवाओ पंचण्हं समउत्ति जिणुत्तमेहिं पण्णत्तं।(पंचा.३)जीव,पुद्गल,धर्म,अधर्म और आकाश इन पांचों का समुदाय भी समय है। (पंचा.३) 3.देखो समय।

समंत वि [समन्त] विश्वव्यापी,पूर्ण,समस्त।(प्रव.२२,४७) समंतसव्वक्खयगुणसमिद्धस्स। (प्रव.२२)

समक्खाद वि [समाख्यात] उक्त, कथित,अभिव्यक्त। (प्रव.३६, प्रव.ज्ञे.६, निय.२) णेयं दव्वं तिहा समक्खादं। (प्रव.३६)

समगं अ [समकम्] युगपत्, एक साथ। ते ते सव्वे समगं समगं। (प्रव.३)

समग्ग वि [समग्र] पूर्ण, समस्त। सपदेसेहिं समग्गो।(प्रव.ज्ञे.५३)

समज्जिअ वि [समर्जित] उपार्जित, एकत्रित, संकलित। (निय.११८)

समण पुं स्त्री [श्रमण] निर्ग्रन्थ, मुनि,साधु, यति, भिक्षु। (पंचा.२, प्रव.१४,लिं.४,भा.५१) समणो समसुहदुक्खो। (प्रव.१४) जिसे शत्रु और मित्रों का समूह समान हो, सुख एवं दुःख समान हो,

प्रशंसा एवं निंदा समान हो, पत्थर और स्वर्ण एक समान हो तथा जो जीवन और मरण में समभाव वाला हो, वह श्रमण है। **-मुहुग्गदमट्ठ** पुं [मुखोद्गतार्थ] श्रमण के मुख से उत्पन्न अर्थ। (पंचा. २) **-लिंग** न [लिङ्ग] श्रमणलिंङ्ग, श्रमणचिह्न। वोच्छामि समणलिंगं। (लिं.१)

समणी स्त्री [श्रमणी] श्रमणी, आर्यिका, साध्वी। (प्रव.चा.ज.वृ.२५) समणीओ तस्समाचारा।

समत्त वि [समस्त] परिपूर्ण, सम्पूर्ण। जादं सयं समत्तं। (प्रव.५९)

समद वि [समतः] समानता, सदृशता। समदो दुराधिगा जदि। (प्रव.ज्ञे.७३)

समदा वि [समता] साम्यभाव,रागद्वेष का अभाव समदारहियस्स। समणस्स। (निय.१२४)

समद्दव वि [स्वमार्दव] निजमृदुता, स्वकीय मार्दव। (निय.११५) समद्दवेणज्जवेण मायं च। (निय.११५)

समधि सक [सम्+अधि] अध्ययन करना, ज्ञान करना। (प्रव.८६) तम्हा सत्थं समधिदव्वं। (प्रव.८६) समधिदव्व (विकृ.प्रव.८६)

समभिहद वि [श्रमाभिहत] श्रम से खिन्न। (प्रव.चा.३०)

समभुत्ति स्त्री [समभुक्ति] सम्यक् आहार, अच्छा भोजन। समभुत्ती एसणासमिदी। (निय.६३)

समय पुं [समय] 1.काल, अवसर। (पंचा.१६७,स.१७०, प्रव.ज्ञे.४९, भा.३५, निय.३१) समयस्स सो वि समयो। (प्रव.ज्ञे.५०) 2. आत्मा। समयमिणं सुणह बोच्छामि। (पंचा.२)

3. आगम, सिद्धान्त, मत। समयस्स वियाणया विंति। (स.३७) **-सार** पुं न [सार] समयसार, ग्रन्थ विशेष, परमार्थग्रन्थ। (स.१४२) जो सब नयपक्षों से रहित है वह समयसार है। (स.१४४)

समवत्ति पुं [समवर्त्तिन्] तादात्म्य सम्बन्ध, धारावाही। (पंचा.५०)

समवाअ/समवाय पुं [समवाय] सम्बन्धविशेष,सम्मिलन, संपर्क, अविच्छेद्यसंयोग। (पंचा.४९, प्रव.१७) गुण एवं गुणी के बीच अनादि काल से जो समवर्तित्व तादात्म्य सम्बन्ध पाया जाता है, वह समवाय है। (पंचा.५०) समवत्ती समवाओ।

समवेद वि [समवेत] समुदित, एकमेक। समवेदं खलु दव्वं। (प्रव.ज्ञे.१०)

समवण्ण वि [समापन्न] संयोग, संप्राप्त। समवण्णा होइ चारित्तं। (चा.३)

समस्सिद वि [समाश्रित] आश्रय में स्थित, आश्रित। फासेहिं समस्सिदे सहावेण। (प्रव.६५)

समाण वि [समान] सदृश, तुल्य। (पंचा.९६, द.२६) दोण्णि वि होंति समाणा। (द.२६) **-परिणाम** न [परिणाम] समान परिणाम, सदृशमाप। अपुणब्भूदा समाणपरिणामा। (पंचा.९६)

समादद सक [समा+दा] ग्रहण करना, स्वीकार करना, अङ्गीकार करना। (पंचा.९९, १७१) चित्तं उभयं समादियदि। (पंचा.९९)

समावणअ पुं [श्रमापनक] थकावट दूर करने वाला। समणेसु समावणओ। (प्रव.चा.४७)

समावण्ण देखो समवण्ण। विव्वेयसमावण्णो। (स.३१८)

समायर सक [समा+चर्] आचरण करना। (भा.३०,७७) तं रयणत्तय समायरह। समायरह (वि./आ.म.ब.भा.३०)

समारद्ध वि [समारद्ध] प्रारम्भ, आरम्भ, शुरुआत्। (प्रव.ज्ञे.३२, प्रव.चा.११) कम्मं जीवेण जं समारद्धं। (प्रव.ज्ञे.३२)

समास पुं [समास] संक्षेप, संकोच, सम्मिश्रण, समाहार। (स.३५३,३६०,बो.२,द.१,मो.१३) वत्तव्वं से समासेण। (स.३६०)

समास अक [सम्+आस्] रहना,बैठना,प्राप्त होना। (प्रव.५) पहाणासमं समासेज्ज। समासेज्ज (वि.उ.ए.प्रव.५)

समाहि पुं स्त्री[समाधि] चित्त की स्वस्थता, समभाव। (निय.१०४, भा.७२) समाहिं पडिवज्जए। (निय.१०४)

समाहिद वि [समाहित] संयुक्त, तन्मय, तत्पर। तिहिं तेहिं समाहिदो हु जो अप्पा। (पंचा.१६१)

समित वि [शमित] शान्त किया हुआ, शान्त। (प्रव.चा.६८) **-कसाय** पुं [कषाय] कषायों से शान्त, जिसकी कषायें शान्त हो गई हो। समिदकसायो तवोधिगो चावि। (प्रव.चा.६८)

समिदि स्त्री [समिति] सम्यक्प्रवृत्ति, उपयोगपूर्वक की जाने वाली प्रवृति। (स.२७३, प्रव.चा.८, निय.११३, सू.२१) नियमसार में पांच समितियों का विवेचन पृथक्-पृथक् रूप में किया गया है। (देखो-६१ से ६५)

समिद्ध वि [समृद्ध] अतिशय सम्पत्तिवाला, धनवान्। (प्रव.२२)

समिद्धि स्त्री [समृद्धि] वृद्धि, अतिशयवृद्धि।

समुग्गद वि [समुद्गत] समुत्पन्न, समुद्भूत।

समुट्ठिद वि [समुत्थित] सम्यक् प्रयत्नशील, उद्यमी, एक साथ उत्पन्न। (प्रव.७९, प्रव.ज्ञे.१०७) तीसु जुगवं समुट्ठिदो जो दु। (प्रव.चा.४२)

समुद्द पुं [समुद्र] समुद्र, सागर। (सू.२७) **-सलिल** न [सलिल] समुद्र जल, सागर का पानी। समुद्दसलिले अचेलअत्थेण। (स.२७)

समुद्दिट्ठ वि [समुदिष्ट] कथित, प्रतिपादित। (निय.११०,१८२) सिद्धा णिव्वाणमिदि समुद्दिट्ठा। (निय.१८२)

समुब्भव पुं [समुद्भव] उत्पन्न, उत्पत्ति, जन्म। (प्रव.७४, निय.३८) परिणामसमुब्भवाणि विविहाणि। (प्रव.७४)

समुवगद वि [समुपगत] प्राप्त हुआ, समीप आया। मग्गं जिण भासिदेण समुवगदो। (पंचा.७०)

समूह पुं न [समूह] समुदाय, राशि, समूह।

सम्म वि [सम्यञ्च्] 1. सत्य, सच्चा, यथार्थ, समीचीन। सम्मादिट्ठी जीवो। (स.२२८) **-दिट्ठि/द्दिट्ठि** स्त्री [दृष्टि] सम्यक् दृष्टि। (स.२०२) **-इंसण** न [दर्शन] सम्यग्दर्शन।(स.१४४, द.३३, चा.१८) सम्यग्दृष्टि जीव अपने आपको ज्ञायक स्वभाव जानता है और तत्त्व के यथार्थ स्वरूप को जानता हुआ, उदयागत रागादिभाव को कर्मविपाक जानकर छोड़ता है। (स.२००) 2. न [साम्य] समता, समानता, निष्पक्षता, सामञ्जस्य। (प्रव.५,

नियं.१०४) उवसंपयामि सम्म। (प्रव.५)

सम्मं अ [सम्यक्] अच्छी तरह, यथार्थरूप में, वास्तव में, भलीभाँति। (पंचा.४८, प्रव.८१, सू.१, चा.२, भा.१४८, बो.१४) सम्मं जिणभावणाजुत्तो। (भा.१४८)

सम्मत्त पुं न [सम्यक्त्व] समकित, सम्यग्दर्शन, यथार्थश्रद्धान। (पंचा.१०७, स.१३, नियं.५, चा.६, बो.५७, भा.१४३, सू.१४, द.२०, मो.४०) धर्म आदि द्रव्यों का श्रद्धान करना सम्यक्त्व है। (पंचा.१६०)जीवादि सात तत्त्वों पर श्रद्धान व्यवहार सम्यक्त्व है और शुद्ध आत्मा का श्रद्धान निश्चय सम्यक्त्व है। (द.२०) **-गुण वसुद्ध** वि [गुणविशुद्ध] सम्यक्त्व गुण से विशुद्ध। (बो.५२) सम्मत्तगुणविसुद्धो। **-चरणचरित्त** न [चरणचरित्र] सम्यक्त्व के आचरण रूप चारित्र।(चा.८)-**चरणभट्ट** वि [चरणभ्रष्ट] सम्यक्त्व आचरण से भ्रष्ट। (चा.१०) **-चरणसुद्ध** वि [चरणशुद्ध] सम्यक्त्वाचरण से शुद्ध। (चा.९) **-णाणचरण** न [ज्ञानचरण] सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान और सम्यक्चारित्र। (नियं.९१) सम्मत्तणाणचरणे। (नियं.१३४) **-णाणजुत्त** वि [ज्ञानयुक्त] सम्यक्त्व और ज्ञान से युक्त।(पंचा.१०६) **-णाणरहिअ** वि [ज्ञानरहित] सम्यक्त्व और ज्ञान से रहित। (मो.७४) **-पडिणिबद्ध** वि [प्रतिनिबद्ध] सम्यक्त्व को रोकने वाला। सम्मत्तपडिणिबद्धं। (स.१६१) **-परिणद** वि [परिणत] सम्यक्त्वरूप परिणत। सम्मत्तपरिणदो उण। (मो.८७) **-पहुदिभाव** पुं [प्रभृतिभाव] सम्यक्त्वादि भाव।

सम्मत्तपहुदिभावा। (नियं.९०) **-रयणभट्ट** वि [रत्नभ्रष्ट] सम्यक्त्वरूपी रत्न से भ्रष्ट। सम्मत्तरयणभट्टा। (द.४) **-विरहिय** वि [विरहित] सम्यक्त्व से रहित। (द.५) सम्मत्तविरहियाणं। (द.५) **-विसुद्ध** वि [विसुद्ध] सम्यक्त्व से विशुद्ध। वयसम्मत्त विसुद्धे। (बो.२५) **-सलिलपवह** वि [सलिल-प्रवह] सम्यक्त्व जल से प्रवाहित। सम्मत्तसलिलपवहे। (द.७)

सम्मइंसण न [सम्यग्दर्शन] सम्यग्दर्शन। (द.३३, बो.४०)

सम्माइट्ठि/सम्मादिट्ठि स्त्री [सम्यग्दृष्टि] सम्यग्दृष्टि। (स.२३०, मो.१४, भा.३१) सम्माइट्ठी हवइ जीवो। (स.११)

सम्मूह सक [समा+इ] इकट्ठा करना, एकत्रित करना। सम्मूहदि रक्खेदि य। (लिं.५)

सय अक [शी/स्वप्] सोना, शयन करना। (भा.११३)

सय वि [स्वक] निजी, आत्मीय। (स.३६१-३६३) जीवो वि सयेण भावेण। (स.३६२)

सयं अ [स्वयं] आप, निज। (पंचा.७८, स.९१, प्रव.५५) **-अप्पा** पुं [आत्मन्] स्वयं आत्मा, स्वयं अपना। अह सयमप्पा परिणमदि। (स.१२४) **-एव** अ [एव] स्वयं ही, अपने आप ही। भूदो सयमेवादा।(प्रव.१६) **-भु** पुं [भू] ब्रह्मा, स्वयं उत्पन्न। (प्रव.१६) हवदि सयंभुत्ति णिद्दिट्ठो।

सयण न [शयन] शय्या, विस्तर। (प्रव.चा.१६, बो.४५, द्वा.३) हिरण्णसयणासणाइ छत्ताइं। (बो.४५)

सयल वि [सकल] सम्पूर्ण,पूरा,सब,समस्त।(पंचा.७५, नियं.५,

बो.२,भा.१३३)ते रोया वि सयला।(भा.३८)-**काल** पुं [काल] सभी समय,प्रत्येक समय।(भा.९४)सहदि मुणि सयलकालकाएण।-**गुण** पुं न [गुण] समस्तगुण। सयलगुणप्पा हवे अत्ता। (निय.५)-**जण** पुं [जन] सभी लोग। सयलजणबोहणत्थं। (बो.२) -**जीव** पुं [जीव] समस्त जीव। खमेहि तिविहेण सयलजीवाणं। (भा.१०९) -**णग्ग** वि[नग्न]सभी वस्त्र रहित।दव्वेण सयलणग्गा। (भा.६७) -**दोसणिम्मुक्क** वि [दोषनिर्मुक्त] समस्त दोषों से रहित। (निय.४४) -**दोसपरिचत्त** वि [दोषपरित्यक्त] समस्त दोषों को छोड़ने वाला। रायादिसु सयलदोसपरिचत्तो। (भा.८५) -**परिचत्त** वि [परित्यक्त] सभी से रहित। माणकसाएहि सयलपरिचत्तो। (भा.५६) -**भाव** पुं [भाव] सम्पूर्ण भाव। पुव्वुत्तसयलभावा। (निय.५०) -**संघ** पुं [संघ] समस्त संघ। णारयतिरिया य सयलसंघाण। (भा.६७) -**समत्थ** वि [समर्थ] पूर्ण शक्तिमान। खंधं सयलसमत्थं। (पंचा.७५) -**सुयणाण** न [श्रुतज्ञान] सम्पूर्ण श्रुतज्ञान। चउदसपुव्वाइं सयलसुयणाणं। (भा.५२)

सया देखो सदा। सया विदियवयं होइ तस्सेव। (निय.५७)

सयास न [सयास] पास, निकट, समीप। तं गरहि गुरुसयासे। (भा.१०६)

सरण पुं न [शरण] 1. आश्रय, स्थान। (मो.१०४,१०५, भा.१२३) तम्हा आदा हु मे सरणं। (मो.१०५) 2. न [स्मरण] स्मृति, याद। (चा.३५)

सराग वि [सराग] रागसहित। चरिया हि सरागाणं। (प्रव.चा.४८) **-प्पधाण** वि [प्रधान] सराग की मुख्यता, सरागमय। सो वि सरागप्पधाणो से। (प्रव.चा.४९)

सरि स्त्री [सरित्] सरिता, नदी। सरिदरितरुवणाइं सव्वंतो। (भा.२१)

सरिस/सरिस्स वि [सदृश] समान, तुल्य। णियदेहसरिस्सं पिच्छिऊण। (मो.९)

सरीर पुं न [शरीर] देह, काय, तनु। (स.५०, निय.७०, भा.३७, बो.५१) आहारो य सरीरो। (बो.३३) **-ग** वि [क] शरीरसम्बन्धी। (निय.७०) काउस्सग्गो सरीरगे गुत्ती। (निय.७०) **-गुण** पुं न [गुण] शरीर के गुण। (स.३९) **-गुत्ति** स्त्री [गुप्ति] कायगुप्ति। (निय.७०) शरीर सम्बन्धी क्रियाओं को रोकना कायोत्सर्ग या कायगुप्ति है। (निय.७०) **-मित्त** पुं [मात्र] शरीरप्रमाण, शरीरमात्र। सरीरमित्तो अणाइणिहणो य। (भा.१४७)

सलक्खण वि [सलक्षण] लक्षणसहित। छिज्जंति सलक्खेहिं णियएहिं। (स.२९५)

सलक्खणिय वि [सलक्षणिक] लक्षणसहित। (पंचा.१०)

सलिल पुं न [सलिल] जल, पानी। (द.७, भा.१२४, १५३) सम्मत्तसलिलपवहे। (द.७)

सल्ल पुं न [शल्य] पीड़ा, दुःख। (निय.८७) **-भाव** पुं [भाव] शल्यभाव। मोत्तूण सल्लभावं। (निय.८७)

सल्लेहणा स्त्री [सल्लेखना] कषाय और शरीर के शमन करने की क्रिया, अनशन व्रत से शरीरत्याग का अनुष्ठान, शिक्षाव्रत का एक भेद। चउत्थ सल्लेहणा अंते। (चा.२६)

सव न [शव] मृत शरीर, शव। जीवविमुक्को सवओ। (भा.१४२)

सवण देखो समण। (सू.१, द.२७, भा.१०७, मो.१४) सवयाणं सावयाण पुण सुणसु।(मो.८५) **-त्तण** वि [त्व] श्रमणपना, साधुता। सवणत्तणं ण पत्तो। (भा.४५)

सवद वि [सव्रत] व्रतसहित। सोच्चासवदं किरियं। (प्रव.चा.७)

सवसासत्त वि [स्ववशासक्त] स्वाधीन मुनियों में आसक्त। सवसासत्तं तित्थं। (बो.४२)

सविसेस वि [स्वविशेष] अपनी विशेषता सहित। सविसेसो जो हि णेव सामण्णे। (प्रव.९१)

सविस्सरूव वि [सविश्वरूप] नाना प्रकार के स्वरूपों से युक्त। (पंचा.८)

सविहव वि [स्ववैभव] निज वैभव, निजअनुभव। (स.५) दाएहं अप्पणो सविहवेण।

सव्व स [सर्व] सब, समस्त, सम्पूर्ण। (पंचा.८२, स.१५, प्रव.८८, निय.२७, द.१५, सू.१०, बो.२४, मो.१७, भा.१४३, द्वा.१) णाणं अप्पा सव्वं। (स.१०) **-अंग** पुं न [अङ्ग] समस्त शरीर, शरीर के सभी अवयव। (बो.३७) **-अदिचार** पुं [अतिचार] सभी अतिचार। (निय.९३) **-आगमधर** वि [आगमधर] समस्त आगमों का ज्ञाता। सगस्स सव्वागमधरो वि। (पंचा.१६७)

-आबाधविजुत्त वि [आबाधवियुक्त] सब पीड़ाओं से रहित। सव्वाबाधाविजुत्तो। (प्रव.ज्ञे.१०६) **-कत्तित** वि [कर्तृत्व] सभी प्रकार का कर्त्तापन। सो मुंचदि सव्वकत्तितं। (स.९०) **-कम्म** पुं न [कर्मन्] समस्त कर्म, सकल कर्म। णिज्जरमाणोध सव्वकम्माणि। (पंचा.१५३) **-काल** पुं [काल] सम्पूर्ण समय, सभी समय। (पंचा.४०, प्रव.ज्ञे.४) लोगो सो सव्वकाले दु। (प्रव.ज्ञे.३६) **-क्खगुणसमिद्धा** वि [अक्षगुणसमृद्ध] समस्त इन्द्रियों के गुणों से सम्पन्न। (प्रव.२२) **-क्खसोक्खणाणड्ढ** वि [अक्षसुखज्ञानाढ्य] समस्त इन्द्रिय सुख और ज्ञान का भण्डार। (प्रव.ज्ञे.१०६) **-गद** वि [गत] सर्वगत, व्यापक। (प्रव.२३,२६,५०) ण खाइयं णेव सव्वगदं। (प्रव.५०) **-णयपक्खरहिद** वि [नयपक्षरहित] सब नय पक्षों से रहित। सव्वणयपक्खरहिदो। (स.१४४) **-णाणदरिसी** वि [ज्ञानदर्शिन्] सबको देखने जानने वाला, सर्वज्ञ। (पंचा.२८, स.१६०) सो सव्वणाणदरिसी। (पंचा.२८)**-ण्हु** पुं [ज्ञ] सर्वज्ञ, परमेश्वर। (प्रव.१९) **-त्तो** अ [तस्] सब ओर से। (भा.२१) **-त्थ** अ [त्र] सर्वत्र, सभी जगह। (पंचा. १७२,स.३, प्रव.५१, बो.४७,५५) सव्वत्थ अत्थि जीवो। (पंचा.३४) **-दंसि** वि [दर्शिन्] सर्वदर्शी, सर्वज्ञ। (चा.१) सव्वण्हु सव्वदंसी। (चा.१) **-दव्व** पुं न [द्रव्य] सभी द्रव्य,समस्तद्रव्य। (पंचा.१४२, स.२१८, प्रव.२१) सव्वदव्वेसु कम्ममज्झगदो। (स.२१९) **-दुक्ख** पुं न [दुःख] सभी दुःख। (प्रव.८८,सू.२७,व.१७) ताह णियत्ताइं सव्वदुक्खाइं। (सू.२७)**-दो** अ [तस्] सभी ओर से। (पंचा.७३,

स.१६०, प्रव. ज्ञे.७६) पोग्गलकाएहिं सव्वदो लोगो। (स.६४) -**दोस** पुं [दोष] समस्त दोष। (निय.९३) -**धम्म** पुं न [धर्मन्] समस्त धर्म, सबधर्म। उवगूहणगो दु सव्वधम्माणं। (स.२३३) -**पयडत्त** वि [प्रकटत्व] सर्वरूप से प्रकटपना। जिणसमए सव्वपयडत्तं। (निय.२७) -**पयत्थ** पुं [पदार्थ] समस्त पदार्थ। सत्ता सव्वपयत्था।(पंचा.८)-**भाव** पुं [भाव] सभी भाव। (स.२३२,निय.११९,द.१५,प्रव.ज्ञे.१०५,पंचा.९) ण दु कत्ता सव्वभावाणं। (स.८२) -**भूद** वि [भूत] समस्तप्राणी। इंदियचक्खूणि सव्वभूदाणि। (प्रव.चा.३४) -**लोगदरिसि** वि [लोकदर्शिन्] समस्त लोक को देखने वाला। (पंचा.१५१, मो.३५) सव्वण्हू सव्वलोगदरिसी। (पंचा.२९) -**लोगपदिमहिद** वि [लोकपतिमहित] समस्त लोक के अधिपतियों से पूजित। सव्वण्हू सव्वलोगपदिमहिदो। (प्रव.१६)-**विअप्पाभाव** वि [विकल्पाभाव] समस्त विकल्पों का अभाव।सव्वविअप्पाभावे। (निय.१३८)-**विरअ** वि [विरत] सभी तरह से रहित,पूर्ण विरत।सव्वविरओ वि भावहि। (भा.९७) -**संगपरिचत्त** वि [सङ्गपरित्यक्त] समस्त परिग्रह से रहित। पव्वज्जा सव्वसंगपरिचत्ता। (बो.२४) -**संगमुक्क** वि [सङ्गमुक्त] सभी परिग्रह से मुक्त। (पंचा.१५८, स.१८८) जो सव्वसंगमुक्को। (पंचा.१५८) -**सावज्ज** वि [सावद्य] समस्त पापों से युक्त। विरदो सव्वसावज्जे। (निय.१२५) -**सिद्ध** वि [सिद्ध] सभी सिद्ध। (स.१, द्वा.१) वंदित्तु सव्वसिद्धे। (स.१) -**हा** अ [था] सर्वथा,

सब प्रकार से । (पंचा.३५, मो.२९, भा.६३) ववहारं चयइ सव्वहा सव्वं। (मो.३२)सव्वो (प्र.ए.भा.३३) सव्वे (प्र.ब.स.१२८) सव्वं (द्वि.ए.स.१६०) सव्वे (द्वि.ब.पंचा.३९) सव्वेहि (तृ.ब.मो.२२) सव्वस्स (च./ष.ए.स.४) सव्वेसिं/सव्वाणं (च./ष.ब.स.२३१ भा.१४३) सव्वम्हि (स.ए.स.२४२) सव्वेसु (स.ब.प्रव.चा.५९) सव्वा (प्र.ए.स.२६) सव्वाणि/सव्वाइं (द्वि.ब.प्रव.४९, भा.२२)

सव्वण्हु पुं [सर्वज्ञ] सर्वज्ञ, प्रभु। (पंचा.१५१, स.१५२, प्रव.१६, चा.१) सव्वण्हू सव्वलोगपदिमहिदो। (प्रव.१६)

ससक्ति वि [स्वशक्ति] अपनी शक्ति, निजबल। कुणइ तवं संजुदो ससत्तीए। (मो.४३)

ससहर पुं [शशहर] चन्द्रमा, चाँद। (भा.१४५) **-बिंब** वि [बिम्ब] चन्द्रमण्डल। ससहरबिंब ख मंडले विमले। (भा.१४५)

सस्स न [शस्य] धान्य, चांवल। (प्रव.चा.५५, लिं.१६) **-काल** पुं [काल] धान्य का समय। वीयाणि व सस्सकालम्मि। (प्रव.चा.५५)

सस्सद/सस्सय वि [शाश्वत्] नित्य, अविनाशी,अविनश्वर। (पंचा.३७, द्वा.४८) सो सस्सदो असद्दो। (पंचा.७७)

सह अक [सह्] सहन करना, झेलना। (भा.३८, सू.१२, बो.५५) दस दस दो सुपरीसह सहदि। (भा.९४)

सह वि [सह] 1.सहिष्णु, सहन करने वाला। उवसग्गपरिसहसहा। (बो.५५) 2.अ [सह] साथ, संग, सहित। जइ जीवेण सहच्चिय।

(स.१३९)

सहज वि [सहज] स्वाभाविक, नैसर्गिक। (प्रव.६३, भा.११, द.२४) आगंतुअमाणसियं सहजं। (भा.११) **-उप्पण्ण** वि [उत्पन्न] स्वाभाविक रूप से उत्पन्न। सहजुप्पण्णं रूवं। (द.२४)

सहस/सहस्स पुं न [सहस्र] हजार, संख्याविशेष। (द.३५, भा.२८) **-कोडि** स्त्री [कोटि] हजारों करोड़। (द.५) **-ट्ठ** वि [अष्ट] एक हजार आठ। सहसट्ठ सुलक्खणेहिं संजुत्तो। (द.३५) **-वार** पुं [बार] हजारों बार, हजारों समय। छावट्टिसहस्सवारमरणाणि। (भा.२८)

सहाव पुं [स्वभाव] प्रकृति, निसर्ग। (पंचा.१५८, स.१९८, प्रव०३३, निय.१०, भा.१५३) कम्मसहावेण भावेण। (पंचा.६२) **-गुण** पुं न [गुण] स्वभाव गुण। तं हवे सहावगुणं। (निय.२७) **-ठाण** न [स्थान] स्वभावस्थान। (निय.३९) उवसमणे सहावठाणा वा। (निय.४१) **-णाण** न [ज्ञान] स्वभाव ज्ञान। (निय.१०,११) असहायं तं सहावणाणं त्ति। (निय.११) **-णियद** वि [नियत] अपने स्वभाव में स्थित। जीवो सहावणियदो। (पंचा.१५५) **-पज्जाय** पुं [पर्याय] स्वभाव पर्याय। परिणामो सो सहावपज्जायो। (निय.२८) **-पयडि** स्त्री [प्रकृति] स्वभाव प्रकृति। कमलिणिपत्तं सहावपयडीए। (भा.१५३) **-समयट्ठिद** वि [समवस्थित] स्वभाव में स्थिर रूप। सहावसमयट्ठिदो त्ति संसारे। (प्रव.ज्ञे.२८) **-सिद्ध** वि [सिद्ध] स्वभाव से निष्पन्न, स्वभाव में प्रतिष्ठित। सोक्खं सहावसिद्धं। (प्रव.७१)

सहिअ/सहिद/सहिय वि [सहित] युक्त, समन्वित, सहित। (पंचा.४२, भा.१४५, द.३४, सू.११) गुणपज्जएहिं सहिदो। (पंचा.२१)

सागार वि [सागार] गृहयुक्त, गृहस्थ। (स.४११, प्रव.ज्ञे.१०२) सागारणगारचरियया जुत्तो। (प्रव.चा.७५)

साणुकंप वि [सानुकम्प] दयाभावयुक्त, दयाभाव से पूर्ण। जीवो य साणुकंपो। (प्रव.ज्ञे.६५)

साद न [सात] सुख, आनन्द। (प्रव.चा.५६) **-अप्पग** वि [आत्मक] सुखस्वरूप, आनन्दात्मक। भावं सादप्पगं दि। (प्रव.चा.५६)

साधिय वि [साधित] सिद्ध किया गया, निष्पादित। साधियमाराधियं च एयट्ठं। (स.३०४)

साधीण वि [स्वाधीन] स्वायत्त, स्वतंत्र, स्वाधीन। साधीणो हि विणासो। (स.१४७)

साधु पुं [साधु] मुनि, यति। साधूहि इदं भणिदं। (पंचा.१६४)

सामग्ग न [सामग्र्य] सामग्री, परिग्रह। सामग्गिंदियरूवं। (द्वा.४)

सामण्ण न [श्रामण्य] 1.श्रमणता, साधुपन। (प्रव.९१, नियं.१४७) सो सामण्णं चत्ता। (प्रव.ज्ञे. ९८) **-गुण** पुं न [गुण] श्रमणता के गुण। तेण दु सामण्णगुणं। (निय.१४७) 2. वि [सामान्य] साधारण, सामान्य। (स.१०९) **-पच्चय** पुं [प्रत्यय] सामान्य प्रत्यय, सामान्य कारण। सामण्णपच्चया खलु। (स.१०९)

सामाइय न [सामायिक] संयमविशेष, समभाव, राग-द्वेष का अभाव, शिक्षाव्रत का एक भेद, प्रतिमाओं में तीसरी प्रतिमा।

(निय.१०३, चा.२३) जो समस्त सावद्य---पाप सहित कार्यो से विरत है, तीन गुप्तियों का धारक है तथा जिसने इन्द्रियों को जीत लिया है उसके सामायिक होती है। (निय.१२५)

सायर पुं [सागर] समुद्र, रत्नाकर। सायरसलिला दु अहिययरं। (भा.१८,१९)

सायार देखो सागार। (चा.२१, २३, भा.६६) सायारं सग्गंथे। (चा.२१)

सार पुं न [सार] 1. परमार्थ। (निय.३) भणिदं खलु सारमिदि वयणं। 2. वि [सार] उत्तम, रहस्य, श्रेष्ठ।(द.२१,मो.४०)इय उवएसं सारं। (मो.४०)

सारंभ पुं [सारम्भ] पाप कार्य। अह मोहं सारंभं। (चा.१५)

सारीरिय वि [शारीरिक] शरीर का, शरीर सम्बन्धी। सारीरियं च चत्तारि। (भा.११)

सालिसिक्थ पुं [शालिसिक्थ] मच्छ विशेष, मत्स्य की एक जाति, तन्दुलमत्स्य। मच्छो वि सालिसिक्थ। (भा.८८)

सावअ/सावग/सावय पुं न [श्रावक] उपासक, अर्हद्भक्त गृहस्थ, विरताविरत संयम वाला। (निय.१३४, द.२७, चा.२७, प्रव.चा.५०, भा.१४३) वीयं उक्किट्ठसावयाणं तु। (द.१८)

-धम्म पुं न [धर्म] श्रावक धर्म।एवं सावयधम्मं। (चा.२७)

-सम वि [सम] श्रावक के समान। सुमलिणचित्तो ण सावयसमो सो। (भा.१५४)

सासअ/सासद/सासय वि [शाश्वत] नित्य, अविनश्वर। (मो.६,

नियं.१०२, बो.११) पावंति हु सासयं मोक्खं।(मो.८१)

सासण न [शासन] 1. जिन शासन, आगम। (प्रव.चा.७५, पंचा.५७, भा.८३) बुज्झदि सासणमेयं। (प्रव. चा.७५) 2. आज्ञा, शासन।

साह सक [साध्] सिद्ध करना, बनाना, वश में करना। (निय.१५५, सू.१, चा.३१) साहंति जं महल्ला। (चा.३१)

साहम्मि वि [साधर्मिन्] समान धर्म वाला, एक जाति के। साहम्मि य संजदेसु अणुरत्तो। (मो.५२)

साहा स्त्री [शाखा] वृक्ष की डाल। (द.११) **-परिवार** [परिवार] शाखापरिवार। साहापरिवारबहुगुणो होई। (द.११)

साहीण वि [स्वाधीन] स्वायत्त, स्वतन्त्र। साहीणो समभावो। (निय.११०)

साहु पुं [साधु] मुनि,श्रमण,यति।(पंचा.१३६,स.३३,प्रव.४, निय.५७, सू.१२, भा.५६, मो.१५) गुण- गणविहूसियंगो हेयोवादेयणिच्छदो साहू। (मो.१०२) साहू (प्र.ए.मो.१०२) साहू (प्र.ब.सू.१२, स.३१) साहुं (द्वि.ए.स.३२) साहुणा (तृ.ए.स.१६) साहुस्स (च./ष.ए.स.३३) साहूणं (च./ष.ब.प्रव.४, सू.१७) साहुसु (स. ब.पंचा.१३६)

सिंच सक [सिच्] सींचना, छिड़कना। वरखमसलिलेण सिंचेह। सिंचेह (वि./आ. म.ब.भा.१०९)

सिक्खा स्त्री [शिक्षा] उपदेश, अभ्यास, शिक्षण। दायारी दिक्खसिक्खा। (बो.१७) **-वय** पुं न [व्रत] शिक्षाव्रत।

सिक्खावय चत्तारि। (चा.२३)

सिग्घ न [शीघ्र] शीघ्र, जल्दी, तुरन्त। पच्छा पावइ सिग्घं। (निय.१७५)

सिज्झ अक [सिध्] सिद्ध होना, निष्पन्न, बनना, मुक्त होना। (प्रव.चा.३७, सू.२३, निय.१०१, द.३, मो.८८, द्वा.९०) मूलविणट्ठा ण सिज्झंति। (द.१०) सिज्झदि। सिज्झइ (व.प्र.ए.भा.४, निय.४, निय.१०१) सिज्झंति (व.प्र.ब.द.३) सिज्झिहदि (भवि.प्र.ए.द्वा.९०) सिज्झिहहि (भवि. वि./आ.म.ए.मो.८८)

सिद्ध वि [सिद्ध] 1. मुक्त, कृतकृत्य, निर्वाण प्राप्त। (पंचा.१३६, स.२३३, प्रव.४, नि.७२, बो.१२, भा.१)शरीर से रहित सिद्ध हैं। देहविहूणा सिद्धा। (पंचा.१२०) **-अंत** पुं [अन्त] आगम, शास्त्र, सिद्धान्त। (स.३२२,३४७) जस्स एस सिद्धंतो। (स.३४८) **-आयदण** न [आयतन] सिद्धायतन,जो विशुद्ध ध्यान तथा केवलज्ञान से युक्त हैं ऐसे जिस मुनिश्रेष्ठ के शुद्ध आत्मा की सिद्धि हो गई है,उस समस्त पदार्थों को जानने वाले केवलज्ञानी को सिद्धायतन कहा है। (बो.६) **-आलय** स्त्री न [आलय] सिद्धस्थान,सिद्धशिला। ते सिद्धालयसुहं जंति। (शी.३८)। **-ठाण** न [स्थान] सिद्धस्थान, मुक्तिस्थान। सिद्धठाणम्मि (बो.१२) **-प्पा** पुं[आत्मन्] सिद्ध आत्मा, मुक्त आत्मा। जारिसिया सिद्धप्पा। (निय.४७) **भत्ति** स्त्री [भक्ति] सिद्धभक्ति। [स.२३३] **-सहाव** पुं [स्वभाव] सिद्ध स्वभाव। सव्वे सिद्धसहावो। (निय.४९) 2.

आराधक, निष्पन्न, बना हुआ। संसिद्धिराधसिद्धं। (स.३०४)

सिद्धि स्त्री [सिद्धि] 1. मुक्ति, निर्वाण। (प्रव.चा.३९, द.२८, सू.८,भा.८६,मो.८५) तह वि ण पावइ सिद्धिं।(सू.१५) **-गमण** न [गमन] सिद्धि को प्राप्त,मुक्ति को प्राप्त। सिद्धिगमणं च तेसिं। (द.२८) **-यर वि [कर] सिद्ध को प्राप्त करने वाला। सम्मत्तं सिद्धियरं। (मो.८९)** **-सुह** न [सुख] सिद्धि सुख,मोक्षसुख। जिणमुद्दं सिद्धिसुहं हवेइ। (मो.४७) 2. सिद्धि निष्पति। अजुदा सिद्धि त्ति णिद्दिट्ठा। (पंचा.५०)

सिप्पि स्त्री [शुक्ति] सीप, घोंघा। सिप्पी अपादगा य किमी। (पंचा.१४४)

सिप्पिअ वि [शिल्पिक] शिल्पी, कारीगर, मूर्तिकार। जह सिप्पिओ उ चिट्ठं। (स.३५४)

सिर न [शिरस्] मस्तक, माथा, सिर। (पंचा.२, भा.१) अभिवंदिऊण सिरसा। (पंचा.१०५) सिरसा (तृ.ए.)

सिल/सिला स्त्री [शिला] चट्टान, पत्थर, शिला। सिलकट्ठे भूमितले। (बो.५५)

सिलिट्ठ वि [श्लिष्ठ] बंधा हुआ, सम्बन्धित।

सिव पुं [शिव] 1. जिनदेव, तीर्थङ्कर, सिद्ध। (भा.२,१२४,१५०) णाणी सिवपरमेट्ठी। 2. न [शिव] कल्याण, शुभ। सयं च बुद्धि-सिवमपत्तो। (स.३८२) 3. पुं न [शिव] मुक्ति, मोक्ष। (सू.२, चा.४१, भा.९३) भावो वि दिव्वसिवसुक्खभायणो। (भा.७४) **-आलय** न [आलय] मोक्षमहल। (चा.४१, भा.९३) **-कर** पुं

[कर] शंकर, महादेव, शिवंकर। (मो.६) **-कुमार** पुं [कुमार] शिवकुमार, एक मुनि का नाम। (भा.५१) **-पुरि** स्त्री [पुरी] शिवपुरी, मुक्तिधाम। पंथिय सिवपुरिपंथं।(भा.६) **-भूइ** पुं [भूति] शिवभूति, एक मुनि विशेष। णामेण य सिवभूई। (भा.५३) **-मग्ग** पुं न [मार्ग] शिवमार्ग, मुक्तिपथ। वट्टइ सिवमग्ग जो भव्वो। (सू.२) **-सुह** न [सुख] मोक्ष सुख, मुक्ति सुख। दिव्वसिवसुहभायणो होइ। (भा.६५)

सिवण/सिविण पुं न [स्वप्न] स्वप्न। सिविणे वि ण रुच्चइ। (मो.४७)

सिसु पुं न [शिशु] बालक, पुत्र। (भा.४१) **-काल** पुं [काल] बाल्यकाल, बचपन। सिसुकाले य अमाणे।(भा.४१)

सिस्स पुं स्त्री [शिष्य] विद्यार्थी, शिष्य। (प्रव.चा.४८,द.२) उवइट्ठो जिणवरेहिं सिस्साणं। (द.२) **-ग्गहण** न [ग्रहण] शिष्यों को स्वीकारना, शिष्य बनाना। सिस्सग्गहणं च पोसणं तेसिं। (प्रव.चा.४८)

सिंहाण पुं न [दि] श्लेष्म, नाक का मल, कफ। सिंहाण खेलसेओ। (बो.३६)

सिहि पुं [शिखिन्] अग्नि, आग। चिरसंचियकोहसिहिं। (भा.१०९)

सीयल पुं [शीतल] 1. शीतलनाथ, दसवें तीर्थङ्कर। (ती.भ.४) 2. वि [शीतल] ठण्डा, शीतल। णाणमय विमलसीयलसलिलं। (भा.१२४)

सील पुं [शील] सदाचार, सच्चरित्र। (स.२७३, निय.११३,

द.१६, भा.१२०, शी.१) विषयों से विरक्त होना शील है। शीलं **विसयविरागो।** (शी.४०) -**कुसल** वि [कुशल] शील, सम्पन्न, शील में निपुण। लावण्णसीलकुसलो। (शी.३६) -**गुण** पुं न [गुण] **शीलगुण**। सीलगुणमंडिदाणं। (शी.१७) -**फल** न [फल] शीलफल। (द.१६) -**मंत** वि [मन्त] शीलवान्। (शी.२४) -**वंत** वि [वन्त] शीलवान्। (द.१६) -**वद** न [व्रत] शीलव्रत। सीलवदणाणरहिदा। (शी.१४) -**सलिल** पुं न [सलिल] शीलरूप जल। (शी.३८) -**सहाव** पुं [स्वभाव] शीलस्वभाव। सीलसहावं हि कुच्छिदं णाउं। (स.१४९) -**सहिय** वि [सहित] शीलसहित। तवविणयसीलसहिदा। (शी.३५)

सीस देखो सिस्स। (बो.६०,लिं.१८) णेहं सीसम्मि वट्टदे बहुसो। (लिं.१८)

सीह पुं [सिंह] केशरी, मृगराज, शेर। उक्किट्ठसीहचरियं। (सू.९)

सु अ [सु] अतिशय, योग्यता, समीचीनता, अनुपम। (बो.१३, चा.४१,भा.१५४,मो.८६)-**इच्छिय** वि[इच्छित]अच्छी तरह चाहा गया। लहंते ते सुइच्छियं लाहं।(चा.४२)-**कयत्थ** वि [कृतार्थ]कृतकृत्य।ते धण्णा सुकयत्था।(मो.८६)-**गइ** स्त्री [गति] अच्छी गति। सद्दव्वादो हु सुग्गई हवइ। (मो.१६) -**चरित्त/च्चारित्त** न [चरित्र/चारित्र] निर्मल चारित्र। झाणरया सुचरित्ता। (मो.८२) -**णिम्मल** वि [निर्मल] अत्यन्त निर्मल। सुणिम्मलं सुरगिरीव। (मो.८६) -**तव** पुं न [तपस्] श्रेष्ठतप। सुतवे सुसंजमे सद्धा। (चा.१६) -**दंसण** न [दर्शन] सम्यक्

श्रद्धान, समीचीनमत। सुदंसणे सद्धा। (चा.१४) **-दाण** न [दान] अच्छादान ।सुदाणदच्छाए। (चा.११) **-धम्म** पुं न [धर्म] श्रेष्ठ धर्म, उत्तम धर्म। संजमं सुधम्मं च। (बो.१३) **-परिमल** पुं [परिमल] श्रेष्ठ सुगन्ध। अइसयवंतं सुपरिमलामोयं। (बो.३८) **-पसिद्ध** वि [प्रसिद्ध] अधिक विख्यात। संजमचरणस्स जइ व सुपसिद्धा। (चा.९) **-भाव** पुं [भाव] अच्छाभाव। लब्भइ बोही सुभावेण । (भा.७४) **-मरण** न [मरण] सम्यक् मरण। भावहि सुमरणमरणं। (भा.३२) **-मलिण** न [मलिन] अत्यन्त मलिन। सुमलिणचित्तो। (भा.१५४) **-मुक्ख** पुं [मोक्ष] श्रेष्ठ मुक्ति। जिणसम्मत्तं सुमुक्खठाणा य। (चा.८)**-लक्खण** न [लक्षण] अतिशय लक्षण। सहसट्ठ सुलक्खणेहिं संजुत्तो। (द.३५) **-विसुद्ध** वि [विशुद्ध] अत्यन्त पवित्र। (चा.४१, बो.३९, भा.६०) कसायमलवज्जिओ य सुविसुद्धो। (बो.३९) **-विहिअ** [विहित] अच्छी तरह कहा गया। अविणयणरा सुविहियं। (भा.१०४) **-वीयराय** वि [वीतराग] राग रहित, क्षीण राग। संजमसुद्धं सुवीयरायं च। (बो.१५) **-संजम** पुं [संयम] उत्तमव्रत। सुतवे सुसंजमे भावे। (चा.१६) **-हाव** पुं [भाव] अच्छा भाव। सुहावसंजुत्तो। (भा.६१)

सुअ न [श्रुत] 1. शास्त्र विशेष, आगम, सिद्धान्त। सुअगुण सुअत्थि रयणत्तं। (बो.२२) 2. श्रुतज्ञान, ज्ञान का एक भेद। **-णाणि** वि [ज्ञानिन्] श्रुतज्ञानी, शास्त्रों का जानकार। सुअणाणि भद्दबाहू। (बो.६१)

सुइर वि [सुचिर] पवित्र, निर्मल। जीवेण भाविया सुइरं। (निय.९०) **-काल** पुं न [काल] बहुत समय तक। भुत्ताइं सुदूरकालं। (भा.९)

सुंदर वि [सुन्दर] मनोहर, अच्छा। णिंदंति सुंदरं मग्गं। (निय.१८५)

सुक्क न [शुक्ल] 1. शुभध्यान, ध्यान का एक भेद। (निय.१२३) **-झाण** न [ध्यान] शुक्ल ध्यान। धम्मझाणेण सुक्कझाणेण। (निय.१२३) 2. पुं [शुक्ल] सफेद, श्वेत। तइया सुक्कत्तणं पजहे। (स.२२२) **-त्तण** वि [त्व] शुक्लपना, सफेदी। (स.२२२) 3. पुं [शुक्र] वीर्य, धातु विशेष। मंसट्ठिसुक्कसोणिय। (भा.४२)

सुक्ख न [सौख्य] सुख, आनन्द। (पंचा.१२२, निय.१७८, भा.६०) सुक्खाइं दुहाइं दव्वसवणो य। (भा.१२६) **-भायण** पुं न [भाजन] सुख का पात्र। दिव्वसिवसुक्खभायणो। (भा.७४)

सुजणत्त वि [सुजनत्व] मनुष्यत्व। फलं अणुहवेइ सुजणत्ते। (निय.१५७)

सुट्ठु अ [सुष्ठु] अच्छा, भली प्रकार, सुन्दर। (पंचा.२०, १४१, द.५, स.३१७, भा.१३७)जीवेण सुट्ठु अणुबद्धा। (पंचा.२०)

सुण सक [श्रु] सुनना। (पंचा.९५, स.३६०, प्रव.६२, निय.५४, बो.२, भा.६६, मो.१०६) समयमिमं सुणह वोच्छामि। (पंचा.२) सुणइ (व.प्र.ए.मो.१०६) सुण/सुणसु (वि./आ. म.ए.स.३६०, ३७५) सुणिदूण (सं.कृ.प्रव.६२) सुणंत (व.कृ.पंचा.९५)

सुणह पुं स्त्री [शुनक] कुक्कुर, कुत्ता। सुणहाण गद्दहाण य।

(शी.२९)

सुण्ण वि [शून्य] 1. व्यर्थ, निष्फल। सुण्णमिदरं च। (पंचा.३७) 2. रिक्त, खाली, अभाव। सुण्णं जाण तमत्थं। (प्रव.ज्ञे.५२) **-आयारणिवास** पुं [आगारनिवास] शून्यागार निवास, अचौर्यव्रत की एक भावना। (चा.३४) **-हर** न [गृह] खालीघर, निर्जनघर। सुण्णहरे तरुहिट्ठे। (बो.४१)

सुत्त वि [सुप्त] 1. सोया हुआ, शयित। जो सुत्तो ववहारे। (मो.३१) 2. न [सूत्र] आगम, सिद्धान्त, शास्त्र विशेष। (पंचा१७३, स.६७, प्रव.१४, निय.९४, सू.१, भा.९४) सुत्तं जिणोवदिट्ठं। (प्रव.३४) **-ज्झयण** न [अध्ययन] सूत्र का अध्ययन। (प्रव.चा.२५, प्रव.चा.ज.वृ.२५) सुत्तज्झयणं च पण्णत्तं। (प्रव.चा.२५) **-ठिअ** वि [स्थित] सूत्र में स्थित। सुत्तठिओ जो हु छंडए कम्मं। (सू.१४) **-त्थ** वि [अर्थ] सूत्रार्थ, सूत्र का प्रयोजन। सुत्तत्थं जिणभणियं। (सू.५) **-त्थपद** पुं न [अर्थपद] सिद्धान्त पद, आगम के पद। णिच्छिदसुत्तत्थपदो। (प्रव.चा.६८) **-त्थविसारद** वि [अर्थविशारद] परमागम के अर्थ में प्रवीण, सिद्धान्त में निपुण। सुत्तत्थविसारदा उवासेया। (प्रव.चा.६३) **-मज्झ** न [मध्य] बीच, अन्तराल। अपदेससुत्तमज्झं। (स.१५) **-रोइ** स्त्री [रुचि] आगम की प्रतीति, शास्त्ररुचि। अभिगदबुद्धिस्स सुत्तरोइस्स। (पंचा.१७०) **-संपजुत्त** वि [संप्रयुक्त] आगम से युक्त, शास्त्राभ्यास में तत्पर। संजमतवसुत्तसंपजुत्तो। (प्रव.चा.६४) 3. न [सूत्र] धागा, डोरा, गुण। सुई जहा ससुत्ता। (सू.३)

सुद देखो सुअ (पंचा.४१,स.४,प्रव.३२,निय.१२,बो.२२,शी.१६) केवलिसुदकेवली भणिदं। (निय.१) **-केवलि/केवली** वि [केवलिन्] श्रुतकेवली, द्वादशांगपाठी। (निय.१) **-गुण** पुं न [गुण] श्रुतज्ञानरूपी धागा। सुदगुणवाणा। (बो.२२) **-पारयपउर** वि [पारकप्रचुर] श्रुत के पारगामी। सदुपारयपउराणं। (शी.१७)

सुदिट्ठ वि [सुदृष्टि] अच्छी तरह से देखा गया। (सू.२,बो.४) सुत्तम्मि जं सुदिट्ठं। (सू.२)

सुदि स्त्री [श्रुति] परम्परागत ज्ञान। एरिसी दु सुंदी। (स.३३६)

सुद्ध वि [शुद्ध] पवित्र, निर्दोष, विमल, विशुद्ध, निष्कलङ्क। (पंचा.१६५,स.९०,प्रव.९,निय.४९,द.२८,बो.१७,भा.७७, मो.९३) सुद्धेण तदा सुद्धो। (प्रव.९) **-आदेस** पुं [आदेश] शुद्ध तत्त्व का उपदेश, शुद्ध शिक्षा। सुद्धो सुद्धादेसो। (स.१२) **-उवओग** पुं [उपयोग] शुद्धोपयोग। भणिदो सुद्धोवओगो त्ति। (प्रव.१४) **-चरण** न [चरण] निर्दोष चारित्र। जं चरदि सुद्धचरणं। (बो.१०) **-णअ/णय** पुं [नय] शुद्धनय। (स.११, १४,१४१,निय.४९) भूयत्थो देसिदो दु सुद्धणओ। (स.११) **-तव** पुं न [तपस्] शुद्धतप। संजमसम्मत्तसुतवयरणे। (बो.१) **-त्थ** वि [अर्थ] शुद्धार्थ। रूवत्थं सुद्धत्थं। (बो.५९) **-भाव** पुं [भाव] विशुद्धभाव। सम्मत्तेण सुद्धभावेण। (द.२८) **-संपओग** पुं [संप्रयोग] शुद्ध संप्रयोग,शुद्ध सम्बन्ध।मण्णदि सुद्धसंपओगादो। (पंचा.१६५) **-सम्मत्त** पुं न [सम्यक्त्व] शुद्ध श्रद्धान। (मो.९३, बो.१७) **-सहाव** पुं [स्वभाव] शुद्ध स्वभाव। सुद्धं सुद्धसहावं।

(भा.७७) **-सुद्धि** स्त्री [शुद्धि] शुद्धता,निर्मलता। तिविहसुद्धीएं। (भा.१३५)

सुपास पुं [सुपार्श्व] सातवें तीर्थङ्कर, सुपार्श्वनाथ। (ती.भ.३)

सुभ न [शुभ] शुभ, मङ्गल, कल्याण। **-जोग** पुं [योग] शुभयोग। सुभजोगेण सुभावं। (मो.५४)

सुमइ पुं [सुमति] सुमतिनाथ, पाँचवें तीर्थङ्कर। (ती.भ.३)

सुय 1. देखो सुअ/सुद। 2. पुं [सुत] पुत्र,लड़का। सुयदाराईविसए। (मो.१०)

सुयकेवलि पुं [श्रुतकेवलिन्] श्रुतकेवली, द्वादशाङ्ग का ज्ञाता। (स.९, प्रव.३३) जम्हा **सुयकेवली** तम्हा। (स.१०)

सुयणाण न [श्रुतज्ञान]शास्त्रज्ञान,सिद्धान्तज्ञान,श्रुतज्ञान, ज्ञान का एक भेद। (स.१०, भा.९२) विसुद्धभावेण सुयणाणं। (भा.९२)

सुर पुं [सुर] देव, देवता, अमर। (पंचा.११७,प्रव.१,निय.१७, द.३३, सू.११, भा.१) णरणारयतिरियसुरा। (प्रव. ७२) **-गण** पुं [गण] देवसमूह। (निय.१७) **-गिरि** पुं [गिरि] सुमेरु पर्वत। सुगिरीव णिक्कंपं। (मो.८६) **-च्छरा** स्त्री [अप्सरा] स्वर्गदेवी। सुरच्छरविओयकाले। (भा.१२) **-णिलय** पुं [निलय] स्वर्गलोक, देवों का आवास। सुरणिलयेसु सुरच्छअविओयकाले। (भा.१२) **-धणु** न [धनुष्] इन्द्र धनुष। सुरधणुमिव सस्सयं ण हवे। (द्वा.४) **-लोग/लोय** पुं [लोक] स्वर्गलोक।सो सुरलोगं समादियदि। (पंचा.१७१) **-वर** पुं [वर] सुरेन्द्र,देवेन्द्र। सुरवरजिणगणहराइ सोक्खाइं। (भा.१६०)

सुरअ वि [सुरत] अच्छी तरह से लीन, संलग्न, तत्पर। आदसहावे सुरओ। (मो.१२)

सुरत्तपुत्त पुं [सुरक्तपुत्र] रुद्र, दशपूर्वों का पाठी। तो सो सुरत्तपुत्तो। (शी.३०)

सुलभ वि [सुलभ] सुखपूर्वक प्राप्त, सुप्राप्त। णवरि ण सुलभो विहत्तस्स। (स.४)

सुविदिद वि [सुविदित] अच्छी तरह ज्ञात, जाना हुआ। (प्रव.१४)

सुविहि पुं [सुविधि] सुविधिनाथ, नवम तीर्थङ्कर। (ती.भ.४)

सुव्वय पुं [सुव्रत] सुव्रतनाथ, बीसवें तीर्थङ्कर। (ती.भ.५)

सुसील न [सुशील] उत्तम स्वभाव, श्रेष्ठ आचरण। (स.१४५, प्रव.६९) शुभकर्म सुशील है। सुहकम्मं चावि जाणह सुसीलं। (स.१४५)

सुह न [सुख] 1. सुख, आनन्द, शान्ति। (पंचा.१२५, प्रव.१३, निय.१०५,स.१९४,भा.१३३,चा.४३) सुहं दुक्खं दिंते भुंजंति। (पंचा. ६७) -**कारणट्ठ।** वि [कारणार्थ] सुखकारणार्थ, सुख के कारण भूत। भोयसुहकारणट्ठं (भा.१३३) 2. पुं न [शुभ] शुभ, मङ्गल, कल्याण, नामकर्म का एक भेद। (पंचा.१३२, स.३७५, प्रव.९, निय.१४४, भा.१३५) असुहो सुहो व गंधो। (स.३७७) जिस जीव के मोह, राग, द्वेष, और चित्त की प्रसन्नता रहती है, उसके शुभ परिणाम होता है। (पंचा.१३१) -**उप्पाअ** पुं [उत्पाद] शुभ की उत्पत्ति, शुभ का प्रादुर्भाव। (स.२२४-२२७) विविहे भोए सुहुप्पाए। (स.२२५) -**उवओगप्पग** वि [उपयोगात्मक] शुभ

उपभोग से उत्पन्न होने वाला। **सुहोवओगप्पगेहिं भोगेहिं।** (प्रव.७३) **-उवजुत्त** वि [उपयुक्त] शुभ से सहित, अच्छे परिणामों से युक्त। सुहोवजुत्ता य होंति समयम्मि। (प्रव.चा.४५) **-कम्म** पुं न [कर्मन्] शुभकर्म, अच्छे कर्म। (स.१४५, भा.११८) सुहकम्मं भावसुद्धिमावण्णो। (भा.११८) **-णिमित्त** न [निमित्त] शुभकारण, शुभनिमित्त। कल्लाणसुहणिमित्तं। (भा.१३५) **-धम्म** पुं न [धर्म] शुभ धर्म, ध्यान विशेष। सुहधम्मं जिणवरिंदेहिं। (भा.७६) **-परिणाम** पुं [परिणाम] शुभपरिणाम। सुहपरिणामो पुण्णं। (पंचा.१३२) **-भत्ति** स्त्री [भक्ति] शुभभक्ति, पूजा। अरहंते सुहभत्ती सम्मत्तं। (शी.४०) **-भाव** पुं [भाव] शुभभाव, अच्छे विचार। सुहभावे सो हवेइ अण्णवसो। (नियं.१४४) **-भावणा** स्त्री [भावना] शुभ चिंतन, शुभभावना। सुहभावणारहिओ। (भा.१२)

सुह सक [सुखय्] सुखी करना। कम्मेहिं सुहाविज्जइ। (स.३३२)

सुहड पुं [सुभट] योद्धा, वीर। सुहडो संगाम एहिं सव्वेहिं। (मो.२२)

सुहिद वि [सुखित] सुखी, सुखयुक्त। (स.२५४-२५६, प्रव.७३) सुहिदो दुहिदो य हवदि जो चेदा। (स.३८९)

सुहुम वि [सूक्ष्म] सूक्ष्म, अत्यन्तछोटा, नामकर्म का एक भेद। (पंचा.७६, स.६७, प्रव.ज्ञे.४०, नियं.२१, सू.२४) सुहुमा हवंति खंधा। (नियं.२४)

सूई स्त्री [सूची] सूई, सूचिका। सूई जहा असुत्ता। (सू.३)

सूर वि [शूर] पराक्रमी, **वीर**, शूरवीर। (निय.७४, मो.८९) **सूरस्स** ववसायिणो। (निय.१०५)

सेअ पुं [स्वेद] पसीना, **स्वेद**। सिंहाणखेलसेओ।(बो.३६)

सेड सक [सेट] सफेदी **करना**, पोतना। **जह परदव्वं सेडिदि**। (स.३६२)

सेडिया स्त्री [दि] खडिया, सफेदी, **कलई**, चूना। **जह सेडिया दु ण**। (स.३५६)

सेद 1. देखो सेअ। सेदं खेद मदो। (निय.६) 2. वि [श्वेत] शुक्ल, सफेद। (स.१५७-१५९) वत्थस्स सेदभावो। (स.१५८) -**भाव** पुं [भाव] श्वेतभाव, सफेदरूप। संखस्स सेदभावो। (स.२२०)

सेय न [श्रेयस्] शुभ, कल्याण। (द.१५,१६,भा.७७) सेयासेयं वियाणेदि। (द.१५)

सेव सक [सेव्] सेवा करना, आराधना करना, आश्रय करना, उपभोग करना। (पंचा.१६४, स.१९७, प्रव.चा.२२, भा.१११, लिं.७) विसयत्थं सेवए ण कम्मरयं। (स.२२७) सेवइ/सेवए/सेवदि/सेवदे (व.प्र.ए.स.१९७, २२४, २२७, लिं.७) सेवंति (व.प्र.ब.स.४०९) सेवमाण (व.कृ.प्रव.चा.२२) सेवंत (व.कृ.स.१९७) सेवहि (वि./आ.म.ए.भा.१११) सेविदव्व (वि.कृ.पंचा.१६४)

सेवग वि [सेवक] सेवा कर्त्ता, सेवक, नौकर। असेवमाणो वि सेवगो कोई। (स.१९७)

सेवा स्त्री [सेवा] सेवा, भक्ति, शुश्रूषा। उच्छाहभावणासंपसंस**सेवा**

(चा.१४)

सेस वि [शेष] अवशिष्ट, बाकी, अन्य, समाप्ति, उपसंहार। (पंचा.२२, प्रव.२, निय.३७, स.२४०, सू.१०, द.८) **सेसा मे** बहिरा भावा।(निय.१०२) **-ग** वि[क]अन्य। णेव पडं **णेव सेसगे** दव्वे। (स.१००)

सोक्ख न [सौख्य] सुख, आनन्द। (पंचा.१६३, **स.२०६**, प्रव.१९, भा.१००) सोक्खं वा पुण दुक्खं। (प्रव.२)

सोग पुं [शोक] संताप, दुःख, नोकषाय का एक भेद। जरामरणरोयसोगा य। (निय.४२)

सोच्च न [शौच] शुद्धि, पवित्रता, निर्मलता, धर्म का एक लक्षण। जो उत्तम मुनि आकांक्षा से निवृत्त होकर वैराग्य युक्त रहता है, उसके शौच धर्म होता है। (द्वा.७५)

सोणिय न [शोणित] रुधिर, खून, शोणित। (भा.४२)

सोध सक [शुध्] संशोधन करना, साधना। जे सोधंति चउत्थं। (शी.२९)

सोय देखो सोग। (स.३७५)

सोवण्णिय वि [सौवर्णिक] सुवर्ण से निर्मित, स्वर्ग से बने। सोवण्णियम्हि णियलं। (स.१४६)

सोवाण न [सोपान] सीढ़ी, सोपान, श्रेणी। (द.२१, भा.१४६, शी.२०) सोवाणं पढममोक्खस्स। (भा.१४६)

सोस पुं [शोष] शोषण। सोसउम्मुक्का। (भा.९३)

सोह अक [शोभय्] चमकना, देदीप्यमान होना। जह फणिराओ

सोहइ। (भा.१४४) सोहे (व.प्र.ए.शी.२८)

सोहण वि [शोभन] शोभायुक्त। तिण्हं पि सोहणत्थे। (चा.४)

सोहि स्त्री [शुद्धि/शोधि] शुद्धि, पवित्रता। (स.३०६, चा.२, सू.२६) चारित्तं सोहिकारणं तेसिं। (चा.२) -**कारण** न [कारण] शुद्धि का कारण, शुद्धि का प्रयोजन। (चा.२)

ह

हंत सक [हन्] वध करना, मारना। हंतूण दोसकम्मे। (बो.२९)

हण सक [हन्] वध करना, मारना, काटना। (निय.९२, भा.२३) हणंति चारित्तखग्गेण। (भा.१५८) हणदि (व.प्र.ए.निय.९२) हणंति (व.प्र.ब.भा.१५८)

हत्थ पुं न [हस्त] हाथ, कर। (सू.१८, भा.४) तिलतुसमित्तं ण गिहदि हत्थेसु। (सू.१८)

हद वि [हत] रहित, विनाशित, विहीन। (पंचा.१०४, निय.३१) -**परावर** वि [परापर] पूर्वापर से रहित। हवदि हदपरावरो जीवो (पंचा.१०४) -**संठाण** न [संस्थान] संस्थान से रहित, आकारहीन। हदसठाणपमाणं तु। (निय.३१)

हर सक [हृ] हरण करना, छीनना। आउं ण हरेसि तुमं। (स.२४८)

हरिस पुं [हर्ष] हर्ष, आनन्द। (निय.३९) -**भाव** पुं [भाव] आनन्दभाव। णो हरसिभावठाणा। (निय.३९)

हरिहर पुं [हरिहर] ब्रह्मा। -**तुल्ल** वि [तुल्य] ब्रह्मा के समान। हरिहरतुल्लो वि णरो। (सू.८)

हव अक [भू] 1. होना। (पंचा.८८, ९३,स.११,१९,१००, प्रव.३९,४६, प्रव.ज्ञे.२३, निय.२०) हवइ/हवेइ/हवदि/हवेदि (व.प्र.ए.पंचा.१७,१०४, स.१४१, निय.५,२०,मो.१४) भवदि (व.प्र.ए.मो.८३) हवंति (व.प्र.ब.स.६८) हविज्ज/हवे (वि./आ.म.ए.स.३३,निय.११,१७) हविय (सं.कृ.पंचा.१६९) 2. सक [भू] प्राप्त करना। (पंचा.१३, ८५, ८६)

हस्स न [हास्य] हँसी, नोकषाय का एक भेद। जो दु हस्सं रई। (निय.१३१)

हास पुं [हास] हँसी, हास्य। (निय.६१, चा.३३, भा.६९) पेसुण्णहासमच्छर। (भा.६९)

हि अ [हि] क्योंकि, ही, भी, जो, कुछ भी, कि, परन्तु, इसप्रकार, ऐसा, वही, निश्चय से, तथापि, पादपूर्ति अव्यय। (पंचा.२७, ४५,स.९,१८१,२६७,प्रव.७४,प्रव.ज्ञे.७,१४,४२,६१,बो.२७, भा.१७,८३) णामे ठवणे हि य। (बो.२७) जीवा वज्झंति कम्मणा जदि हि। (स.२६७)

हिअ/हिद न [हित] मङ्गल, कल्याण, शुभ। (पंचा.१२२, १२५,द.२९) कुव्वदि हिदमहिदं। (पंचा.१२२) **-परियम्म** पुं न [परिकर्म] हित की प्रवृत्ति, हित के कारण कलाप। हिदपरियम्मं च अहिदभीरुत्तं। (पंचा.१२५)

हिंड सक [हिण्ड्] भ्रमण करना, घूमना, चक्कर लगाना, भटकना। (प्रव.७७, मो.६७, शी.७, लिं.७) हिंडदि घोरमपारं। (प्रव.७७)

हिंस सक [हिंस्] हिंसा करना, पीड़ा पहुँचाना। हिंसिज्जामि य

परेहिं सत्तेहिं। (स.२४७)

हिंसा स्त्री [हिंसा] वध, घात, पीड़ा। (प्रव.चा.१६, १७, निय.७०, चा.३०, मो.९०) सोने, बैठने, खड़े होने तथा बिहार आदि क्रियाओं में साधु की प्रयत्नरहित—स्वच्छन्द प्रवृत्ति, निरंतर चलने वाली हिंसा ही है। (प्रव.चा.१६) दूसरा जीव मरे या न मरे परन्तु अयत्नाचार पूर्वक प्रवृत्ति करने वाले के हिंसा निश्चित है। मरदु व जीवदु व जीवो अयदाचारस्स णिच्छिदा हिंसा। (प्रव.चा.१७) **-मेत्त** पुं [मात्र] हिंसामात्र। बंधो हिंसामेत्तेण समिदीसु। (प्रव.चा.१७) **-विरइ** वि [विरति] हिंसा से विरति।हिंसाविरइ अहिंसा। (चा.३०) **-रहिअ** वि [रहित] हिंसा रहित।हिंसारहिए धम्मे। (मो.९०)

हिम न [हिम] तुषार, बर्फ। हिमजलणसलिल। (भा.२६)

हियअ न [हृदय] अन्तःकरण, मन, हृदय। (पंचा.१६७, द.७) णिच्चं हियए पवट्टए जस्स। (द.७)

हिरण्ण न [हिरण्य] सुवर्ण, सोना। हिरण्णसयणासणाइ छत्ताइं। (बो.४५)

हीण वि [हीन] कम, अपूर्ण, थोड़ा, रहित। (स.३४२, प्रव.२४, निय.१४८, भा.१५) हीणो जदि सो आदा। (प्रव.२५) **-देव** पुं [देव] नीच देव, निम्न देव। होऊण हीणदेवो। (भा.१५)

हु अ [हु/खलु] इस प्रकार, ऐसा, निश्चय, कि, इसलिए, भी, क्योंकि, और, ही, पादपूर्ति अव्यय। (पंचा३०, स.२८, २४४, २७३, निय.२०, मो.७३, ७६) जं परदव्वं सेडिदि हु। (स.२६१)

हु देखो हव। (स.५७,बो.२९, चा.४१,भा.९३) हुंति (व.प्र.ब.स.८६,३१७) हुअ (वि./आ.प्र.ए.बो.२९) हुअ णाणमये च अरहंते। (बो.२९)

हूअ वि [भूत] उत्पन्न हुआ। सद्दवियारो हूओ। (बो.६०)

हेअ सक [हा+यत्] छोड़ना, त्यागना। परभिंतरबाहिरो दु हेऊणं। (मो.४)

हेउ पुं [हितु] कारण, निमित्त, प्रयोजन। (स.१९१, निय.२५) तेंसि हेऊ भणिदा। (स.१९०)

हेट्ठ स्त्री [अधस्] नीचे,निम्न। णिरया हवंति हेट्ठा।(द्वा.४०)

हेदु देखो हेउ। (पंचा.१५०, स.१७७) तइया दु होदि हेदू। (स.१३६) **-भूद** वि [भूत] निमित्तभूत, कारणभूत। एदेसु हेदुभूदेसु। (स.१३५)

हेम न [हेम] स्वर्ण, सोना। हेमं हवेइ जह तह य। (मो.२४)

हेय वि [हेय] छोड़ने योग्य, त्याज्य। (निय.५०,सू.५) हेयोवादेयतच्चाणं। (निय.५२)

हो देखे हव। (पंचा.१२८, स.१०२, १२६, प्रव.१८,३१, निय.२,३१, भा.१५,१६, मो.४९,शी.१०,सू.९, द.१२, चा.१३,बो.१०) सा होइ वंदणीया। (बो.१०) होइ/होदि (व.प्र.ए.बो.१०,स.९४,२११) होंति (व.प्र.ब.स.१३१,प्रव.३८) होमि (व.उ.ए.स.२०,निय.८१) होहदि/होहिदि (भवि.प्र.ए.स.२१ शी.११) होस्सामि (भवि.उ.ए.स.२१) होही

(भू.स.४१५) होहि/होह (वि./आ.म.ए./ब.भा.१२६,स.२०६) होज्ज (व.उ.ए.स.९९, पंचा.६९) होऊण/होदूण (सं.कृ.भा.१५,१६, मो.४९,शी.१०)

नाम—डॉ० उदय चन्द जैन

पिता—श्री सुन्दर लाल जैन, जन्म सन् 1947 अप्रैल

ग्राम—बम्हौरी **जिला**—छतरपुर (म० प्र०)

शैक्षणिक योग्यता—एम० ए० हिन्दी, पाली-प्राकृत, जैन दर्शनाचार्य, शास्त्राचार्य (गोल्ड मेडल) सिद्धान्ताचार्य।

कार्यक्षेत्र—प्राकृत व्याकरण, अपभ्रंश व्याकरण

प्रकाशित पुस्तकें—(i) हेम प्राकृत व्याकरण खण्ड-1
(ii) शौर सेनी प्राकृत व्याकरण

लेख—लगभग 110 जैन दर्शन, सिद्धान्त आदि। इनके अतिरिक्त प्राकृत ग्रंथो की सामग्री तथा अन्य साहित्यिक कृतियाँ प्रकाशनार्थ तैयार हैं और साहित्य सृजन में सतत् रूप से प्रयत्नशील हैं।